तस्माच्छुष्कमथार्द्रं वा भक्षयेद्दन्तधावनम् ॥ ल० हा० स्मृ० ४।५

करंजं खादिरं वापि कदम्बं कुरबं तथा ।
सप्तपर्णंपृश्निपर्णीजम्बूं निम्बंतथैव च ॥६॥
अपामार्गं च बिल्वंचार्कंचोदुंबरमेव च ।
एते प्रशस्ताः कथिता दन्तधावनकर्मणि ॥७॥
दंतकाष्ठस्य भक्ष्यस्य समासेन प्रकीर्तितः ।
सर्वे कंटकिनः पुण्याः क्षीरिणश्च यशस्विनः ॥८॥
अष्टांगुलेन मानेन दन्तकाष्ठमिहोच्यते ।
प्रादेशमात्रमथवा तेन दन्तान्विशोधयेत् ॥९॥
प्रतिपत्पर्वषष्ठीषु नवम्यांचैव सत्तमाः ।
दंतानांकाष्ठसंयोगाद्दहत्यासप्तमं कुलम् ॥१०॥
अभावे दन्तकाष्ठानां प्रतिषिद्धदिनेषु च ।
अपां द्वादशगंडूषैर्मुखशुद्धिं समाचरेत् ॥११॥

हारीत स्मृति के चौथे अध्याय में लिखा है कि मुखके पर्युषित रहने से मनुष्य अपवित्र रहता है इस कारण सूखा या गीला दातुन करे ॥५॥

करंज या खैर, कदम्ब, मौलेसरी, सप्तपर्ण, पृश्निपर्णी, जामुन और

नीम ।।६।। चिचिड़ा, बेल, अकवन और गूलर इतने वृक्ष दंतधावन के लिये उत्तम कहे हैं ।।७।। और भी भक्षण करने योग्य दातुन के काठ को संक्षेप से कहा है कि काँटेवाले और दुग्धवाले वृक्ष के दातुन करने से पुण्य और यश की वृद्धि होती है ।।८।। दातुन का प्रमाण आठ अंगुल है अथवा अंगूठे से तर्जनी तक प्रमाण है इससे दाँतों को शुद्ध करे ।।९।। ऐ सज्जनों! परिवा, आमावस्या, छठ और नौमी तिथि में जो दातुन करता है उसके सात कुल दग्ध हो जाते हैं ।।१०।। दातुन न मिलने पर और निषिद्ध दिनमें केवल जल से बाहर कुल्ला करके मुख शुद्ध करे ।।११।।

द्वादशांगुलकं विप्रैः काष्ठमाहुर्मनीषिणः ।
क्षत्रविट्शूद्रजातीनां नवषट्चतुरंगुलम् ।। वि० स्मृ०

ब्राह्मण के लिये बारह अंगुल का दातुन और क्षत्रिय के लिये नव अंगुल का वैश्य के लिये छव अंगुल का और शुद्र के लिये चार अंगुल का दातुन शास्त्र में कहा है ।

"ओम् अन्नाद्याय व्युहध्वं सोमो राजाऽयमागमत् ।
स मे मुखं प्रमार्क्ष्यते यशसा च भगेन च ।।
आयुर्बलं यशोवर्चः प्रजाः पशु वसूनि च ।
ब्रह्मप्रज्ञां च मेधां च त्वंनोदेहि वनस्पते ।।"
इत्युभाभ्यां मंत्राभ्यांदन्तधावनं कुर्य्यात् ।

"ओम् अन्नाद्याय ०" इस मंत्र से और "आयुर्बलम्०" इस मंत्र से दातुन करे ।

सत्वचं दन्तकाष्ठं स्यात्तदग्रेणप्रधावयेत् ।।
प्राङ्मुखश्चोपविष्टस्तुभक्षयेद्वाग्यतोनरः ।।
प्रक्षाल्य च शुचौदेशेदन्तधावन मुत्सृजेत् ।
प्रक्षाल्यभक्षयेत्पूर्वं प्रक्षाल्यैव च संत्यजेत् ।। यति धर्म सं० ५६

मौन होकर मनुष्य त्वचा सहित दातुन के अग्र से दाँत पूर्व मुख करके धोवे। पहले धोकर दातुन करे फिर अन्त में भी धोकर पवित्र स्थान पर दातुन को फेंक दे।

मध्याह्नस्नानबेलायां यो भक्षेद्दन्तधावनम्।
निराशास्तस्यगच्छन्ति देवताः पितृभिः सह ॥ यम स्मृ०

जो मध्याह्न स्नान समय में दातुन करता है उसके देवता सब पितरों के साथ निराश होकर चले जाते हैं।

इष्टकालोष्टपाषाणैर्नखैरंगुलिभिस्तथा।
मुक्त्वाचानामिकांगुष्ठौ वर्जयेद्दन्तधावनम् ॥ बृद्ध याज्ञ०

बृद्ध याज्ञवल्क्य ने कहा है कि ईंट, लोहा पत्थर, अनामिका और अंगुष्ठा को बराकर अंगुलियों से नखों से दन्त धावन करे।

ततः—त्रिसंध्यादौस्नानमाचरेत् ॥ अरुणिकोपनि० २

इसके बाद त्रिकाल स्नान करे आरुणी के द्वितीय खण्ड में लिखा है।

प्रातर्मध्याह्नयोः स्नानं वाणप्रस्थगृहस्थयोः।
भिक्षूणां तु त्रिषवणमेकं तु ब्रह्मचारिणाम् ॥ व्यास स्मृ०
चतस्त्रोघटिकाप्रातररुणोदयउच्यते।
यतीनां स्नानकालोऽयंगङ्गाम्बुसदृशः स्मृतः ॥
उषस्युषसियत्स्नानं संध्यायामुदितेरवौ।
प्राजापत्येन तत्तुल्यं सर्वपापप्रणाशनम् ॥ व्यासस्मृ०

व्यास स्मृति में लिखा है कि वाणप्रस्थ और गृहस्थ प्रातः मध्याह्न काल में स्नान करे और सन्यासी त्रिकाल स्नान करे और ब्रह्मचारी एकबार स्नान करे। चारघड़ी सबेरे अरुणोदयकाल है वही संन्यासियो के स्नान का समय गंगा जल के समान कहा गया है। प्रातः उषाकाल में और सायंकाल सूर्य के रहते हुए जो स्नान किया जाता है वह प्राजापत्य व्रत के तुल्य सब पापों को नाश कर देता है॥

नदीषु देवखातेषु तडागेषु सरःसु च ।
स्नानं समाचरेन्नित्यं गर्त्तप्रस्रवणेषु च ॥ मनु ४।२०३

नदी में, देवताओं के नाम से प्रसिद्ध तालाबों में, पोखरों में, झरनों में नित्य स्नान करे ॥२०३॥

नद्यां तु विद्यमानायां न स्नायादन्यवारिणि ।
न स्नायादल्पतोयेषु विद्यमाने बहूदके ॥ ल० हा० स्मृ० ४।२५
सरिद्वरं नदीस्नानं प्रतिस्रोतः स्थितश्चरेत् ।
तडागादिषु तोयेषु स्नायाच्च तदभावतः ॥२६॥

नदी के होते हुए अन्य जल में स्नान न करे अधिक जल के रहते हुए थोड़ा जल वाले में स्नान न करे ॥२५॥ नदियों में श्रेष्ठ गंगादिकों में प्रवाह के सम्मुख स्थित होकर स्नान करे नदी के न होने पर तालाबादि के जल में स्नान करे ॥२६॥

शुचिदेशे समभ्युक्ष्य स्थापयेत् सकलाम्बरम् ।
मृत्तोयेन स्वकं देहं लिम्पेत्प्रक्षाल्य यत्नतः ॥ हा० स्मृ० ४।२७
सोऽन्तर्जलं प्रविश्याथ वाग्यतो नियमेन हि ।
हरिं संस्मृत्य मनसा मज्जयेच्चोरुमज्जले ॥२८॥

शुद्ध देश में जल को छिड़क कर सम्पूर्ण वस्त्रों को रख दे, पीछे यत्न पूर्वक अपनी देह में मिट्टी जल लगा कर प्रक्षालन करे ॥२७॥ वह जलके भीतर पैठ कर मौन होकर नियम सहित नारायण को स्मरण कर के जंघा भर जल में स्नान करे ॥२८॥

चक्षूरोगी शिरोरोगी कण्ठरोगी कफाधिकः ।
कण्ठस्नानं प्रकुर्वीत शिरः स्नानफलं लभेत् ॥ बृहत्पारा०
स्नानेऽप्यशक्तः स्नायीत नित्यमुष्णेनवारिणा ।
तैलाभ्यांगोनदुष्येत अक्षिणांवातरोगिणाम् ॥

बृहत्पाराशर स्मृति में लिखा है कि नेत्र के रोग वाले, शिरके रोग वाले, कण्ठ के रोग वाले और अधिक कफ वाले, गला तक स्नान करे शिर से स्नान करने का फल प्राप्त होता है। ठंढाजल से स्नान करने की शक्ति न हो तो नित्य गरम जल से स्नान करे और वात रोगी और व्रणी हो तो तेल लगा कर स्नान करे क्योंकि उसको तैलाभ्यङ्ग का दोष नहीं लगता है ॥

स्नानानि पंच पुण्यानि कीर्तितानि मनीषिभिः ।
आग्नेयं वारुणं ब्राह्मं वायव्यं दिव्यमेव च ॥ परा० स्मृ० १२।६
आग्नेयं भस्मना स्नानमवगाह्य तु वारुणम् ।
आपोहिष्ठेति च ब्राह्मं वायव्यं गोरजः स्मृतम् ॥ श्लो० १० ॥
यत्तु सातपवर्षेण स्नानं तद्दिव्यमुच्यते ।
तत्र स्नात्वा तु गंगायां स्नातो भवति मानवः ॥११॥

पाराशरस्मृति के बारहवें अध्याय में लिखा है कि बुद्धिमानों ने पांच स्नानों को पवित्र कहा है, आग्नेय, वारुण, ब्राह्म, वायव्य और दिव्य ॥६॥ जो भस्म से मार्जन किया जाता है वह आग्नेय स्नान कहाता है, जल से जो स्नान किया जाता है वह बारुण कहलाता है। आपोहिष्ठा इस मंत्र से जो स्नान किया जाता है उसे ब्राह्म कहते हैं और जो गौ के रज से स्नान किया जाता है उसको वायव्य स्नान कहते हैं ॥१०॥ धूपके निकलने पर भी जो वर्षा होती हो उन मेघों के बूंदी से जो स्नान किया जाता है उसको दिव्य स्नान कहते हैं इस दिव्य स्नान से मनुष्य गंगा स्नान के फल को पाता है ॥११॥

प्रातः स्नाने त्वशक्तश्चेत्कापिलं स्नानमाचरेत् ।
तत्राप्यसामर्थ्ययुक्ते मंत्रस्नानं विधीयते ॥
नाभेरधः प्रविश्याप्सु कटिं प्रक्षाल्य मृज्जलैः ।
जलार्द्रकर्पटेनाङ्गशोधनंकापिलंस्मृतम् ॥
सायं प्रातरसामर्थ्ये सायमेवाथवापुनः ।
परिवर्त्य च कौपीनं मंत्रस्नानं विधीयते ॥ कपिलस्मृ० ।

प्रात.काल के स्नान करने में जो असमर्थ हो वह कापिल स्नान करे और उसमें भी असमर्थ होने पर मंत्र स्नान करे। नाभि भर जल में पैठ कर मिट्टी और जल से कटि को प्रक्षालन कर के जल से भींगा वस्त्र करके देह को पोंछे इसे कापिल स्नान कहते हैं अथवा सबेरे या सायंकाल में स्नान करने की समर्थ न होवे तो कौपीन को बदल कर मंत्रस्नान करे यह कपिल का वाक्य है।

उत्थायापररात्रे तु विण्मूत्रे विधिनोत्सृजेत्।
ततो जलाशयं गत्वा गुरूञ्ज्येष्ठान्प्रणम्य च ॥
तेषामधःप्रदेशे तु शुचौ देशे कमण्डलुम्।
संस्थाप्यवामवस्त्रं च कृत्वा विष्णुं स्मरेज्जले ॥
ततो दण्डस्य मूलेन तथाग्रेणास्पृशेज्जलम्।
तथा संस्थापयेद्दण्डमूर्ध्वाग्रं जलमध्यतः ॥
अथवा शुचिवस्त्रादौस्थापयेत्प्रागुदङ्मुखम्।
ततो मृदं समानीय यथोक्तां शुचिदेशतः ॥
प्रक्षाल्य तीरे संस्थाप्य कुर्याद्भागत्रयं ततः।
तत एकेन भागेन पादशौचं समाचरेत् ॥
आचम्यान्येनभागेन कटिशौचं समाचरेत्।
आचम्य विधिना पश्चात्प्राणायामत्रयं चरेत् ॥
ततस्तु क्षालयेत्सम्यङ् मृज्जलाभ्यां कमण्डलुम्।
गंगायां तन्मुखोऽन्यत्र सूर्यदेवादिसंमुखः ॥
यस्य प्रसादादित्यादिमंत्रेणात्रिर्नमेद्गुरुम्।
प्रणवेनाप आलोड्य कुर्यात्षड्वार मज्जनम् ॥
द्विराचम्य त्रिराचम्य प्राणान्पश्चाद्यथाविधि।
न्यासं कृत्वा मूलमंत्रं जपेदष्टोत्तरंशतम् ॥

अथवापि यथाशक्ति ततो ब्रह्मानुचिन्तयेत् ।
नाम्नां तु केशवादीनामेकैकं नाम संस्मरेत् ॥
उक्त्वा द्वादशवारं तु शिरोवदनबाहुषु ।
हृदये च निषिञ्चेत्तु त्रिस्त्रिः शंखाख्यमुद्रया ॥
तत आचम्य विधिवत्प्राणायामान्षडाचरेत् ।
अज्ञानकृतहिंसादिप्रत्यवायनिवृत्तये ॥
अष्टोत्तरशतंवापि सहस्रं वाष्टसंयुतम् ।
द्वयमंत्रं जपेत्पश्चात्प्राणायामत्रयं चरेत् ॥
शोषणायाङ्गवस्त्रादि पसार्य च शुचिस्थले ।
प्रागग्रमुदग्रं वा दण्डं नभसि धारयेत् ॥

थोड़ी सी रात्रि रहने पर उठकर मल मूत्र परित्याग करके इसके बाद गुरुजनों को साष्टाङ्ग करके जलाशय को तरफ जाकर उसके नीचे शुद्धस्थान में वस्त्र और कमंडलु को रख कर जल में नारायण का स्मरण करे इसके बाद दण्ड के आदि अन्त से जल को छुदे और जल के भीतर रख दे जिसमें कि बहने न पावे अथवा पवित्र वस्त्र में लपेट कर पूरब या उत्तर मुख के रख दे इसके बाद पवित्र देश से मिट्टी लाकर भिंगा के किनारे पर रख कर तीन भाग करे ततः एक भाग से पैर को शुद्ध करे और आचमन करके दूसरे भाग से कटिको शुद्ध करे इसके बाद आचमन करके तीन प्राणायाम करे तथ मिट्टी और जल से कमण्डलु को धोवे इसके बाद नदियों में प्रवाह की तरफ और अन्यत्र सूर्य की तरफ मुख करके और गुरु का ध्यान करके प्रणव से जल आलोडन करके ६ बार गोता लगावे। इससे बाद तीन बार आचमन और प्राणायाम करके अङ्गन्यास पूर्वक एक सौ आठ बार मूल मंत्र जपे अथवा यथा शक्ति नारायण का ध्यान करे और केशवायनमः, नारायणायनमः, माधवायनमः, गोविन्दायनमः, विष्णवेनमः, मधुसूदनायनमः, त्रिविक्रमायनमः, वामनायनमः, श्रीधरायनमः, हृषीकेशायनमः, पद्मनाभायनमः, दामोदरायनमः, इस नामों को

स्मरण करके अपने को अभिषिञ्चन करे इसके बाद अज्ञानकृत हिंसा की प्रत्यवाय निवृत्ति के लिये आचमन करके छव प्राणायाम करे और एक सौ आठ या एक हजार आठ बार द्रुयमंत्र का जप कर तीन प्राणायाम को करे और पवित्र जगह वस्त्र डालकर पूरब या उत्तर मुख दंड को ऊपर रख दे।

दक्षिणं तु करं कृत्वा गोकर्णाकृतिवत्पुनः ।
त्रिः पिवेदीक्षितं तोयमास्यं द्विः परिमार्जयेत् ॥ ल० हा० स्मृ० ४।३६
पादौ शिरस्ततोऽभ्युक्ष्य त्रिभिरास्यमुपस्पृशेत् ।
अंगुष्ठानामिकाभ्यां च चक्षुषी समुपस्पृशेत् ॥३७॥
तथैव पंचभिर्मूर्ध्नि स्पृशेदेवं समाहितः ।
अनेन विधिनाचामेद् ब्राह्मणः शुद्धमानसः ॥३८॥

हरीतस्मृति के चौथे अध्याय में लिखा है कि स्नानान्त में दाहिने हाथ को गौ के कान के समान बनाकर और जल को देख कर तीन बार पीवे, फिर दो बार अंगूठे से मुख मार्जन करे ॥३६॥ फिर पैर और शिर पर जल छिड़क कर बीच की तीन अंगुलियों से मुख को स्पर्श करे, अंगूठा और अनामिका से दोनों नेत्रों को स्पर्श करे ॥३७ इस प्रकार विधि सहित सावधान होकर पांचों अंगुलियों से मस्तक को स्पर्श करे शुद्ध मन वाला ब्राह्मण इस विधि से स्नान करे ॥३८॥

प्रक्षाल्य हस्तौ पादौ च त्रिः पिवेदम्बु वीक्षितम् ।
संवृत्यांगुष्ठमूलेन द्विः प्रमृज्यात्ततोमुखम् ॥ दक्ष० स्मृ० २।१४

दोनों हाथ और दोनों पैरों को धोकर तीन बार जल को देख कर पिवे फिर अंगूठा के मूल से दोबारा मुख को पोंछे ॥३६॥

अन्तर्जानुः शुचौ देशे प्राङ्मुखः सुसमाहितः ।
उदङ्मुखो वा प्रयतो दिशश्चानवलोकयन् ॥ शंख स्मृ० १०।५
अद्भिः समुद्धृ ताभिस्तु हीनाभिः फेनवुद्वुदैः ।

वह्निना चाप्यतप्ताभिरक्षाराद्भिरुपस्पृशेत् ॥६॥
तर्जन्यङ्गुष्ठयोगेन स्पृशेन्नासापुटद्वयम् ।
अंगुष्टमध्यं योगेन स्पृशेन्नेत्रद्वयं ततः ॥७॥
अंगुष्ठानामिकायोगे श्रवणौ समुपस्पृशेत् ।
कनिष्ठांगुष्ठयोगेन स्पृशेत्स्कंधद्वयं ततः ॥८॥
सर्वासामेव योगेन नाभिं च हृदयं तथा ।
संस्पृशेच्च तथा मूर्ध्नि एष आचमने विधिः ॥९॥

शंखस्मृति के दशम अध्याय में लिखा है कि पूरब या उत्तर की ओर को मुख करके पवित्र स्थान पर घुटनोंके भीतर हाथ करके दिशाओं को न देखता हुआ आचमन करे ॥५॥ गाज और बुल्ला से रहित पवित्र जल से आचमन करे वह आचमन का जल गरम और खारा न हो ॥६॥ अंगूठा और तर्जनी इन दोनों से नासिका के दोनों छिद्रों को स्पर्श करे बीच की अंगुली और अंगूठे से दोनों नेत्रों को छुवे ॥७॥ अंगूठा और अनामिका से दोनों को छुवे कनिष्ठा और अंगूठे के योग से दोनों कन्धों को स्पर्श करे ॥८॥ फिर पाँचों अंगुलियों के योगसे नाभि हृदय और मस्तक स्पर्श करे यह आचमन करने की विधि है। ९॥

बिना यज्ञोपवीतेन तथा मुक्तशिखोद्विजः ।
अप्रक्षालितपादस्तु आचान्तोऽप्यशुचिर्भवेत् ॥ शंख स्मृ० १०।१४
बहिर्जानुरुपस्पृश्य एकहस्तार्पितैर्जलैः ।
सोपानत्कस्तथा तिष्ठन्नैव शुद्धिमवाप्नुयात् ॥१५॥

शंखस्मृति के दशवें अध्याय में लिखा है कि बिना जनेऊ पहने बिना चोटी में गांठ लगाये और बिना पैर धोये मनुष्य आचमन कर लेने पर भी अशुद्ध रहता है ॥१४॥ दोनों घुटनों से बाहर हाथ रख कर और एक हाथ से दिये हुए जल से जूता पहने हुए और खड़ा होकर जो आचमन करता है वह अशुद्ध रहता है ॥१५॥

ब्राह्मेण विप्रस्तीर्थेन नित्यकालमुपस्पृशेत् ।

कायत्रैदशिकाभ्यां वा न पित्र्येण कदाचन ॥ मनु० २।५८

अंगुष्ठमूलस्य तले ब्राह्मं तीर्थं प्रचक्षते ।

कायमंगुलिमूलेऽग्रे दैवं पित्र्यं तयोरधः ॥५९॥

त्रिराचामेदपः पूर्वं द्विः प्रमृज्यात्ततो मुखम् ।

खानि चैव स्पृशेदद्भिरात्मानं शिर एव च ॥६०॥

अनुष्णाभिरफेनाभिरद्भिस्तीर्थेन धर्मवित् ।

शौचेप्सुः सर्वदाचामेदेकान्ते प्रागुदङ्मुखः ॥६१॥

हृद्गाभिः पूयते विप्रः कण्ठगाभिस्तु भूमिपः ।

वैश्योऽद्भिः प्राशिताभिस्तु शूद्रः स्पृष्टाभिरंततः ॥६२॥

मनुस्मृति के द्वितीय अध्याय में लिखा है कि ब्राह्मण सदा ब्राह्मतीर्थ से आचमन करे अथवा काय या त्रैदशिक तीर्थ से करे पित्र्य तीर्थ से कभी आचमन न करे ॥५८॥ अंगुष्ठ मूल के नीचे ब्राह्मतीर्थ और कनिष्ठा अंगुली के मूल में कायतीर्थ और अंगुलियों के अग्र में दैवतीर्थ और अंगुष्ठ प्रदेशिनी के मध्य में पित्र्यतीर्थ कहते हैं ॥५९॥ पहले तीन आचमन करके दो वार अंगूठे के मूल से मुखको धोवे और जल से समस्त इन्द्रियों को और अपने हृदय शिरको छुवे ॥६०॥ धर्मज्ञ पुरुष गरम न किये फैन रहित जल से ब्राह्म आदि तीर्थों करके शौच की इच्छा से शुद्ध देश में पूर्वाभि मुख या उत्तराभि मुख बैठकर सदा आचमन करे ॥६१॥ ब्राह्मण हृदय में आचमन का जल जाने से पवीत्र होता है और क्षत्रिय कंठ में जाने से और वैश्य मुख में जाने से और शुद्ध स्पर्श करने से पवित्र होता है ॥६२॥

न वर्णगंधरसदुष्टाभिर्याश्चस्युभागमाः । न मुख्याविप्रुष उच्छिष्टं कुर्वन्ति अनंगश्लिष्टाः । सुप्त्वा भुक्त्वा पीत्वा स्नात्वा चाचांतः पुनराचामेत् । वासश्चपरिधायओष्ठौ संस्पृश्य यत्रालोमको न श्मश्रुगतौ

लेपोदंतवद्दन्तसक्तेषु यच्चान्तर्मुखेभवेत्। आचांतस्यावशिष्टं स्यान्निगिरन्नेव तच्छुचिः। परानथाचामयतः पादौ वा विप्रुषोगताः। भूम्यां तास्तु समाः प्रोक्ताभिर्नोच्छिष्टभाग्भवेत्। प्रचन्नभ्यवहार्येषु उच्छिष्टं यदि संस्पृशेत्। भूमौ निक्षिप्य तद्द्रव्यमाचान्तः प्रचरेत्पुनः। यद्यन्मीमांस्यंस्यात्तत्तदद्भिः संस्पृशेत् ॥ वलिष्ठ स्मृ० अ० ३

वलिष्ठस्मृति के तृतीय अध्याय में लिखा है कि जो जल वर्ण गन्ध, रस, आदि से दुष्ट हो और अशुद्ध मार्ग से आया हो उससे आचमन न करे। जो मुख की बुन्द अंगस्पर्श न करे तो वह उच्छिष्ट नहीं करती। आचमन के उपरान्त शयन भोजन और जलपान स्नान करे फिर आचमन करे। वस्त्रों को पहन कर आचमन करे। ओठ का स्पर्श करके रोमों के विना श्मश्रु का लेप शुद्ध नहीं है दांतों में लगी हुई वस्तु है वह दांत के समान है। जो मुख के भीतर जल रह जाय तो उसको देने से मुख शुद्ध हो जाता है, और जो दूसरों को आचमन करते समय में जल की बूंद पैरों पर गिर जाय तो वह पृथ्वी के समान है उनसे अशुद्ध नहीं होता है। भोजन स्थान में परोसते समय यदि उच्छिष्ट का स्पर्श हो जाय तो हाथ के द्रव्य को पृथ्वी पर रख कर आचमन करे फिर जिस २ में अपवित्रता की शंका हो उसमें जल का छींटा दे।

पाद प्रक्षालनशिष्टेननाचामेद्यद्याचामेद्भूमौस्रावयित्वावाचामेत् ॥
॥ वौधायन स्मृ० ॥

पैर धोए हुए जल से आचमन न करे यदि करे तो पृथ्वी में गिरा कर।

अपः परनखस्पृष्टा यद्याचामति वै द्विजः।
सुरां पिवति वा रक्तं यमस्य वचनं तथा ॥ यमस्मृ०

उद्धृत्य वामहस्तेन यः पिवेद्ब्राह्मणो जलम्।
सुरापानेन तत्तुल्यं मनुः स्वायम्भुवोऽब्रवीत् ॥

अलावुदारुपर्णेन नारिकेलैः कपित्थकैः।
तृणकाष्ठजलाधारैरन्यान्तरितमृन्मयैः ॥

दूसरे के नख से छुवाए हुए जलको ब्राह्मण पीता है तो मद्य या रक्त पान करता है ऐसा यम का वाक्य है। जो ब्राह्मण वाम हाथ से उम्किल कर जल पीता है वह मद्यपान के समान है यह मनुने कहा है। तितलौकी, काठ, पत्ता, नारियल, कौंयित, मिट्टी या तृण इत्यादि के जलाधार से आचमन करे।

दन्तलग्ने फले मूले अप्सु प्राणाहुतिषु च।
स्नेहे सोमे चेक्षुदण्डे नैवोच्छिष्टो भवेद्द्विजः ॥ शातातप स्मृ०

दांत में फल, मूल, जल, प्राणाहुति, स्नेह सोमलता और ऊख का दण्ड लगे रहने पर भी मुख अशुद्ध नहीं होता है।

पितृमंत्रोच्चारणे रौद्र आत्मालम्भेऽधमेक्षणे।
अधोवायुसमुत्सर्गे आक्रन्दे क्रोधसंभवे ॥ बृह० स्मृ०
मार्जारमूषकस्पर्शे प्रहासेऽनृतभाषणे।
निमित्तेषु च सर्वेषु दक्षिणं श्रवणं स्पृशेत् ॥
क्षुते निष्ठीवने चैव दन्तोच्छिष्टे तथानृते।
पतितानां च संभाषे दक्षिणं श्रवणं स्पृशेत् ॥

बृहस्पति स्मृति में लिखा है कि पितृ मंत्रोच्चारण और रौद्र आत्मालम्भ और नीचे के देखने पर, अधोवायु त्याग करने पर, रोने पर, क्रोध होने पर, बिलार और मूस को छूने पर हंसने पर, और असत्य भाषण करने पर दाहिना कान छुवे और क्षुधा में थुकने पर, दन्तोच्छिष्ट रहने पर, असत्य भाषण करने पर और पतितों से बात करने पर भी आचमन के स्थान में दक्षिण कर्ण स्पर्श करे।

आचमनानन्तरं प्रणवेन प्राणायाममाचरेत्तदुक्तञ्च—

आचमन के बाद प्रणव से प्राणायाम करे यह कहा भी है।

प्रणवे नैव कुर्याच्च प्राणायामान्यतिमुहुः।
सर्वेषामपि पापानां संघाते समुपस्थिते ॥ वसिष्ठ स्मृ०

पूरकं पूरणं वायोः कुम्भकः स्थापनं हृदि ।
बहिर्निःसारणं तस्य रेचकः परिकीर्तितः ॥
अभ्यसेद्दशसाहस्रं प्रणवं शोधनं हि तत् ।
रेचकं वाममार्गेण पूरकं दक्षिणे तथा ॥
कुम्भकं तु तयोर्हीनं मध्यमं हृदि तिष्ठति ।
निरोधाज्जायते वायुर्वायोरग्निर्हि जायते ॥
ताभ्यामापोऽभिजायन्ते ततोन्तः शुध्यते त्रिभिः ॥

समस्त पापों के संघात उपस्थित होने पर भी बारंबार संन्यासी प्रणवसे प्राणायाम को करे। हृदय में वायु को पूरण करना इसको पूरक कहते हैं और वायु के चढ़ जाने पर वहाँ ही रोक देना इसको कुम्भक कहते हैं और रोके हुए वायु को बाहर निकालना इसको रेचक कहते हैं प्रणव से शोधन करता हुआ दश हजार का अभ्यास करे रेचक वाम नाक से करे और पूरक दक्षिण नाक के मार्ग से करे और कुम्भक में घट के सदृश वायु को रोके रहे क्योंकि वायु के रोकने से वायु ठीक रहता है और उस वायुसे अग्नि उत्पन्न होती है और अग्नि से जल होता है पवन के सम्बन्ध से इसके बाद इन तीनों से अन्तःकरण शुद्ध होता है यह वशिष्ठ स्मृति में लिखा है।

यावत्यः पूरके मात्रा द्विगुणा कुम्भकेषु च ।
रेचके चातुर्गुण्यं च प्राणायामोऽयमुच्यते ॥
पूरकं दक्षिणे नासे रेचकं वाम नासिके ।
अंगुष्ठांगुलिभिश्चैवं प्राणायामं समाचरेत् ॥
प्राणस्तु देहजो वायुरायामस्तन्निरोधनम् ।

जितना समय पूरक में लगे उससे दूना काल कुम्भक में लगावे और पूरक से चौगुना काल रेचक में लगावे इसी को प्राणायाम कहते हैं। पूरक को दक्षिण नाकसे करे और रेचक को वाम नाक से करे और कुम्भक के समय में अंगूठे से दहिने नाक के छेद को बन्द करे और कनिष्ठा तथा अनामिका से वाम नासिका के छेद को बन्द करे इस रीति से प्राणायाम करे। देहज वायु को प्राण कहते हैं और आयाम नाम उसको रोकना यह प्राणायाम शब्द का अर्थ है।

दह्यन्तेध्यायमानानां धातूनां हि यथामलाः।
तथेन्द्रियाणां दह्यन्ते दोषाः प्राणस्य निग्रहात् ॥

जैसे धातुओं के मल जलाने से नष्ट होता है वैसे ही प्राणायम से इन्द्रियों के दोष जल जाते हैं।

वृक्षमूलिको वेद संन्यासी। वेदवृक्षः प्रणवस्तत्य मूलं प्रणवात्मको वेदः प्रणवं ध्यायेत्। प्रणवो ब्रह्मभूयाय कल्पत इति होवाच प्रजापतिः ॥ बौधायनस्मृ०

वेद मूलिक वैदिक संन्यासी होता है। वेद वृक्ष में उसका मूल प्रणव है इससे प्रणवात्मक वेद है अतः प्रणव को ध्यान करे प्रणव मोक्ष देता है ऐसा प्रजापति ने कहा है। यह बौधायन ने कहा है।

सर्वे वेदायत्पदमामनन्ति तपांसि सर्वाणि च यद्वदन्ति। यदिच्छन्तो ब्रह्मचर्य्यं चरन्ति तत्त पदं संग्रहेण ब्रवीम्योमित्येतत् ॥

कठोपनिष० अ० १ वल्ली० २ मं० १५ ॥

एतद्ध्येवाक्षरं ब्रह्म एतद्देवाक्षरं परम्। एतद्ध्येवाक्षरं ज्ञात्वा यो यदिच्छति तस्य तत् ॥१६॥

कठोपनिषद् के पहले अध्याय के द्वितीय बल्ली में लिखा है कि जिस पद को वेद कहते हैं और जिसकी इच्छा से ब्रह्मचर्य पालन करते हैं उस पद को संग्रह से कहता हूँ कि ओम् यह अक्षर है ॥१५॥

इस अक्षर को निश्चय करके ब्रह्म और सबसे श्रेष्ट अविनाशी जो जानता है वह जो चाहता है वह उसको प्राप्त होता है ॥१६॥

विधियज्ञाज्जपयज्ञोविशिष्टो दशभिर्गुणैः।
उपांशुस्याच्छतगुणः साहस्रो मानसः स्मृतः ॥ मनु० २।८५

मनु में लिखा है कि विधि यज्ञ से दश गुना जप यज्ञ का फल है उसमें भी उपांशु जप का सौगुना फल और मानस जप करने का हजार गुना फल होता है ॥८५॥

त्रिविधो जपयज्ञः स्यात्तस्यतत्वं निबोधत । हारी० स्मृ० ४।४

वाचिकश्चाप्युपांशुश्चमानसश्च त्रिधाकृतिः ।

त्रयाणामपियज्ञानां श्रेष्ठः स्यादुत्तरोत्तरः ।४१।

यदुच्चनीचोच्चरितैः शब्दैः स्पष्टपदाक्षरैः ।

मंत्रमुच्चारयन्वाचा जपयज्ञस्तु वाचिकः ।४२।

शनैरुच्चारयन्मंत्रं किंचिदोष्ठौ प्रचालयेत् ।

किंचिच्छ्रवण योग्यः स्यात्स उपांशुर्जपः स्मृतः ।४३।

धियापदाक्षरश्रेण्या अवर्णमपदाक्षरम् ।

शब्दार्थचिन्तनाभ्यां तु तदुक्तं मानसं स्मृतम् ।४४।

जप, यज्ञ हारीत स्मृति के चौथे अध्याय में तीन प्रकार का है उसका स्वरूप कहता हूँ ॥४०॥ वाचिक, उपांशु और मानसिक ये तीन प्रकार के जपके भेद हैं । ये तीनों उत्तरोत्तर श्रेष्ठ हैं ॥४१॥ जिसका ऊँचा और नीचा उच्चारण स्पष्ट पदाक्षरों के शब्दों से मंत्र पाठ किया जाता है उस जप को वाचिक कहते हैं ॥४२॥ और जिसमें कुछ २ ओठ चलता हो और धीरे २ मंत्र का उच्चरण हो तथा कुछ २ शब्द सुनाता हो उसे उपांशु जप कहते हैं ॥४३॥ बुद्धि से ही पद और अक्षर की पंक्ति का स्मरण हो वर्ण और पदाक्षर सुनाई न आवे केवल शब्द और अर्थ का विचार जिसमें हो उसे मानसिक जप कहते हैं ॥४४॥

पादमाक्रम्य पादेन जपं नैव तु कारयेत् ।

शिरः प्रावृत्य वस्त्रेण ध्यानं नैव प्रशस्यते ॥ वैवस्वतस्मृ०

पैरको पैर से दबा कर जप न करे और वस्त्रसे शिर को ढांकर ध्यान करे।

जप काले न भाषेत नान्यानि प्रेक्षयेद् बुधः ।

न कम्पयेच्छिरोग्रीवं दन्तानैव प्रकाशयेत् ॥ कूर्मपुरा०

जप काल में बात न करे और किसी को न देखे तथा शिर और ग्रीवा न कँपावे और न हँसे ।

अंगुल्यग्रेषु यज्जप्तं यज्जप्तं मेरुलंघने ।
असंख्यातं च यज्जप्तं तज्जप्तं निष्फलं भवेत् ॥ व्या० स्मृ०
अनामिकायां मध्ये च मध्याच्चाधः क्रमेण तु ।
तर्जन्या विजयान्ते च अक्षमाला करे स्थिता ॥

व्यास स्मृति में लिखा है कि अंगुलियों के अग्र भाग में और माला के सुमेरु को लांघ कर जो असंख्य जप किया जाता है तो भी निष्फल ही होता है। अनामिका के मध्य से लेकर नीचे क्रम से तर्जनी के आदिका एक पर्व तक हाथ में अक्षमालास्थित रहता है।

जपेद् द्वादश साहस्रं मूलमंत्रं प्रयत्नतः ।
सहस्रं श्रवणार्थी तु योगाभ्यासी शतं जपेत् ॥

एकाग्र चित्त करके मूल मंत्र बारह हजार जपे और श्रवणार्थी हजार और योगाभ्यास करनेवाला सौ बार जपे।

अत उर्ध्वं प्रवक्ष्यामि संध्योपासनकं विधिम् ।
अनर्हं कर्मणां विप्रः,संध्याहीनोयतः स्मृतः ॥ कात्या स्मृ० १।१।१

इसके उपरान्त सन्ध्याहीन होने पर समस्त कर्मों का अनधिकारी कहा है ॥१॥

संध्यां नोपासते यस्तु ब्राह्मणो हि विशेषतः ।
स जीवन्नेव शूद्रः स्यान्मृतः श्वा चैव जायते ॥ दक्ष० स्मृ० २।१८
संध्या हीनोऽशुचिर्नित्यमनर्हः सर्वकर्मसु ।
यदन्यत्कुरुते कर्म न तस्य फलभाग्भवेत् ॥ १९॥

दक्ष स्मृति के द्वितीय अध्याय में लिखा है कि जो ब्राह्मण संध्यावन्दन कर्म नहीं करता वह जीता हुआ ही शूद्र है और मरने पर कुत्ते की योनि में जन्म लेता है ॥२२॥ सन्ध्याहीन नित्य अशुद्ध है वह सम्पूर्ण कर्मों के अयोग्य है वह जो कुछ कर्म करता है उसका फल उसे नहीं मिलता है ॥२३॥

पूर्वां संध्यां सनक्षत्रामुपासीत यथाविधि ।
गायत्रीमभ्यसेत्तावद्यावदादित्य दर्शनम् ॥ ल० हा० स्मृ० ४।१८
उपास्य पश्चिमां संध्यां सादित्यां च यथाविधि ।
गायत्रीमभ्यसेत्तावद्यावत्ताराणि पश्यति ॥१९॥

हारीत स्मृति के चौथे अध्याय में लिखा है कि भली भांति से तारा दीखते हों उस समय प्रातःकाल की सन्ध्या करे और जब तक सूर्योदय न हो जाय तब तक गायत्री जपता रहे ॥१८॥

और सायंकाल में सूर्य्यास्त के पहले से संध्या प्रारम्भ करके जब तक तारों का दर्शन न हो तब तक गायत्री को जपे ॥१९॥

अथ सन्ध्यावन्दनविधिः ।

ओम् अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थांगतोऽपि वा ।
यः स्मरेत्पुण्डरीकाक्षं स बाह्याभ्यन्तरः शुचिः ॥

इतिस्वदेहे पवित्रेणजलं क्षिपेत् ।
ओम् अपवित्रः । इस मंत्रको पढ़ कर पवित्रा से अपनी देह पर पहले जल छींटे।

ओम् भगवदाज्ञया भगवत्कैङ्कर्य्यरूपं सन्ध्यावन्दनकर्म्माहं करिष्ये, इति संकल्प्य "ओम् अच्युतायनमः" "ओम् अनन्ताय नमः" "ओम् गोविन्दायनमः" इति त्रिराचामेत् ।

भगवदाज्ञया । इससे संकल्प करके अच्युताय नमः इस एक एक मंत्र से तीन वार आचमन करे ।

ततः (१) ओम् केशवाय नमः (२) ओम् नारायणाय नमः (३) ओम् माधवाय नमः (४) ओम् गोविन्दाय नमः (५) ओम् विष्णवे नमः (६) ओम् मधुसूदनाय नमः (७) ओम त्रिविक्रमाय नमः (८) ओम् वामनाय नमः (९) ओम् श्रीधराय नमः (१०) ओम् हृषीकेशायनमः (११) ओम् पद्मनाभाय नमः (१२) दामोदरायनम नमः ॥ इत्यङ्गन्यासं कृत्वा प्राणायाममाचरेत् ।
केशवादि द्वादश वाक्यों से अङ्गन्यास करके प्राणायाम पूर्वोक्त नियम से करे ।

"ओम् सूर्यश्च मा मन्युश्च मन्युपतयश्च मन्युकृतेभ्यः। पापेभ्यो रक्षन्ताम् यद्रात्र्या पापमकार्षं। मनसा वाचा हस्ताभ्यां। पद्भ्यामुदरेण शिश्ना रात्रिस्तदवलुम्पतु। यत्किञ्चिदुरितं मयि। इदमहं माममृत-योनौ। सूर्ये ज्योतिषि जुहोमि स्वाहा ॥ नारायणोपनि० मं० ३२ ॥

इति प्रातराचम्य पूर्ववदङ्गन्यासं प्राणायामं च चरेत्।

सूर्यश्च० इस मंत्र से प्रातराचमन करके पूर्ववत् अङ्गन्यास और प्राणायाम करे।

(१) ओम् आपोहिष्ठामयोभुवः। यजुर्वे० अ० ११ मं० ५०
(२) ओम् तान ऊर्जेदधातन। ,, ,, ,,
(३) ओम् महेरणाय चक्षसे ,, ,, ,,
(४) ओम् यो वः शिवतमोरसः ,, ,, ५१
(५) ओम् तस्य भाजयतेहनः। ,, ,, ,,
(६) ओम् उशतीरिवमातरः। ,, ,, ,,
(७) ओम् तस्माऽअरंग मामवः। ,, ,, ५२
(८) ओम् यस्यक्षयायजिन्वथ। ,, ,, ,,
(९) ओम् आपोजनयथाचनः। ,, ,, ,,

आपोहिष्ठेत्यादिभिः सप्तभिः शिरोऽष्टमेन भूमिं नवमेनपुनः शिरश्चाभिषिञ्च्य पूर्ववदाचम्याङ्गन्यासं कृत्वा प्राणायामं चरेत्।

आपोहिष्ठा० इन सात मंत्रों से शिरको आठवें से भूमि को तथा नवमसे पुनः शिरको अभिषिञ्चन कर पूर्ववत् आचमन और अङ्गन्यास करके प्राणायाम करे।

"ओम् द्रुपदादिव मुमुचानः स्विन्नः स्नातो मलादिव।
पूतं पवित्रेणेवाज्यमापः शुन्धन्तु मैनसः ॥" शु० य० २०।२०

इति मंत्रेण पुनः वारत्रयं शिरोमार्जनं कुर्य्यात्।

द्रुपदादि इस मंत्र से तीन बार पुनः शिरोमार्ज्जन करे।

"ओम् ऋतं च सत्यं चाभीद्धात्तपसोध्यजायत। ततो रात्रिरजायत

ततः समुद्रो अर्णवः ! समुद्रादर्णवादधि संवत्सरो अजायत । अहोरा-त्राणि विदधद्विश्वस्य मिषतो वशी । सूर्याचन्द्रमसौधाता यथापूर्वम-कल्पयत् । दिवं च पृथिवीं चान्तरिक्षमथो सुवः ॥" नारा० मं० १३।१४॥

करेण सलिलमुद्धृत्य घ्राणमासज्यानायता सुस्त्रिःसकृद्वा ऋतंचेति मंत्र-जपित्वातज्जलं प्रक्षिपेत् ।

हाथ से जल लेकर और नाक से लगाकर तथा प्राणोंको रोककर तीन या एक बार "ऋतं च" इस मंत्र को जपकर जलको फेंक दे ।

"ओम् अन्तश्चरसि भूतेषु गुहायां विश्वमूर्तिषु । त्वं यज्ञस्त्वं वषट्कारस्त्वमिन्द्रस्त्वं रुद्रस्त्वं विष्णुस्त्वं ब्रह्मस्त्वं प्रजापतिः त्वं तदाप आपो ज्योती रसोऽमृतं ब्रह्मभूर्भुवः सुवरोम् ॥ नारायणोपनि० मंत्र ६८॥

इतिमंत्रेणाचम्याङ्गन्यासं कृत्वा प्राणायाममाचरेत् ॥

अन्तश्चरसि इस मंत्र से आचमन करके अङ्ग न्यास और प्राणायामकरे।

"ओम् भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात् ॥" शु० य० ३६।३

इति मंत्रेणार्घत्रयं दत्वा पुनरेकां प्रायश्चित्तञ्जलिम् दद्यात्

गायत्री मंत्र से सूर्याभिमुख अर्घ देकर पुनः प्रायश्चित्त के लिये एक अंजलि देवे ।

ततो भगवदाज्ञया भगवत्कैङ्कर्यरूपं तर्पणकर्माहं करिष्ये

इति संकल्प्याचम्याङ्गन्यासं प्राणायामं विधाय च तर्पयेत् ।

(१) ओम् केशवं तर्पयामि (२) ओम् नारायणं तर्पयामि (३) ओम माधवं तर्पयामि (४) ओम् गोविन्दं तर्पयामि (५ ओम् विष्णुं तर्पयामि (६) ओम मधुसूदनं तर्पयामि (७) ओम त्रिबिक्रमं तर्पयामि (८) ओम् वामनं तर्पयामि (९) ओम् श्रीधरं तर्पयामि (१०) ओम् हृषीकेशं तर्पयामि (११) ओम् पद्मनाभं तर्पयामि १२) ओम् दामोदरं तर्पयामि इति मन्त्रेण तर्पणम् ।

इसके बाद संकल्प करके आचमन अङ्ग न्यास और प्राणायाम करके केशवं तर्पयामि इन द्वादश मंत्रों से तर्पण करे ।

ततः पूर्ववद् गायत्री जपं करिष्य इति संकल्प्याचम्याङ्ग-
न्यासं प्राणायामं च कृत्वा गायत्रीञ्जपेत् ।

पहले के तुल्य मैं गायत्री जप करूंगा ऐसा संकल्प करके आचमन अंगन्यास और प्राणायाम करके जप करे ।

आयातु वरदा देवी अक्षरं ब्रह्मसंमितम् । गायत्री छन्दसांमात इदं ब्रह्मजुषस्व मे ॥ नारायणोपनि० मं० ३४ ॥

ओजोऽसि सहोऽसि बलमसि भ्राजोऽसि देवानां धामनामासि विश्वमसि विश्वायुः सर्वमसि सर्वायुरभिभूरोम् गायत्रीमावाहयामि ॥

नारायणोपनि० मं० ३४ ॥

इति मंत्रेणावाहयेत । आयातु० इस मंत्र से गायत्री का आवाहन करे ।

तस्या उपस्थानं गायत्र्यस्येकपदी द्विपदी त्रिपदी चतुष्पद्य पदसि नहिपद्यसे नमस्ते तुरीयाय दर्शिताय पदाय परोरजसे ।

॥ वृहदारण्यकोपनि० अ० ५ ब्राह्म १४ मं० ७ ॥

इत्युपस्थाय गायत्रीं जपेत् । उक्त मंत्रसे उपस्थान करके गायत्री को जपे ।

ओम् पुण्डरीकाक्ष विश्वात्मन्मंत्रमूर्ते जनार्दन ।
गृहाणेमं जपं नाथ मम दीनस्य शाश्वत ॥

इति मंत्रेण जपनिवेदनं कुर्य्यात् । पुण्डरीकाक्षः इस मंत्र से जप निवेदन करे ।

उत्तमे शिखरे जाते भूम्यां पर्वतमूर्धनि । ब्राह्मणेभ्योऽभ्यनुज्ञाता गच्छ देवि यथासुखम् ॥ नारायणोप० ३६

इति विसर्जनम् ततः सूर्योपस्थानं करिष्य, इति संकल्पंविधाय सर्वं पूर्ववदाचरेत् ।

उत्तमे इस मंत्र से बिसर्जन करके, सूर्योपस्थान मैं करूंगा ऐसा संकल्प कर पूर्ववत् आचमन इत्यादि करे ।

"ओम् उद्वयन्तमसस्परि स्वःपश्यन्त उत्तरम् ।
देवन्देवत्रा सूर्य्यमगन्मज्योतिरुत्तमम् ॥" शु०य० २०।२१

"ओम् उदुत्यंजातवेदसं देवं वहन्ति केतवः। दृशेविश्वाय-
सूर्य्यम् ।" शु०य० ३३।३१

"ओम् चित्रं देवानामुदगादनीकं चक्षुर्मित्रस्य वरुणस्याग्नेः।
आप्राद्यावा पृथिवी अन्तरिक्षं सूर्य्यआत्मा जगतस्तस्थुषश्च ।।" शु०य०१३।४६

"ओम् तच्चक्षुर्देवहितं पुरस्ताच्छुक्रमुच्चरत् पश्येम शरदः शतं जीवेम शरदः शतं शृणुयाम शरदः शतं प्रब्रवाम शरदःशतमदीनाः स्याम शरदः शतम्भूयश्च शरदः शतात् ।।" शु० य० ३६।२४

एभिर्मंत्रैः सूर्यमुपतिष्ठेत्। उद्वयन्त इन चारों मंत्रों से सूर्योपस्थान करे।

आकाशात्पतितं तोयं यथागच्छति सागरम्।
सर्वदेव नमस्कारः केशवं प्रति गच्छति ॥ भारते

जैसे आकाश से गिरा जल समुद्र में जाता है वैसे ही सर्व देवों का नमस्कार नारायण के पास जाता है।

एवं सध्यावन्दनं विधाय श्रीमन्नारायणं पूजयेत्।

इस प्रकार सन्ध्या बन्दन करके लक्ष्मीनारायण की पूजा करे।

ततो देवं नमस्कृत्य गृहं गच्छेत्ततः पुनः।
विधिना पुरुषसूक्तस्य गत्वा विष्णुं समर्चयेत् ॥ ल० हा० स्मृ० ४।५४

हारीत स्मृतिके चौथे अध्याय में लिखा है कि संध्या करके आदित्य मण्डस्लस्थ नारायण को नमस्कार करके अपने मठ को जाकर वहाँ सहस्रशीर्षा इत्यादि १६ मंत्रों की विधि से श्रीविष्णु भगवान् का पूजन करे ।।५४।।

त्रिकालमेककालं वा पुजयेत्पुरुषोत्तमम् ॥ कात्या स्मृ०

तीनों, काल, मैं या एक काल में नारायण का पूजन करे।

प्रणम्य दण्डवद् भूमौ नमस्कारेण योऽर्चयेत्।
स यां गतिमवाप्नोनि न सा क्रतु शतैरपि ॥ शौ० स्मृ०

जो लाठी के सदृश पृथ्वी में नमस्कार करके विष्णु भगवान का पूजन करता है उसकी गति को सैकड़ों यज्ञ करने वाला नहीं प्राप्त करता है।

य: पूजयेद्धरिंचक्रे शालग्राम समुद्भवे। पद्मपु० ॥
राजसूयसहस्रेण सम्प्राप्तं प्रतिवासरम् ॥
शालग्राम समीपे तु क्रोशमात्रं समन्ततः।
कैकटेऽपि मृतो याति बैकुण्ठभवनं नरः ॥

पद्म पुराण में लिखा है कि जो शालग्राम समुद्भव नारायण का नित्य पूजन करता है उसको नित्य सहस्र राजसूययज्ञ करने का फल प्राप्त होता है। शाल ग्राम के समीप में चारो तरफ क्रोशके अन्दर जो कैकट देश में भी मनुष्य मरता है तो बैकुण्ठ को प्राप्त करता है

अन्यैरानीत कुसुमैरर्चयेज्जगदीश्वरम्।
शूद्रानीतैः क्रयक्रीतैर्नार्चयेद्भक्तिमान्यतिः ॥ व्यास स्मृ०
विष्णोः पादोदकं जुष्टं नैवेद्यस्य च भक्षणम्
निर्माल्यं शिरसा धार्यं महापातक नाशनम् ॥
यदिवाग्यमलोपः स्याज्जपादिषु कथंचन।
व्याहरेद्वैष्णवं मन्त्रं स्मरेद्वाविष्णुमव्ययम् ॥
कृष्णालय समीपस्थान्कृष्णादर्शन लालसान्।
चण्डालान्पतितान्व्रात्यान्स्पृष्ट्वा न स्नानमाचरेत् ॥

व्यास स्मृति में लिखा है कि दूसरे के लाये पुष्प से संन्यासी नारायण का पूजन करे और शूद्र का लाया और कोने हुए फूलों से लक्ष्मीनारायण का पूजन करे। विष्णुभगवान का तीर्थ और नैवेद्य अत्यन्त पवित्र है निर्माल्य को शिर पर रखने से महापातक नष्ट हो जाता है। यदि जपादिकों में किसी प्रकार से नियम भंग हो तो वैष्णव मंत्र का उच्चारण करे (विष्णु गायत्री का उच्चरण करे) अथवा विकार रहित जो नारायण हैं उनके बिग्रहों को स्मरण करे।

भगवत के मन्दिर के समीप में स्थित और नारायण के दर्शन चाहने वाले चाण्डाल पतित और व्रात्यों से स्पर्श होने पर भी स्नान न करे।

पौर्वाह्णिकं तु यतकर्म यदि तत्सायमाचरेत्।
न तस्य फल माप्नोतिवन्ध्यास्त्रीमैथुनं यथा ॥ दक्ष० स्मृ० २।२३
दिवसस्याद्य भागे तु सर्वमेतद्विधीयते ॥२९॥

पूर्वाह्न के कर्तव्य कर्म को जो मनुष्य सायंकाल में करता है वह उसके फल को प्राप्त नहीं होता जैसे बन्ध्या स्त्री के मैथुन से फल नहीं प्राप्त होता है ॥२८॥ दिन के प्रथम भाग में सन्ध्या इत्यादि सम्पूर्ण कर्मों को करना चाहिये ॥२९॥

इति श्रीमद्वेदमार्गप्रतिष्ठापनाचार्यउभयवेदान्तप्रवर्तकाचार्यश्रीमत्परमहंसपरि-
व्राजकाचार्यसत्सम्प्रदायाचार्यजगद्गुरुभगवदनन्तपादीयश्रीमद्विष्वक्सेना-
चार्यत्रिदण्डिस्वामिसम्पादितयतीन्द्रधर्ममार्तण्डका
चतुर्थ उल्लास समाप्त हुआ।

॥ पञ्चमोल्लासः ॥

बौद्धान्धकारपरिहारदिवाकराय।
श्रीवैष्णवाम्बुनिधिपूर्णनिशाकराय॥
अद्वैतवादिकरियूथमृगाधिपाय।
तस्मै नमोऽस्तु सततं यतिपुंगवाय ॥१॥

बौद्ध रूप अन्धकार को नाश करने के लिये सूरयं के सदृश और श्री वैष्णव रूप समुद्र को विकसित करने लिये पूर्ण चन्द्रमा के सदृश और गज यूथ रूप अद्वैत वादियों को पराजय करने के लिये सिंह के सदृश जो यतिराज भागवान हैं उनको मैं साष्टाङ्ग करता हूँ ॥१॥

अथ मध्याह्ने पूर्वोक्तेन विधिनास्नानादि सर्वं विधाय ।

"ओम् आपः पुनन्तु पृथिवी पृथिवी पूता पुनातु माम् पुनन्तु ब्रह्मणस्पतिर्ब्रह्मपूता पुनातु माम् । यदुच्छिष्टमभोज्यं च यद्वा दुश्चरितं मम सर्वं पुनन्तु मामापोऽसतां च प्रतिग्रहं स्वाहा ॥" नारायणोपनि० ३०

इति मंत्रेणाचम्यभिक्षाचर्य्यं चरेत् ।

इसके बाद मध्याह्न समय में पूर्वोक्त विधि से स्नानादि क्रिया करके आपः पुनन्तु० इस मंत्र से आचमन करके भिक्षा मांगे ।

तमात्मानं विदित्वा ब्राह्मणाः पुत्रैषणायाश्च वित्तैषणायाश्च लोकैषणायाश्च व्युत्थायाथ भिक्षाचर्यं चरन्ति ॥बृह० उ० ५।१

उस आत्माको जानकर ब्राह्मण पुत्र की इच्छा, धन की इच्छा और लोक की इच्छा को त्याग कर भिक्षा मांगते हैं ॥१॥

त्रिषुवर्णेष्वेकागारं भैक्षमश्नीयात् ॥ काठक ब्रा०

यतयो भिक्षार्थं ग्रामं प्रविशन्ति पाणिपात्रमुदरपात्रं वा ओम् हि ओम् हि ओम् हीत्येतदुपनिषदं विन्यसेद्विद्वान्य एवं वेद ॥

आरुणिकोपनि० ५

औषधवदशनमाचरेत् ॥आरुणिकोपनि० ३

भिक्षार्थी ग्रामं प्रविशेत् ॥ मैत्रायणी श्रु०

तीन वर्ण एक गृह में जो भैक्ष हो उसको भोजन करे । पाणिपात्र और उदर पात्रवाले यति लोग भिक्षा के लिये ग्राम में जाते हैं । औषध के सदृश भोजन करे । भिक्षा के लिये ग्राम में जावे । इत्यादि श्रुति प्रमाण से अवश्य भिक्षा मांगना चाहिये ।

भैक्षं वा सर्ववर्णेभ्य एकान्नं वा द्विजातिषु ॥ बौ० स्मृ०

बोधायन जी ने भी कहा है कि सब वर्णों से या द्विजातियों से भिक्षा लेवे ।

अप्रमत्तश्चरेद्भैक्ष्यं सायाह्नेनाभिलक्षितः।
रहिते भिक्षुकैर्ग्रामे यात्रामात्रमलोलुपः ॥ याज्ञस्मृ० ३।५९

प्रमाद छोड़ कर सन्ध्या समय में अनभिलक्षित होकर जहां दूसरा भिक्षुक न होवे वहाँ अपने पेट भरने के योग्य भिक्षा मांगे अधिक का लालच न करे ॥५९॥

एक कालंचरेद्भैक्षं न प्रसज्जेत विस्तरे।
भैक्षेप्रसक्तो हि यतिर्विषयेष्वपि सज्जति ॥ मनु०स्मृ० ६।५५

विधूमे सन्नमुसले व्यङ्गारे भुक्तवज्जने।
वृत्ते शरावसंपाते भिक्षां नित्यं यतिश्चरेत् ॥५६॥

एक वार भिक्षा करे अधिक न करे क्योंकि बहुत भोजन करने से विषयों की इच्छा होगी ॥५५॥ रसोई की धुआँ दूर होने पर तथा मुसल के शब्द बंद होने पर और अग्नि बुत जाने पर और शरावसंपात हो जाने पर संन्यासी सदा भिक्षा करे ॥५६॥

भिक्षु रूर्ध्वरेता ध्रुवशीलो वर्षासु भिक्षार्थी ग्राममियात्। गौ स्मृ० अ०३

संन्यासी ऊर्ध्वरेता और स्थिर स्वभाव होकर वर्षा में भिक्षा के लिये ग्राम में जाय।

सप्तागारांश्चरेद्भैक्ष्यं भिक्षितं नानुभिक्षयेत्।
नव्यथेच्च तथाऽलाभे यथा लब्धेन वर्तयेत् ॥ शंखस्मृ० ७।३

सात घरों से भिक्षा मांगे और मांगे घर से फिर न मांगे तथा संन्यासी भिक्षा को न मिलने से दुःखी न हो जो मिल जाय उससे ही जीविका निर्वाह करे ॥३॥

ब्राह्मण कुले वां यल्लभेतत्तद्भुञ्जीत। वसिष्ट स्मृ० १०।१८

यज्ञोपवीत्युदककमण्डलु हस्तः शुचिर्ब्राह्मणो वृषल्लान्नपानवर्जी हीयते ब्रह्मलोकाद्ब्रह्मलोकात् ॥ वसिष्ठ स्मृ० १०।२४

अथवा ब्राह्मणों के घर में जो मिल जाय उसको संन्यासी भोजन करे यज्ञोपवीत धारण किये रहे और जल का कमंडलु हाथ में रक्खे पवित्र रहे ऐसा ब्राह्मण, शूद्र के अन्न को त्याग दे इस प्रकार आचरण करने वाल ब्रह्मलोक से भ्रष्ट नहीं होता है।

याचितायाचिताभ्यां च भिक्षाभ्यां कल्पयेत्स्थितिम्।
साधुकारयाचितंस्यात्प्राक्प्रणीतमयाचितम् ॥ ल० हा० स्मृ० ४।१०

मांगने से या बिना मांगे जो मिल जाय उसी भिक्षा से अपना निर्वाह करे अच्छा कह कर लेनेवाले को याचित और बिना मांगे जो मिले उसको अयाचित कहते हैं ॥१०॥

शयनोत्थापनात्प्राक् च प्रार्थितंभक्तिसंयुतैः।
तत्प्राक्प्रणीतमित्याह भगवानुशनामुनिः ॥ उशना

शयन से उठने के पहले जो भक्ति संयुत भिक्षा करने के लिये प्रार्थना करता है उस भिक्षा को उशना मुनि प्राक्प्रणीत कहते हैं।

वह्वन्नं पच्यते यत्र मन्यन्ते यत्र मानवाः।
अनुद्विग्नाः प्रयच्छन्ति तं देशं यत्नतो व्रजेत् ॥ परा० स्मृ०

जहाँ पर बहुत सा अन्न पकता हो और आस्तिक हों और बिना दुःख के भिक्षा देते हों वहाँ पर यत्न से जाय।

अनिन्द्यं वै व्रजेद् गेहं निन्द्यं गेहं तु वर्जयेत्।
अनावृते विशेद्द्वारि गेहे नैवावृते व्रजेत् ॥ अत्रि स्मृ०
न वीक्षेद्द्वाररन्ध्रेण भिक्षांलिप्सुः क्वचिद्यतिः।
न कुर्याद्वै क्वचिद्घोषं न द्वारं ताडयत्क्वचित् ॥

पवित्र गृह को भिक्षा के लिये जाय नींद को वरादे जिस घर का द्वार खुला हो उस घर पर जावे और द्वार वन्द रहने पर न जाय भिक्षा चाहने वाला संन्यासी द्वार के छिद्र से न देखे और कपाट को न ठोके तथा कहीं शब्द न करे।

अदुष्टापतितं साधुं यतिर्यः परिवर्जयेत् ।
स तस्मै सुकृतं दत्वा दुष्कृतं प्रतिपद्यते ॥ मेधातिथिः

जो संन्यासी शुद्धाचरण वाला महात्मा को परित्याग करता है वह अपना सुकृत देकर उसके पापों को ग्रहण करता है ।

मृद्दार्वलाबुजं पात्रं वैणवं तान्तवौपलम् ।
पार्णं तार्णं तथा चौमं पात्रं पर्णपुटं तथा ।
उक्तानि यतिपात्राणि ब्राह्मणा विश्वयोनिना ॥ परा० स्मृ०

मिट्टी, तिंतलौकी, बाँस, काठ, पत्थर, वस्त्र, पर्ण ये सब संन्यासियों के लिये भिक्षा का पात्र ब्रह्मा ने कहा है ।

संस्कृत्य प्रणवेनाथ भिक्षापात्रं यथाविधि ।
भास्कराभिमुखो भूत्वा संस्मरन्मनसाहरिम् ।
सव्येनादाय पात्रं तु दण्डं वै दक्षिणेन तु ॥ वि० स्मृ०

यथा विधि प्रणव से भिक्षा पात्र का संस्कार करके सूर्याभिमुख होकर नारायण का ध्यान करे इसके बाद वाम हस्त में पात्र और दक्षिण हस्त में त्रिदण्ड लेकर भिक्षा के लिये जाय ।

त्रिदण्डं दक्षिणेत्वङ्गे ततः संध्याय बाहुना ।
पात्रं वामकरे क्षिप्त्वा श्लेषयेद्दक्षिणेन तु ॥ बोधायन स्मृ०

त्रिदण्ड दक्षिण भाग में और पात्र को वाम हाथ में रख कर दक्षिण हस्त से स्पर्श करे ।

सर्वदोपानहौभिक्षु र्न त्यजेत्तु कदाचन ।
उदपात्रं च भिक्षा च दुष्येद्दत उपानहौ ॥ कण्व स्मृ०

संन्यासी खराऊं को कभी परित्याग न करे क्योंकि विना उपानह का जल पात्र और भिक्षा अशुद्ध हो जाता है ।

मेध्यं भैक्षं चरेन्नित्यं सायाह्ने वाग्यतः शुचिः ।

एकवासा विशुद्धात्मा मन्दगामी युगान्तदृक् ॥ आदित्य पु०

दो पहर के बाद वाक्य जीतने वाला, एक वस्त्रवाला तथा मन्दगामी और अच्छा देखने वाला यति सदा पवित्र भिक्षा करे।

पंचसप्त गृहाणाञ्च भिक्षामिच्छेत्क्रियावताम् ।
गोदोहमात्रमाकाङ्क्षी निष्क्रान्तो न पुनर्विशेत् ॥ क्रतु स्मृ०

शुद्ध आचरण वाला पांच या सात घर से भिक्षा ग्रहण करे, गौ के दोहन मात्र ठहरे, वहां से चल देने पर लौट कर फिर वहां न जाय।

असंस्कृता तु या कन्या उदक्याचोदिता तु या ।
तयादत्तं न गृह्णीयात्प्राण्यङ्गे नायसेन वा ॥ मेधतिथिः

संस्कार रहित जो कन्या उसकी दी हुई भिक्षा और रजस्वला से प्रेरित भिक्षा या प्राणियों के अङ्ग से तथा लोहा से दी हुई भिक्षा न ग्रहण करे।

पीडयित्वापिचात्मानमल्पान्नं संप्रयच्छति ।
सा भिक्षा हिंसिता ज्ञेया तादृशीं वर्जयेद्यतिः ॥ शौनकः
पञ्चाहं सप्तरात्रं वा यत्र भिक्षा न लभ्यते ।
तद्गृहं वर्जयेद्भिक्षुश्चण्डालगृहवत्सदा ॥

जो आत्मा को पीड़ित कर के अल्प भिक्षा देता है उस भिक्षा को हिंसायुक्त जानकर संन्यासी परित्याग कर दे और पांच सात दिन जहां पर भिक्षा न मिले उस गृह को चाण्डाल के घर के सदृश परित्याग कर देवे।

आहारशुद्धौ सत्वशुद्धिः सत्वशुद्धौ ध्रुवास्मृतिः स्मृतिलम्भे सर्वग्रन्थीनां विप्रमोक्षः ॥ छान्दोग्योप०-खं०-२६-अ०-७-मं०-२

आहार शुद्ध होने से अन्तः करण शुद्ध होता है और अन्तः करण शुद्ध होने से ध्रुवास्मृति होती है और स्मृतिलम्भ होने से समस्त बन्धन निवृत्त हो जाता है।

भैक्षं यबागू तक्रं वा पयो यावकमेव च । वि०स्मृ०

फलं मूलं विपक्वं वा कणपिण्याक सक्तवः ॥
इत्येते वै शुभाहारा योगिनः सिद्धिकारकाः ।
त्वङ्मूलपत्रपुष्पाणि ग्राम्यारण्यफलानि च ॥
कणयावकपिण्याक शाकतक्रपयोदधि ।
भिक्षां सर्वरसोपेतां हिंसावर्जं समाचरेत् ॥

यवाग, माठा, दुग्ध, फल, कन्द, मूल, पिण्ड, खजूर, सत्तू ये सब योगियों के लिये शुभ आहार सिद्धि कारक हैं। त्वचामूल पत्र पुष्प गांव या जंगल में होने वाला फल, शाक, दधि दुग्ध, इत्यादि सब रसों से युक्त हिंसा रहित भिक्षा करे।

पादौप्रक्षाल्याचम्य त्रीन्प्राणायामान्धारयित्वा भैक्षमोमिति वारिणा संप्रोक्ष्य दक्षिणेन स्पृष्ट्वा प्रणवेनाभिमंत्र्याश्नीयात् ॥

पैरों को धोकर आचमन करके तीन प्राणायाम कर भिक्षान्न को प्रणव से प्रोक्षण और अभिमंत्रित करके प्रणवमंत्र से भिक्षा करे।

उत्तानवदनं कृत्वा ब्रह्मभावेन भावितः ।
पञ्चप्राणाहुतीर्दद्यान्मंत्रैस्तु श्रतिचोदितैः ॥ वि० स्मृ०
ओंकार पूर्वाः स्वाहान्ता मंत्रास्तैस्तत्समाचरेत् ।
नैवाहुतीः स्पृशेद्योगी दन्तौष्ठाभ्यां कदाचन ।
न स्पृशेत्सव्यहस्तेन भुंजानोऽन्नं कदाचन ।
न पादौ न शिरो वस्तिं न पदाभाजनं स्पृशेत् ॥

उत्तान बदन करके ब्रह्मभाव से भावित होकर ओं प्राणाय स्वाहा ओं अपानायस्वाहा, ओं समानायस्वाहा ओं उदनायस्वाहा, ओं व्यानायस्वाहा इत्यादि मंत्रों से पाँच प्राणाहुती देकर भिक्षा करे उन आहुति को दांत और ओठ से स्पर्श न करे और भोजन करने के समय अन्न को वाम हस्त से स्पर्श न करे और पैर शिर वस्तिको भी न स्पर्श करे और पैर से पात्र को न स्पर्श करे इस प्रकार से भिक्षा करे।

स्थित्यर्थमात्मनो नित्यं भिक्षाटनमथाचरेत् ।
सायंकाले तु विप्राणां गृहाण्यभ्यवपद्य तु ॥ ल० हा ६।११
सम्यग्याचेच्च कवलं दक्षिणेन करेण वै ।
पात्रं वामकरेस्थाप्य दक्षिणेन तु शोषयेत् ॥१२॥
यावतान्नेन तृप्तिः स्यात्तावद्भैक्षं समाचरेत् ।
ततोनिवृत्य तत्पात्रं संस्थाप्यान्यत्र संयमी ॥१३॥
चतुर्भिरङ्गुलैश्छाद्य ग्रासमात्रं समाहितः :
सर्वव्यंजनसंयुक्तं पृथक् पात्रे नियोजयेत् ॥१४॥
सूर्यादिभूतदेवेभ्यो दत्वा संप्रोक्ष्य वारिणा ।
भुञ्जीतपत्रपुटके पात्रे वाग्यतो यतिः ॥१५॥
वटकाश्वत्थपर्णेषु कुंभीतैन्दुकपात्रके ।
कोविदारकदंबेषु न भुञ्जीयात् कदाचन ॥१६॥
मालाक्ताः सर्व उच्यन्ते यतयः कांस्यभोजिनः ।
कांस्यभाण्डेषु यत्पाको गृहस्थस्य तथैव च ॥१७॥
कांस्ये भोजयतः सर्वं किल्विषं प्राप्नुयात्तयोः ।
भुक्त्वा पात्रे यतिर्नित्यं प्रक्षालयेन्मंत्र पूर्वकम् ॥१८॥

हारितस्मृति के छठवें अध्याय में लिखा है कि प्रतिदिन अपनी जीविका के निमित्त भिक्षाटन करे और सन्ध्या समय में ब्राह्मण के घर पर जावे ॥११॥ जाकर दाहिने हाथ से भली भांति ग्रास मांगे और वायें हाथ में पात्र को रख कर दाहिने हाथ से पात्रके अन्न को निकाले ॥१२॥ जितने अन्न से अपनी तृप्ति हो सके उतने ही भिक्षा का संग्रह करे इसके पीछे लौट कर उस पात्र को दूसरे स्थान पर रख देवे ॥१३॥ और चार अंगुल से ढक कर सावधानी से एक ग्रास को सम्पूर्ण व्यंजनो सहित दूसरे पात्र में रक्खे ॥१४॥ उसको सूर्य आदि भूत देवों को देकर और जल छिड़क कर पत्तों के दोने या पात्र में मौन होकर

संन्यासी भोजन करे ॥१५॥ वट, पीपल, अगस्त, तेंदु, कनयिल, कदम इनके पत्तों में कभी भोजन न करे ॥१६॥ जो संन्यासी कांस के पात्र में भोजन करते हैं उनको मलीन कहा है कांस के पात्र में जो भोजन बनता है और कांस के पात्र में जिमाने वाले गृहस्थ को जो पाप होता है ॥१७॥ उन दोनों के पाप कांस के पात्र में भोजन करने वाले संन्यासी को लगता है संन्यासी जिस पात्र में भोजन करे उसको जल से प्रज्ञालन कर देवे ॥१८॥

निमंत्रितस्तु संन्यासी यदा भैक्षं समाचरेत् ।
लोभात्तत्र प्रवर्तेत पतत्येव न संशयः ॥ आदित्यपुरा०
यत्किंचिद्दीयमानं तु गृहिणी करसंस्थितम् ।
भिक्षांभिक्षुर्न गृह्णीयात्काकयोनिषु जायते ॥

निमंत्रण देने पर जो संन्यासी लोभ से दूसरे के यहां भिक्षा करता है वह पतित है इसमें सन्देह नहीं है। स्त्री के हाथ से संन्यासी कुछ भी ग्रहण न करे अन्यथा काक योनि में जन्म लेता है।

ब्राह्मणक्षत्रियविशां मेध्यानां भैक्षकाचरेत् ।
तत्राप्यसंभवेपूर्वादाददीतोत्तरोत्तरात् ॥ मेधातिथिः
द्विजाभावे तु संप्राप्त उपवास त्रयेगते ।
भैक्षं शूद्रादपि ग्राह्यं रक्षेत्प्राणान्द्विजोत्तमः ॥

पवित्र ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य इन तीन वर्णों का भिक्षा करे इसमें भी ब्राह्मण के अभाव में क्षत्रिय के यहां और क्षत्रिय के अभाब में वैश्य के यहां भिक्षा करे और तीन दिन तक जब द्विजाति न मिले तो शूद्र का भिक्षा करके प्राण की रक्षा करे।

स्ववृत्तस्य गृहेभिक्षेन्नतुतेष्वेवनित्यशः ।
अभावे बहुगेहानां तेषु भिक्षेदलोलुपः ॥ बिष्णु स्मृ०

स्ववृत्ति वालों के गृह पर भिक्षा करे नित्य २ न करे यदि बहुत सा गृह न होवे तो उन्हीं घरों में भिक्षा करे।

दर्व्यादेयं घृतं चान्नं लवणं व्यञ्जनं तथा।
अपक्वं स्नेहपक्वं च न तु दर्व्या कदाचन॥
हस्तदेयं तु यद्दर्व्या दर्व्यादेयं तु हस्ततः।
एतद्यो ब्राह्मणोऽश्नीयात्सोऽश्नीयान्मूत्ररेतसी॥

घीव, लवण, अन्न, व्यञ्जन ये सब दर्वी (कलछुल) से देना चाहिये और अपक्व और स्नेह पक्व दर्वी से न परोसे हाथ से देने योग्य दर्वी से और दर्वी से देने योग वस्तु को हाथ से जो देता है उसको भोजन नहीं करे अन्यथा मूत्र रेत भोजन करता है।

गंगातोयाभिषिक्तां तु भिक्षां योऽश्नाति योगवित्।
न तत्क्रतुशतैरिष्ट्वा फलं प्राप्नोति मानवः॥ यतिधर्म समु०
सान्तपनसहस्त्रं तु चान्द्रायणशतानि च।
अश्वमेधाष्टकं चैव तद्विष्णोः शेषमुत्तमम्॥
विष्णोर्नैवेद्यसंशुद्धं मुनिभिर्भोज्यमुच्यते।
अन्यदेवस्य नैवेद्यं भुक्त्वा चान्द्रायणं चरेत्॥
गङ्गातोयञ्च भैक्षं च वैष्णवान्नं विशेषतः।
आनखान्मोचयेत्पापं मंत्रपूतंहविर्यथा॥

यदि धर्म समुच्चय में लिखा है कि गङ्गा जल से अभिषिंचन करके जो योगी भिक्षा करता है उस फल को सैकड़ों यज्ञों से मनुष्य नहीं पा सकता है। हजार सांतपन सौ चान्द्रायण और आठ अश्वमेध करने से अधिक विष्णुभगवान के शेष उत्तम है। नारायण का अर्पित नैवेद्य अत्यन्त शुद्ध है इससे संन्यासियों के लिये शास्त्र में भोज्य कहा है और अन्य देवों का नैवेद्य भोजन कर ले तो चान्द्रायण व्रत करने से पाप से छूटता है। गंगा का जल और भैक्ष तथा वैष्णवों का अन्न विशेष करके समस्त देह के पाप को नाश कर देता है जैसे मंत्र से पवित्र हविष्य शुद्ध करता है।

गंगायाः सलिलं पुण्यं शालग्राम शिला तथा।
भिक्षान्नं पञ्चगव्यं च पवित्राणि युगे युगे॥ शातातप स्मृ०

गंगा का जल तथा शालग्राम शिला और भिक्षान्न तथा पंच गव्य ये सब सब युगों में पवित्र ही रहते हैं।

अब्बिन्दुं यः कुशाग्रेण मासि मासि समश्नुते।
निरपेक्षस्तु भिक्षाशी स तु तस्माद्विशिष्यते ॥ कण्व स्मृ०

जो प्रतिमास कुश के अग्रभाग से जल का बुन्द भोजन करता है उससे निरपेक्ष भिक्षा करने वाला श्रेष्ठ है।

न भिक्षायां भवेद्दोषो न च भिक्षाप्रतिग्रहः।
सामपानसमाभिक्षा तस्मादहरहश्चरेत् ॥ वि० स्मृ०

भिक्षा में कुछ दोष नहीं है और न च प्रतिग्रह है सोमलता पान के सदृश रोज रोज भिक्षा करे।

एकेनान्नम् फलं द्वाभ्यां त्रिभिर्मूलं न दुष्यति।

एक अग्नि या जल या लवण के संयोग से अन्न में दोष नहीं लगता है और दो से फल में और तीनों से भी संयोग होने पर कन्द मूल में दोष नहीं लगता है।

आहारस्य तु द्वौ भागौ तृतीयमुदकस्य तु।
वायोः संचरणार्थाय चतुर्थमवशेषयेत् ॥

आधापेट भोजन करे और तृतीय भाग जल से भरे और चौथे भाग को वायु संचरण के लिये खाली रहने दे।

भोजनान्ते च षोडशप्राणायामान्विदध्यात्।

भोजन के अन्त में सोलह प्राणायाम करे।

जपध्यानेतिहासैश्च दिनशेषं नयेद्बुधः ॥ हारी० स्मृ० ६।२०

जप, ध्यान, इतिहास, भगवद्विषयआदि से शेष दिन बितावे।

इतिहासपुराणाद्यैः षष्ठञ्च सप्तमं नयेत्। दक्ष० स्मृ० २।५१

इतिहास और पुराण से दिन का छठवां और सातवां भाग बितावे।

पुराणश्रवणे भक्तिर्मूर्खस्यापि प्रवर्तते।

भक्त्याविच्छिन्नयामुक्तिस्तस्मापौराणमभ्यसेत् ॥

पुराण श्रवण करने से मूर्ख को भी भक्ति होती है और अविच्छिन्नभक्ति से मुक्ति होती है इसमें पौराण का अभ्यास करे।

नाहं वेदैर्न तपसा न दानेन चेज्यया।

शक्य एवंविधो द्रष्टुं दृष्टवानसि मां यथा॥ गी० ११।५३

भक्त्या त्वनन्यया शक्यअहमेवंविधोऽर्जुन।

ज्ञातुं द्रष्टुं च तत्वेन प्रवेष्टुं च परन्तप॥ गी० ११।५४

मैं वेदों से तपस्या से दान से यज्ञ से नहीं प्रसन्न होता जिस प्रकार कि तुम देखे हो। ऐ अर्जुन! मेरे को अनन्याभक्ति से देखने में जानने में प्राप्त करने में समर्थ हो सकता है।।५३।।५४।।

इति श्रीमद्वेदमार्गप्रतिष्ठापनाचार्यउभयवेदान्तप्रवर्तकाचार्यश्रीमत्परमहंसपरि-
व्राजकाचार्यसत्सम्प्रदायाचार्यजगद्गुरुभगवदनन्तपादीयश्रीमद्विष्वक्सेना-
चार्यत्रिदण्डिस्वामिसम्पादितयतीन्द्रधर्ममार्तण्डका
पंचम-उल्लास समाप्त हुआ।

षष्ठोल्लासः

तस्मै रामानुजार्याय नमः परमयोगिने।

यः श्रुतिस्मृतिसूत्राणामन्तर्ज्वरमशीशमत् ॥

परम योगी जो भगवान रामानुजाचार्य्य हैं उनको मैं नमस्कार करता हूँ जिन्होने श्रुतिस्मृति सूत्रों के अन्तर्ज्वर को शान्त किया।

अथ सायंकाले "कावेरीविरजातोयं बैकुण्ठं रंगमन्दिरम्। परवासुदेवो रंगेशः प्रत्यक्षं परमं पदम्॥" इत्युच्चार्य्य स्नानं कृत्वोदङ्मुखः "अग्निश्च मा मन्युश्च मन्युपतयश्च मन्युकृतेभ्यः पापेभ्यो रक्षन्ताम्। यदह्नापापमकार्षम्। मनसा वाचा हस्ताभ्यां पद्भ्यामुदरेण शिश्ना अहस्तदवलुम्पतु यत्किञ्चदुरितं मयि। इदमहमापोऽमृतयोनौ सत्ये ज्योतिषि जुहोमि स्वाहा॥" नारायणोपनि० मं० १२॥

इति मंत्रेणाचम्यान्यत्सर्वं पूर्ववदाचरेत् ।

सायंकाल में कावेरी विरजा० इस मंत्र को पढ़ कर स्नान कर के उत्तर मुख बैठ कर अग्निश्च० इस मंत्र से आचमन कर और सन्ध्या वन्दन कर्मको पूर्ववत् करे।

कृतसन्ध्यास्ततो रात्रिं नयेद्देवगृहादिषु ।

हृत्पुण्डरीकनिलये ध्यायेदात्मानमव्ययम् ॥ ल०हा०स्मृ० ६।२१

सन्ध्यावन्दनादि करके देव घर में रात्रि को बितावे और अपने हृदयरुपी कमल में अविनाशी आत्मा का ध्यान करे ॥२१॥

प्रदोषपश्चिमौयामौ वेदाभ्यासेन तौ नयेत् ।

यामद्वयंशयानस्तु ब्रह्मभूयाय कल्पते ॥

रात्रि के पहले पिछले दोनों पहरों को ब्रह्माभ्यास से व्यतीत करे और दो पहर शयन करे जो ब्राह्मण इस आचरण को करता है वह मोक्ष पाता है ।।

निशायाः प्रथमे यामे जपहोमार्चनं श्रुतौ ।

स्वाध्यायो भोजनं प्रोक्तं वर्जयित्वा महानिशाम् ॥ अत्रि स्मृ०

पश्चिमे तु तथा यामे ब्रह्माभ्यासो विधीयते ।

जपस्नानादिकं होमं वर्जयित्वा तु भोजनम् ॥

प्राणायामशतं कुर्यात्प्रायश्चित्तं तथा यतिः ।

नक्तभोजी भवेद्भिक्षुर्मोक्षधर्मानुशासनात् ।

देवोद्याने साधुगृहे महालय सरित्सु च ।

रात्रौगृह्णन्न दुष्येत तटाके विमले ह्रदे ॥

रात्रि के प्रथम पहर में जप, होम, पूजन, वेदाध्ययन और भोजन करना चाहिये और महानिशा में नहीं करना चाहिये। और पिछले पहर में योगाभ्यास जप स्नानादिक करना चाहिये और उस समय में भोजन नहीं करना चाहिये। यदि संन्यासी रात्रि में भोजन करे तो पाप दूर करने के लिये सौ प्राणायाम करे। देवोद्यान में साधु के गृह में तीर्थ स्नान में और नदी के तट पर तथा

विमल तालाब और पोखरे के कीनार पर फलाहार करने से दोष नहीं लगता है ।

यमनियमासनप्राणायामप्रत्याहारधारणाध्यानसमाधियोगशास्त्रे सम्यग्दर्शनसाधनत्वेनविहितास्त एवोच्यन्ते

यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि इन आठों को योग शास्त्र में आत्मदर्शन के लिये साधन कहा है उन सबों को कहता हूँ ।

अहिंसा सत्यमस्तेयं ब्रह्मचर्य्या परिग्रहौ ।
यमाः संक्षेपतः प्रोक्ताश्चित्त शुद्धिप्रदानृणाम् ॥ कूर्म पु०
कर्मणा मनसा वाचा सर्वभूतेषु सर्वदा ।
अक्लेशजननं प्रोक्ता त्वहिंसा परमर्षिभिः ॥
सत्येन सर्वमाप्नोति सत्ये सर्वं प्रतिष्ठितम् ।
यथार्थं कथनाचारः सत्यंप्रोक्तं द्विजातिभिः ॥
परद्रव्यापहरणं चौर्याद्दाथ बलेन वा ।
स्तेयं तस्यानाचरणाद् स्तेयं धर्मशासनम् ॥
कर्मणा मनसा वाचा सर्वावस्थासु सर्वदा ।
सर्वत्र मैथुनत्यागं ब्रह्मचर्यं प्रचक्षते ॥
द्रव्याणामप्यनादानमापद्यपि तथेच्छया ।
अपरिग्रह इत्याहुस्तत्प्रयत्नेन पालयेत् ॥

अहिंसा, सत्य, चोरी न करना, ब्रह्मचर्य रक्षा करना, किसी से दान न लेना, इसको यम कहते हैं यह मनुष्यों के चित्त को शुद्ध करनेवाला है । मन, वाणी और कर्म से किसी जीव को क्लेश न देना इसको ऋषि लोग अहिंसा कहते हैं । सत्य से सब प्राप्त होता है सत्य में सब प्रतिष्ठित है यथार्थ कथन को द्विजाति लोग सत्य कहे हैं । चोरी या बल से दूसरे का धन न लेना इसको अस्तेय कहते हैं । सब अवस्था में मन, वाणी और कर्म से मैथुन परित्याग करने को ब्रह्मचर्य कहते हैं । आपत्ति आने पर भी द्रव्य को न ग्रहण करना इसको अपरिग्रह कहते हैं । इन सबों को यत्न से पालन करे ।

जपस्तूक्तस्तु स्वाध्यायो वेदाध्ययनमेव च ।
जपस्वाध्यायसंतोषाः शौचमीश्वर पूजनम् ।
समस्ता नियमाः प्रोक्ता योगसिद्धि प्रदायकाः ॥
यद्दच्छालाभतो नित्यमलं पुंसोभवेदिति ।
अवस्थामृषयः प्राहुः संतोषं सुख लक्षणम् ॥
बाह्यमाभ्यन्तरं शौचं द्विधा प्रोक्तं द्विजोत्तमाः ।
मृज्जलाभ्यां स्मृतं बाह्यं मनःशुद्धिस्तथान्तरम् ॥
स्तुतिस्मरणपूजाभिर्वाङ् मनःकायकर्मभिः ।
सुनिश्चिलाहरैभक्तिरेतदीश्वरपूजनम् ॥

जप स्वाध्याय, संतोष. शौच और नारायण का पूजन करना ये सब योग सिद्ध करने वाले हैं इसको नियम कहते हैं। जपको पहले कह चुका हूँ अपने वेद को पढ़ना इसको स्वाध्याय कहते हैं। यह अन्तःकरण को शुद्ध करता है। जो अपने से प्राप्त हो उससे सदा जो मनुष्य परिपूर्ण रहता है उसको ऋषि लोग संतोष कहते हैं यह सुख का लक्षण है। बाह्य आभ्यन्तर भेद से शौच दो प्रकार के कहा है सो मट्टी और जल से बाह्य शौच होता है और मनकी शुद्धि से आभ्यन्तर शौच होता है। वाणी, मन और देह से निश्चला भक्ति से युक्त होकर स्तुति स्मरण और विष्णु भगवान का पूजन करना इसको ईश्वर पूजन कहते हैं।

मध्यप्रमाणमचलं सुखदायिशुभंशुचि ।
योगसंसिद्धये भूप योगिनामासनं स्मृतम् ॥
आसनं स्वस्तिकं प्रोक्तं पद्ममर्धासनं तथा ।
साधनानां च सर्वेषामेतत्साधनमुत्तमम् ॥
ऊर्वोरुपरि विप्रेन्द्राः कृत्वापादतले उभे ।
समासीतात्मनः पद्म मेतदासनमुत्तमम् ॥

एकं पादमथैकस्मिन्विन्यस्योरुणिसत्तमाः ।
आसीतार्धासनमिदं योगसाधनमुत्तमम् ॥
उभे कृत्वा पादतले जानूर्वोरन्तरेण हि ।
समासीतात्मनः प्रोक्तमासनं स्वस्तिकं परम् ॥
नद्यास्तीरे पुण्यदेशे देवतायतनेऽथवा ।
गृहे वा सुशुभेदेशे विजने जन्तुवर्जिते ॥
योगी युञ्जीत सततमात्मानंमत्परायणः ।

मध्य प्रमाण युक्त, अचल सुख देनेवाला, शुभ पवित्र आसन योगियों के योग सिद्धि के लिये कहा गया है। स्वस्तिकासन, पद्मासन और अर्धासन ये तीन आसन योग के लिये श्रेष्ठ हैं। अपने दोनों जंघों के ऊपर दोनों पाद तलों को रख कर बैठना इसको पद्मासन कहते हैं। एक जंघा के ऊपर एक पादतल को रखकर बैठना इसको अर्धासन कहते हैं। दोनों पादतलों को दोनों जंघों के बीच में रख कर बैठना इसको स्वस्तिकासन कहते हैं। नदी के तीरपर या पुण्य देश में या देवता के स्थान पर अथवा गृह में या शुभ स्थान में जहाँ पर जीव न हो ऐसे स्थान पर बैठकर सदा योगाभ्यास करे।

प्राणायामस्तथा वायोः प्राणस्य हृदिधारणम् ।
कुंभरेचकपूराख्यास्तस्तभेदास्त्रयो नृप ॥

प्राणवायु को हृदय में धारण करना इसको प्राणायाम कहते हैं ऐराजन, पूरक, कुम्भक रेचक ये तीन प्राणायाम के भेद हैं।

इन्द्रियाणां विचरतां विषयेषु स्वभावतः ।
निग्रहः प्रोच्यते सद्भिः प्रत्याहारः स सत्तमाः ॥

स्वभाव से विषयों में विचरनेवाले इन्द्रियों को रोकना इसको सज्जन लोग प्रत्याहार कहते हैं।

हृत्पुण्डरीके नाभ्यां वा मूर्ध्निपर्वसु मस्तके ।
एवमादिषु देशेषु धारणाचित्तवन्धनम् ॥

हृदय कमल में, नाभि में, ललाट में, पर्व में और शिर में चित्तको रोकना इसको धारणा कहते हैं।

पौनः पुन्येन तत्रैव विषये सैव धारणा ।
ध्यानाख्यां लभते राजन्समाधिमपि मे शृणु ॥

पुनः पुनः उसी विषय में धारणा करना इसको ध्यान कहते हैं ऐ राजन्! मुझसे समाधि को भी सुनो।

अर्थमात्रं तु यद्ग्राह्यं चित्तमादाय पार्थिव ।
अर्थस्वरूपवद्भाति समाधिःसोऽनिभिधीयते ॥

ऐ राजन्! जो कि अर्थमात्र प्रत्यय होवे और अर्थस्वरूप के सदृश ज्ञात होवे तो उसको समाधि कहते हैं।

प्राणायामेन वचनं प्रत्याहारेण चेन्द्रियम् ।
धारणाभिर्वशे कृत्वा पूर्वं दुर्धर्षणं मनः ॥ ल० हा० ७।४
एकाकारमनामन्दं बुद्धौ रूपमनामयम्
सूक्ष्मात्सूक्ष्मतरंध्यायेज्जगदाधारमच्युतम् ॥५॥

प्राणायाम से वाणी को प्रत्याहार से इन्द्रिय को और धारणा से दुर्धर्षमन को वश करे ॥४॥ और मन को वश करके एकाग्र चित्त होकर सूक्ष्म से सूक्ष्म जो जगदाधार विष्णुभगवान है उनका ध्यान करे ॥५॥

यथा रथोऽश्वहीनस्तु यथाश्वो रथिहीनकः ।
एवं तपश्च विद्या च संयुतं भैषजं भवेत् ॥ ल० हा० ७।६
यथान्नं मधुसंयुक्तम् मधु वान्नेन संयुतम् ।
उभाभ्यामपि पक्षाभ्यां यथा खे पक्षिणां गतिः ॥१०॥
तथैव ज्ञानकर्मभ्यां प्राप्यते ब्रह्मशाश्वतम् ।
विद्यातपोभ्यां संपन्नो ब्राह्मणो योगतत्परः ॥११॥

देहद्वयं विहायाशु मुक्तो भवति बन्धनात् ।
न तथा क्षीणदेहस्य विनाशो विद्यते क्वचित् ॥१२॥

जिस प्रकार घोड़े के बिना रथ और सारथी के बिना घोड़ा नहीं चलता है उसी प्रकार से ज्ञान भी तपस्या के बिना साथ हुए कुछ काम नहीं कर सकता है इससे ज्ञान और तप यह दोनों मिलकर संसार के रोग की औषधि है ॥९॥ जिस भांति मीठे से युक्त अन्न और अन्न से युक्त मीठा और जैसे दोनों पंखों से ही आकाश में पक्षियों की गति है ॥१०॥ उसी भांति ज्ञान और कर्म इन दोनों से सनातन ब्रह्म की प्राप्ति होती है ज्ञान और तप से युक्त और योग में तत्पर ब्राह्मण ॥११॥ स्थूल और सूक्ष्म इन दोनों देहों को छोड़ कर बंधन से छूट जाता है इस प्रकार जिसकी देह नष्ट हो गयी है उसका नाश कभी नहीं होता है ॥१२॥

विद्यां चाविद्यां च यस्तद्वेदोभयं सह ।
अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा विद्ययामृतमश्नुते ॥ ईशोप० ११

जो ज्ञान और कर्म इन दोनों को जानता है वह कर्म से प्राचीन बन्धन कारक कर्म को नाश करके ज्ञान से अमृत पाता है ॥११॥

प्राणायामप्रत्याहारधारणात्मध्यानानां प्रधानफलं सम्यक्दर्शनमेव तच्चश्रुतिप्रसिद्धम् तथाहि—तरति शोकमात्मवित् ॥ छान्दो उ० ७।१।३

"स यो ह वै तत्परमं ब्रह्म वेद ब्रह्मैव भवति नास्याब्रह्मवित्कुले भवति तरति शोकं तरति पाप्मानं गुहाग्रन्थिभ्यो विमुक्तोऽमृतो भवति ।"
मुण्डकोप० ३।२।९

"भिद्यते हृदयग्रन्थिश्छिद्यन्ते सर्वसंशयाः क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन्दृष्टे परावरे ।" मुण्डकोप० २।२।८

"तं विदित्वा न लिप्यते कर्मणा पापकेन ॥" बृह० ४।४।२३

"यदैतमनुपश्यत्यात्मानं देवमञ्जसा। ईशानं भूतभव्यस्य न ततो विजुगुप्सते॥" बृह० ४।४।१५

"यदा सर्वे प्रमुच्यन्ते कामायेऽस्य हृदि श्रिताः। अथमर्त्योऽमृतो भवत्यत्र ब्रह्म समश्नुत॥" बृह० ४।४।७ ॥

"स वा एष महानज आत्माजरोऽमरोऽमृतोऽभयो ब्रह्माभयं वै ब्रह्माभयं हि वै ब्रह्म भवति य एवं वेद।" बृ० ४-४-२५ ॥

"नायमात्मा प्रवचनेन लभ्यो न मेधया न बहुना श्रुतेन। यमेवैष वृणुते तेन लभ्यस्तस्यैष आत्मा विवृणुते तनूं स्वाम् ॥" मुण्डकोप० ३।२।३

"एतद्यो वेद निहितं गुहायां सोऽविद्याग्रन्थिं विकिरतीह सोम्य।

मुण्डको० २।१।१०॥

"ब्रह्मविदाप्नोति परम् तदेषाभ्युक्ता सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म यो वेद निहितं गुहायां परमे व्योमन् सोऽश्नुते सर्वान् कामान् सह ब्रह्मणा विपश्चितेति।"

तैत्ति० २।१।१

"नित्यो नित्यानां चेतनश्चेतनानामेको बहूनां योविदधाति कामान् तमात्मस्थं येऽनुपश्यन्ति धीरास्तेषांशान्तिः शाश्वती नेतरेषाम्।"

कठोप० २।२।१३॥

प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा और ध्यान का फल सम्यक् दर्शन है यह श्रुति में प्रसिद्ध है कि "आत्मवेत्ता शोक को तरता है" जो उस परमात्मा को जानता है वह उसके सदृश हो जाता है और शोक को तर जाता है और बन्धन निवृत्त होकर अमृत हो जाता है। परमात्मा को देख लेने पर हृदय की ग्रन्थि छूट जाती है, समस्त संशय दूर हो जाता है और संपूर्ण कर्म नष्ट हो जाते हैं। उस आत्मा को जान कर पाप कर्म से लिप्त नहीं होता है। जब उस आत्मा को भूत भविष्य का ईश देखता है तो किसी की निन्दा नहीं करता है। जब हृदय स्थित समस्त काम निवृत्त हो जाता है तो मनुष्य अमृत हो कर यहाँ ही ब्रह्म को प्राप्त करता है। यह आत्मा अजर, अमर और अभय है ऐसा जो

जानता है वह भी वैसा ही हो जाता है। यह आत्मा प्रवचन से या मेधा से या बहुत श्रवण करनेसे नहीं प्राप्त होता है जिसको वह स्वीकार कर लेता है उसी को प्राप्त होता है। हे सोम्य! जो पुरुष गुहा में स्थित इस को जानता है वह अविद्या की ग्रन्थि को काट देता है। ब्रह्म वेत्ता मोक्ष पाता है सत्य ज्ञान स्वरूप और अनन्त ब्रह्म है उसको हृदय के अष्टदल कमल में जो जानता है वह ब्रह्म के साथ समस्त इच्छित विषयों को पाता है। अनित्यों में भी नित्य और चेतनों का भी चेतन वह एक परमात्मा है जो कि बहुत से जीवों के अभिलषित विषयों को देता है उसको अपने में स्थित जो धीर देखते हैं उन्हीं को शान्ति होती है दूसरों को शान्ति नहीं होती है, इससे योगाभ्यास अवश्य करना चाहिये।

शुचौ देशे प्रतिष्ठाप्य स्थिरमासनमात्मनः।
नात्युच्छ्रितं नातिनीचं चैलाजिनकुशोत्तरम् ॥ गी० ६।११
तत्रैकाग्रं मनः कृत्वा यतचित्तेन्द्रियक्रियः।
उपविश्यासने युंज्याद्योगमात्मविशुद्धये ॥१२॥
समं कायशिरोग्रीवं धारयन्नचलं स्थिरः।
संप्रेक्ष्य नासिकाग्रं स्वं दिशश्चानवलोकयन् ॥१३॥
प्रशान्तात्मा विगतभीर्ब्रह्मचारिव्रते स्थितः।
मनः संयम्य मच्चितो युक्त आसीत मत्परः ॥१४॥
युञ्जन्नेवं सदात्मानं योगी नियतमानसः।
शांन्तिं निर्वाणपरमां मत्संस्थामधिगच्छति ॥१५॥

भगवद्गीता के छठवें अध्याय में लिखा है कि पवित्र स्थान पर सब से नीचे कुशा उस पर मृगचर्म और उसके ऊपर वस्त्र बिछा कर अति ऊँचा या नीचा न हो ऐसा निश्चल अपना आसन योगाभ्यास के लिये बिछावे ॥११॥ और उस आसन पर बैठ कर इन्द्रिय की क्रिया को जीतकर और मन को एकाग्र करके आत्मशुद्धि के लिये योग करे ॥१२॥ देह शिर ग्रीवा को बराबर धारण

करके अचल होकर नाक के अग्रभाग को देखे और दिशाओं को न देखे ॥१३॥ ब्रह्मचारी के व्रत में स्थित शान्त आत्मावाला भय से रहित मन को रोक कर परमात्मा में चित्त को लगाये रहे ॥१४॥ जो योगी मन को रोक कर इस प्रकार से योग को करता है वह त्रिपाद् विभूति को प्राप्त करता है ॥१५॥

बहवो हठयोगमपि कुर्वन्ति तं संक्षेपतः दर्शयामि—

बहुत से हठ योग को भी करते हैं उसको संक्षेप से दिखाता हूँ।

नेतिर्धौतिस्तथा बस्तिस्त्राटकं नौलिकं तथा।
कपालभातिश्चैतानि षट् कर्माणि प्रचक्षते ॥ हठयो० प्रदी०

नेति, धौति, बस्ति, त्राटक, नौलि, कपाल, भाति इस भेद से षट् प्रकार की क्रिया है तिनमें।

सूत्रं वितस्ति सुस्निग्धं नासानाले प्रवेशयेत्।
मुखान्निर्गमयेच्चैषा नेतिः सिद्धैर्निगद्यते ॥

एक वित्ता के कोमल तागा को लेकर नाक के द्वार में प्रवेश करे और मुख से बाहर निकाल लेवे इसको नेति कहते हैं।

चतुरंगुलविस्तारं हस्तपंचदशायतम्।
गुरूपदिष्टमार्गेण सिक्तं वस्त्रं शनैर्ग्रसेत् ॥
पुनः प्रत्याहरेच्चैतदुदितं धौतिकर्म तत् ॥

चार अंगुल चौड़ा और पन्द्रह हाथ लंबा सूक्ष्म वस्त्र ले कर उष्णजल अथवा दुग्ध से भिंजा कर धीरे धीरे लील जावे पुनः नौली कर्म करके शनैः शनैः मुख से बाहर निकाले इसको धौतिकर्म कहते हैं।

नाभिदघ्नजले पायौन्यस्तनालोत्कटासनः।
आधाराकुंचनं कुर्यात् क्षालनं बस्तिकर्म तत्।

गुदाद्वार में वास की फोंफी को प्रवेश करके नाभी भर निर्मल जल में उत्कटासन से बैठ कर गुदा द्वार से जल को ऊपर खींच ले पश्चात् नौलिकर्म करके जलको छोड़ दे इसको वस्ति कर्म कहते हैं।

निरीक्षेन्निश्चलदृशा सूक्ष्मलक्ष्यं समाहितः ।

अश्रुसंपातपर्यन्तमाचार्यैस्त्राटकं स्मृतम् ॥

दोनों नेत्रों को खोलकर जबतक अश्रुपात न होवे तब तक एकटक सूक्ष्म दृष्टि से नासिका के अग्रभाग को देखता रहे इसको आचार्य लोग त्राटक कहते है ।

अमंदावर्तवेगेन तुन्दं सव्यापसव्यतः ।

न तां सोभ्रामयेद्देषा नौलिः सिद्धैः प्रचक्षयते ॥

गर्दन को नीचे करके दोनों हाथ जंघो पर धरे इसके बाद प्राण के रेचक पूर्वक पेट के दोनों नलों को उठाकर शीघ्रता से बारम्बार दहिने बांये तरफ फिरावे इस को सिद्ध लोग नौलि कहते है ।

भस्त्रावल्लोहकारस्य रेचपूरौससंभ्रमौ ।

कपालभाति र्विख्याता कफदोषविशोषिणी ॥

लोहार की भाथी के सदृश शीघ्र जो रेचक पूरक का करना है इसको कफ के दोष नाश करनेवाली कपालभाति कहते हैं ।

तपस्विभ्योऽधिको योगी ज्ञानिभ्योऽपि मतोऽधिकः ।

कर्मिभ्यश्चाधिको योगी तस्माद्योगी भवार्जुन ॥ गी० ६।४६

ये अर्जुन ! तपस्वियों से और केवल शास्त्र ज्ञानियों से और कर्मियों से भी योगी श्रेष्ठ है इससे तुम योगी हो जाव । इस भगवदाज्ञा से और भूतयोगी, नाथमुनी प्रभृति के शिष्टाचार से भी अवश्य योगाभ्यास करना चाहिये ।

इति श्रीमद्वेदमार्गप्रतिष्ठापनाचार्यउभयवेदान्तप्रवर्तकाचार्यश्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यसत्सम्प्रदायाचार्यजगद्गुरुभगवदनन्तपादीयश्रीमद्विष्वक्सेनाचार्यत्रिदण्डिस्वामिसम्पादितयतीन्द्रधर्ममार्तण्डका षष्ठ-उल्लास समाप्त हुआ ।

सप्तमोल्लासः

मंगलं गुरुवर्याय मंगलं गुणसिन्धवे ।

वादिभीति करार्याय नित्मश्रीर्नित्यमंगलम् ॥

गुरुओं में श्रेष्ठ और गुण के सागर वादियों के भय देनेवाले जो प्रति-वादि भयङ्कराचार्य हैं उनका सदा मंगल हो, मंगल हो।

अषाढ़े तु सितेपक्षे एकादश्यामुपोषितः।
चातुर्मास्यव्रतंकुर्याद्यत्किंचिन्नियतोनरः ॥ भारते
वार्षिकांश्चतुरोमासान् वाहयेत्केनचिन्नरः।
व्रतेननोचिदाप्नोति किल्विषंवत्सरोद्भवम् ॥

आषाढ़ शुक्ल एकादशी को व्रत करके मनुष्य किसी न किसी चातुर्मास्य व्रत प्रारम्भ करे क्योंकि भारत में लिखा है कि वर्षा के चार महीने किसी न किसी व्रत से मनुष्य व्यतीत करे, न करने से वर्ष दिन के पाप को पाता है।

चतुर्धा गृह्य वै चीर्णं चातुर्मास्यव्रतं नरः।
कार्तिकेशुक्लपक्षे तु द्वादश्यांतत्समापयेत्। हेमाद्रौभारते
प्रतिवर्षं च यः कुर्यादेवं वै संस्मरन् हरिम्।
देहान्तेऽति प्रदीप्तेन विमानेनार्कवर्चसा।
मोदते विष्णुलोकेऽसौ यावदाभूतसंप्लवम्। भवि० पु०

मनुष्य चार प्रकार के चातुर्मास्य व्रत ग्रहण करके कार्तिक शुक्ल द्वादशी को समाप्त करे। जो मनुष्य हरिका स्मरण करता हुआ प्रति वर्ष चातुर्मास्य व्रत को करता है वह सूर्य के प्रकाश सदृश बिमान में बैठ कर प्रलय पर्यन्त विष्णु लोक में आनन्द भोगता है।

व्रतग्रहणप्रकारस्तु हेमाद्रौ भविष्ये—

महापूजां ततःकुर्याद्देवदेवस्य चक्रिणः।
जातीकुसुममालाभिर्मन्त्रेणानेन पूजयेत् ॥
सुप्ते त्वयि जगन्नाथे जगत्सुप्तं भवेदिदम्।
विबुद्धे च विबुद्ध्येत प्रसन्नो मे भवाच्युत ॥
एवं तां प्रतिमां विष्णोः पूजयित्वा स्वयं नरः।

प्रभाषेताग्रतो विष्णोः कृताञ्जलिपुटस्तथा ॥
चतुरो वार्षिकान्मासान् देवस्योत्थापनावधि ।
इमं करिष्ये नियमं निर्विघ्नं कुरुमेऽच्युत ।
इमं व्रतं मया देव गृहीतं पुरतस्तव।
निर्विघ्नं सिद्धिमायातुप्रसादात्तवकेशव ॥
गृहीतेऽस्मिन् व्रते देव पञ्चत्वं यदि मे भवेत् ।
तदाभवतुसम्पूर्णं त्वत्प्रसादाज्जनार्दन ॥

व्रत ग्रहण करने का प्रकार तो हेमाद्रि में भविष्य पुराण के वाक्य में लिखा है कि देवताओं के देव चक्रधारी विष्णु भगवान् की पूजा जूही के फूलों की माला अर्पण करके मंत्र से करे। हे जगन्नाथ आप जब शयन करते हैं तो समस्त जगत् सोता है और जब आप जागते हैं तो सम्पूर्ण जगत् जागता है इससे हे अच्युत ! आप प्रसन्न होइये, इस प्रकार मनुष्य विष्णु की प्रतिमा का पूजन करके विष्णु भगवान् के आगे हाथ जोड़ कर प्रार्थना करे कि हे अच्युत ! वर्षा के चार मास आपके उठने पर्यन्त इस व्रत को करूंगा, निर्विघ्न कीजिये। यह व्रत मैंने आपके आगे ग्रहण किया है सो हे केशव आपकी कृपा से निर्विघ्न सिद्ध हो। यदि इस व्रत के ग्रहण करने पर मेरा मरण हो जाय तो भी हे जनार्दन ! आपके प्रसाद से यह व्रत पूर्ण हो जाय।

चत्वार्य्येतानि नित्यानि चतुराश्रमवर्णिनाम् ।
प्रथमे मासि कर्तव्यं नित्यं शाकव्रतं नरः ॥ स्क०पु०चातुर्मास्य
द्वितीये मासि कर्तव्यं दधिव्रतमनुत्तमम् ।
पयोव्रतं तृतीये तु चतुर्थेऽपि निशामय ॥
द्विदलं बहुबीजंचवृन्ताकञ्च विवर्जयेत् ।
नित्यान्येतानि विप्रेन्द्र व्रतान्याहुर्मनीषिणः ॥
जम्बीरं राजमाषांश्च मूलकं रक्तमूलकम् ।

कुष्माण्डं चेक्षुदण्डं च चातुर्मास्ये त्यजेद्बुधः ॥
विशेषाद्बदरीं धात्रीं कुष्माण्डंतिन्तिडींत्यजेत् ।
जीर्णं धात्रीफलं ग्राह्यं कथंचित्कायशोधनम् ॥

स्कन्दपुराण के चातुर्मास्य कल्प में लिखा है कि चारो आश्रम और चारों वर्णों को ये चार सदा करना चाहिये कि श्रावन महीने में शाक को, भादो में दही को, आश्विन में दुग्ध को और कार्तिक में दाल और बहुत बीज वाले बैंगन आदि को त्याग देना चाहिये। हे विप्रेन्द्र, बुद्धिमानों ने यह नित्य व्रत कहे हैं जम्बीरी नीम्बू, लोबिया, मुरई, सलगम, काशीफल, ऊख इन सबों को चातुर्मास्य में परित्याग करो। विशेष से बईर, अंवरा, काशीफल, इमिली को छोड़ दे, किसी प्रकार देह की शुद्धि करनी होय तो पुराना अंवरा ग्रहण करे।

ब्रह्मचर्यं तथा शौचं सत्यमामिषवर्जनम् ।
व्रतेष्वेतानिचत्वारि वरिष्ठानीतिनिश्चयः ॥ देवल०

व्रतों में ये चार व्रत अत्यन्त श्रेष्ट हैं, ब्रह्मचर्य और पवित्रता तथा सत्य बोलना और मांस का त्याग करना।

गोछागीमहिषीदुग्धादन्यदुग्धादि चामिषम् ।
धान्येमसूरिकाः प्रोक्ता अन्नं पर्युषितंतथा ॥ पद्मपु० का० मा०
द्विजक्रीतारसाः सर्वे लवणंभूमिजं तथा ।
ताम्रपात्रस्थितं गव्यं जलं पल्वलसंस्थितम् ॥
आत्मार्थं पाचितं चान्नं आमिषंतत्स्मृतं बुधैः ॥

पद्म पुराण के कार्तिक माहात्म्य में लिखा है कि गौ, बकरी, भैंस के दूध से अन्य दूध भी मांस है और अन्न में मसूर और बासी अन्न तथा ब्राह्मण से खरीदे हुए सम्पूर्ण रस और भूमि में उत्पन्न लवण, ताम्बे के पात्र में स्थित गव्य, छोटे सरोवर का जल और अपने निमित्त पकाया अन्न यह सब पंडितों ने मांस कहा है।

आषाढ़ादिचतुर्मासं वर्जयेन्नखकृन्तनम् ।
वृन्ताकं गृञ्जनं चैव मधुसर्पिर्घटोचितम् ॥
कार्तिक्यांतत्पुनर्हेमं ब्राह्मणाय निवेदयेत् ॥ नि० सि० ३ प०

आषाढ़ आदि चार महीनों में नखों को न कटावे और बैगन, गाजर को भी न खाय और कार्तिक की पूर्णिमा को मधु और घी से युक्त सोने का घड़ा ब्राह्मण को देवे (यह दान सन्यासी के लिये नहीं विधान हैं।)

सिंह कर्कटयोर्मध्ये सर्वा नद्यो रजस्वालाः ।
तासु स्नानं न कुर्वीत वर्जयित्वा समुद्रगाः ॥ व्याघ्र०

सिंह और कर्क के मध्य में सभ नदी रजस्वाला होती हैं उनमें समुद्र में जानेवाली नदियों को छोड़कर और नदियों में स्नान न करे।

गंगा च यमुना चैव प्लक्षजाता सरस्वती ।
रजसा नाभिभूयन्ते ये चान्ये नदसंज्ञिता ॥ देवल०
शोण सिन्धु हिरण्याख्याः कोकलोहितघर्घराः ।
शतद्रूश्च नदाः सप्तपावनाः परिकीर्तिताः ॥

देवल ने कहा है कि गंगा, यमुना, प्लक्ष जाता, सरस्वती और जो नदसंज्ञक हैं ये सब रज से दूषित नहीं होते हैं। शोण, सिन्धु, हिरण्य कोक, लोहित, घर्घर और शतद्रू, ये सात नद पवित्र कहा है।

वार्षिकांश्चतुरो मासान् प्रसुप्ते वै जनार्दने ।
मंचखट्वादिशयनं वर्जयेद्भक्तिमान्नरः ॥ तीर्थ सौ०

वर्षा के चार महीने में नारायण सोते हैं इससे उस समय में मनुष्य मञ्च और खट्वा को त्याग देवे।

वर्षासु ध्रुवशीलोऽष्टौमासानेकाकी यतिश्चरेत् ।

संन्यासी चार मास वर्षा में एकत्र निवास करे और आठ मास पृथ्वी पर भ्रमण करे।

चतुरोमासान्वार्षिकान्ग्रामे नगरे वा पि वसेत् ॥ कठश्रु०

वर्षा का चार मास ग्राम या नगर में निवास करे ।

अष्टौ मासान्विहारःस्याद्यतीनां संयतात्मनाम् ।

एकत्र चतुरोमासान्वार्षिकान्निवसेत्पुनः ॥ मत्स्यपु०

संन्यासियों के विहार के लिये आठ मास है और वर्षा का चार मास एक स्थान पर निवास करना चाहिये ।

वर्षास्वेकत्रतिष्ठेत स्थाने पुण्यजलावृते ।

आत्मवत्सर्वभूतानि पश्यन्भिक्षुश्चरेन्महीम् ॥ अत्रिस्मृ०

संन्यासी वर्षा काल में जहाँ पर पवित्र नदी हो वहाँ चार मास रहे इसके बाद आत्मवत्समस्त जीवों को देखता हुआ पृथ्वी पर घूमे ।

कुछ लोग निम्न वाक्यानुसार दो मास का ही चातुर्मास करते हैं ।

"पक्षा वै मासो इति द्वौ मासौ वा वसेत् ॥ सन्यासोप० १अ०

एक पक्ष को एक मास मान कर दो मास चातुर्मास के लिये रहे । अर्थात् श्रावण और भाद्रपद दो मास ही रहे ।

यावद्वर्षत्यकालेऽपि यावत्क्लिन्नाच मेदिनी ।

तावन्न विचरेद्भिक्षुः स्वधर्मं परिपालयन् ॥ मेधातिथि

कक्षोपस्थ शिखावर्जं पूर्णिमायां हि वापयेत् ।

वपनानन्तरं स्नायान्मृद्भिर्द्वादशभिर्यतिः ॥

द्वादशैव प्रकुर्वीत क्षौरान्ते प्राणसंयमान् ।

आषाढ्यां पौर्णमास्यां तु कारयेद्वपनं यतिः ॥

मेधातिथि ने कहा है कि जब तक अकाल में भी वर्षा होवे और पृथिवी गीली रहे तब तक स्वधर्म पालन करता हुआ संन्यासी भ्रमण न करे । काँख, उपस्थ और शिखा को बचाकर पूर्णिमा को हजामत बनावे और हजामत बनवा कर द्वादश बार मृत्तिका से स्नान करे और संन्यासी क्षौर के अन्त में बारह प्राणायाम करे आषाढ़ की पूर्णिमा को क्षौर करावे ।

ततः पुरुषोत्तमं पूजयित्वा संकल्पं कुर्यात् ।

क्षौर से बाद नारायण का पूजन करके संकल्प को करे कि—

असति प्रतिबन्धे तु मासान्वै वार्षिकानिह ।
निवसामीति संकल्प्य मनसा बुद्धिपूर्वकम् ॥ अत्रिस्मृ०
माधवश्चतुरोमासान्सर्वभूतहिताय वै ।
स्वापं यास्यतिशेषांके लक्ष्म्यासह जगत्पतिः ॥
सुप्तश्चैवोत्थितोयावन्न भवेत्स सनातनः ।
अहंतावन्निवत्स्यामि सर्वभूतहिताय वै ॥

ऐ भगवान् ! यदि कोई विघ्न न होगा तो यहां पर मैं वर्षा का चार मास निवास करूंगा क्योंकि चार मास सब भूत के कल्याण के लिये नारायण भगवान लक्ष्मी के साथ शेषराज के अङ्क में सोते हैं जब तक वह नहीं उठेंगे तब तक मैं यहां पर जीवों के कल्याण के लिये निवास करूंगा ।

तेषु मासेषु केशादीन्पूर्णिमायां न वापयेत् ।
नदीं च न तरेत्तेषु क्रोशादूर्ध्वं न च व्रजेत् ॥ अत्रिस्मृ०
वापयेद्यदिकेशादीनुत्तरेद्यदिवानदीम् ।
प्राजापत्यं चरेच्छुद्ध्यै प्राणायामशतत्रयम् ॥
स्थितियोग्यान्बहून्ग्रामान्यदि वर्षासुलङ्घयेत् ।
प्रत्येकैकं चरेत्कृच्छ्रमेतत्पापात्प्रमुच्यते ॥
वर्षाभेदं यतिः कुर्याद्यदिकश्चिदनापदि ।
प्राजापत्येन कृच्छ्रेण मुच्यते नात्रसंशयः ॥

अत्रि का वाक्य है कि चातुर्मास्य में क्षौर आदि कर्म न करावे तथा न दीन तरे और ग्राम की सीमा लम्बा होने पर भी क्रोश से अधिक न चले यदि क्षौर करावे और नदी तरे तो शुद्धि के लिये प्राजापत्य करके तीन सौ प्राणायाम करे रहने योग्य ग्रामों के रहते हुए यदि वर्षा में चले तो हर एक ग्राम के प्रति-

कृच्छ्र व्रत करे तो पाप से छूटता है और विना आपत्ति के यदि कोई संन्यासी वर्षाभेद करे तो प्राजापत्य कृच्छ्र करने से पाप छुटता है इसमें संशय नहीं है।

चतुर्धागृह्यवैचीर्णं चातुर्मास्यव्रतं नरः।
कार्तिके शुक्लपक्षे तु द्वादश्यां तत्समापयेत् ॥ महाभा०

मनुष्य चार प्रकार चतुर्मास्य व्रत को करके कार्तिक शुक्ल द्वादशी को समाप्त करे और पूर्णिमा को संन्यासी क्षौर बनवावे।

गुरुं नत्वा शिरस्यम्भः क्षालनं तदनन्तरम्।
आचम्य वाग्यतो यत्नात्सवासाः क्षौरमावपेत् ॥
अन्तर्धायतृणं किंचित्तत्र निक्षेपयेद्यतिः।
क्षुरं संदर्शनं चैव तथा नखनिकृन्तनम् ॥
अभिमंत्र्य द्विषड्वारं प्रणवैः प्रोक्षयेज्जलम्।
क्षुरमादाय तारेणश्मश्रु केशान्निकृत्य च ॥
शिरोरुहांस्ततो नासास्थितांश्च प्रयतो यतिः।
कारयेत्कारवादस्थनखानां च निकृन्तनम् ॥
द्विषड्बारं निमज्ज्याप्सु तीरं गत्वोपविश्य च।
पञ्चैकादशवारं च सम्यगाचम्ययत्नतः ॥
प्राणायामांस्ततः कुर्यात्पंचैकादशसंख्यया।
क्षौरस्नानं यतीनां तु व्यासवर्यैः प्रकीर्तितम् ॥

गुरुको नमस्कार और जल से शिरका प्रक्षालन करके आचमन कर मौन हो वस्त्र के साथ क्षौर करावे तृण रख कर बारह वार प्रणव से अभिमंत्रित करके जल उस पर छींटे इसके बाद नापित छूरा लेकर शीघ्रता से श्मश्रु बना कर शिर के केश को बनावे इसके बाद दोनों भौहों के अन्दर को बना कर हाथ और पैर के नखों को काटे इसके बाद संन्यासी बारह बार मिट्टी और जल से स्नान कर के तीर पर बैठ कर सावधान हो सोरह वार आचमन करे और उतना ही प्राणायाम करे यह क्षौर स्नान संन्यासियों के लिये व्यासजी कहे है।

उदङ्मुखः प्राङ्मुखो वा वपनं कारयेत्सुधीः ।

केशश्मश्रु लोमनखान्युदक् संस्थानिवापयेत् ॥ य० ध० सं०

दक्षिणं कर्णमारभ्य धर्मार्थे पापसंचये ।

शिखाद्यं नवसंस्कारे शिखाद्यन्तं शिरोवपेत् ॥

ज्ञानी तीर्थ में पूर्व मुख या उत्तर मुख बैठकर जल के पास दक्षिण कर्ण से लेकर समस्त केशश्मश्रु और नख को बनवावे और धर्म के कार्य में भी वैसे ही करे और पाप कर्म में शिखा से प्रारम्भ करके समस्त बाल को बनवावे और चूड़ाकरण में दक्षिण कर्ण से लेकर शिखा पर्यन्त और शिखा से लेकर वाम कर्ण पर्यन्त हजामत बनवावे ।

वपनान्तरं स्नात्वापूजयेत्पुरुषोत्तमम् ॥

क्षौर के अन्त में स्नान करके नारायण का पूजन करे ।

चातुर्मास्यव्रतानां च समाप्तिः कार्तिकेस्मृता । लघुनारदी०

चातुर्मास्य व्रत की समाप्ति कार्तिक मास में करे ।

इदं व्रतं मया देव कृतं प्रीत्यै तव प्रभो ।

न्यूनं सम्पूर्णतांयातुत्वत्प्रसादाज्जनार्दन ॥ निर्णयामृत

हे देव आपकी प्रसन्नता के लिये यह व्रत मैंने किया है । हे जनार्दन ! आपके प्रसाद से जो न्यूनता हो सो परिपूर्ण हो जाय ।

एवं चातुर्मास्यव्रतं कृत्वा तदन्ते पञ्चकलशजलेन स्नानंविधाय नवाम्बरं काषायरञ्जितं घृत्वा यथाशक्ति हावयित्वा ब्राह्मणान् भोजयेत् ।

इस प्रसार चातुर्मास्य व्रत करके पांच कलश के जल से स्नान करके नया काषाय वस्त्र धारण करके यथाशक्ति ग्राम वालों से हवन कराके ब्राह्मण भोजन करवावे ।

हरेर्बोधे प्रकर्तव्यं न्यासं क्षौरं तथाटनम् ।

अबोधेन पुनः कार्यं संकटे तु यथासुखम् ॥

नारायण के जागने पर तो न्यास, क्षौर और भ्रमण करे और शयन करने पर उक्त कार्य न करे, संकट में जैसे सुख हो वैसे करे।

ब्राह्मणस्य हि देहोऽयंनोपभोगाय जायते।

इहक्लेशाय महते प्रैत्यानन्तसुखाय च ॥ भविष्य०

ब्राह्मण का यह देह उपभोग के लिये नहीं उत्पन्न होता है। इस लोक में बड़ा भारी क्लेश से भगवद्भजन करके परलोक में अनन्त सुख के लिये उत्पन्न होता है।

इति श्रीमद्वेदमार्गप्रतिष्ठापनाचार्यउभयवेदान्तप्रवर्तकाचार्यश्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यसत्सम्प्रदायाचार्यजगद्गुरुभगवदनन्तपादीयश्रीमद्विष्वक्सेनाचार्यत्रिदण्डिस्वामिसम्पादितयतीन्द्रधर्ममार्तण्डका

सप्तम-उल्लास समाप्त हुआ।

अष्टमोल्लासः

श्रीवत्सवंशकलशोदधिपूर्णचन्द्रम्।

श्रीकृष्णसूरिपदपंकज भृङ्गराजं ॥

श्रीरङ्गवेङ्कटगुरूत्तमलब्धबोधम्।

भक्त्याभजामिगुरुवर्य्यमनन्तसूरिम् ॥

श्रीवत्सवंश रूप समुद्र को विकसित करने के लिये पूर्ण चन्द्रमा और श्रीकृष्ण सूरि के चरणाबिन्द के भृङ्गराज और श्री रंगवेङ्कट गुरु से उत्तम ज्ञान सम्पादन किये हुए जो भगवाननन्ताचार्य जी महाराज श्रेष्ठ गुरु हैं उनको भक्ति से मैं भजन करता हूँ।

सत्यं ब्रूयात्प्रियंब्रूयान्नब्रूयात् सत्यमप्रियम्।

प्रियं च नानृतं ब्रूयादेष धर्मः सनातनः ॥मनु० ४।१३८

सच्चा बोले, प्रिय बोले और सत्य अप्रिय न कहे तथा प्रिय भी बात झूठ न कहे यह वैदिक सनातन धर्म है ॥१३८॥

आचारः परमो धर्मः सर्वेषामिति निश्चयः।
हीनाचारपरीतात्मा प्रेत्य चेह विनश्यति ॥ वशि० स्मृ० ६।१
नैनं तपांसि न ब्रह्म नाग्निहोत्रं न दक्षिणा।
हीनाचारमितो भ्रष्टं तारयन्ति कथंचन ॥२॥
आचारहीनं न पुनंति वेदा यद्यप्यधीताः सह षड्भिरंगैः।
छंदांस्येनं मृत्युकाले त्यजन्ति नीडं शकुन्ता इव जातपक्षाः ॥३॥
आचारहीनस्य तु ब्राह्मणस्य वेदाः षडंगास्त्वखिला सयज्ञाः।
कां प्रीतिमुत्थापयितुं समर्था अंधस्य दारा इव दर्शनीयाः ॥४॥

यह निश्चय है कि आचार सबका परमधर्म है। आचार भ्रष्ट मनुष्य इस लोक और परलोक में नष्ट होता है ॥१॥ जो मनुष्य आचार से रहित भ्रष्ट है उसको तपस्या, वेदाध्ययन, अग्निहोत्र और दक्षिणा ये सब किसी प्रकार से उद्धार नहीं कर सकते है ॥२॥ यद्यपि षडँग सहित वेद पढ़ा है परन्तु जो आचार हीन है उसको वेद पवित्र नहीं कर सकता है, जैसे अग्नि से तपाये खोंते को पक्षी त्याग देते हैं वैसे ही आचार हीन को मृत्यु समय में वेद त्याग देते हैं ॥१३॥ आचार से हीन ब्राह्मण को पक्ष सहित वेद और छव अंग किसी प्रीति को उत्पन्न नहीं कर सकते हैं जैसे अन्धे को सुन्दर दर्शनीय स्त्री ॥४॥

आचाराल्लभते धर्ममाचाराल्लभते धनम्।
आचाराच्छ्रियमाप्नोति आचारोहंत्यलक्षणम्॥ वशि० स्मृ०
सर्वलक्षणहीनोऽपि यः सदाचारवान्नरः।
श्रद्दधानोऽनसूयश्च शतं वर्षाणि जीवति ॥८॥

आचार से धर्म प्राप्त होता है तथा आचार से धन प्राप्त होता है और आचार से लक्ष्मी की प्राप्ति होती हैं तथा आचार दुष्ट लक्षणों का नाश करता है ॥७॥ जो मनुष्य समस्त लक्षणों से हीन होकर भी केवल एक सदाचार को करने वाला है, श्रद्धालु और निन्दा सहित वह मनुष्य सौ वर्ष तक जीता है ॥८॥

दण्डात्मनोस्तु संयोगः सर्वदैव विधीयते ।
न दण्डेन विना गच्छेदिषुक्षेपत्रयं बुधः ॥ जमदग्नि स्मृ०
जलाम्बरादिषु क्षिप्ते न कश्चिद्दोषभाग्भवेत् ।
शिष्यादिभिर्विनीतेऽपि नीत एव स आत्मना ॥
हस्तपादादिवच्छिष्य इति शिष्टा ब्रुवन्ति हि ।

त्रिदंड और देह का संयोग सर्वदा विधान है ज्ञानी तीन इषुक्षेप से अधिक बिना त्रिदण्ड के न चले । जल या वस्त्र में रखने से दोष नहीं होता है शिष्य के लेने पर कोई हानि नहीं, क्योंकि अपना हाथ पैर के तुल्य शिष्य है ऐसा शिष्टजन कहे हैं ।

अहिंसा सत्यमस्तेयं ब्रह्मचर्यमफल्गुता ॥ ल०वि०स्मृ० ४।४
दयां च सर्व भूतेषु नित्यमेतद्यतिश्चरेत् ।
ग्रामान्ते वृक्षमूले च नित्यकालनिकेतनः ॥५॥
पर्यटेत्कीटवद्भूमिं वर्षास्वेकत्रसंविशेत् ।
बृद्धानामातुराणां च भीरूणां संगवर्जितः ॥६॥
ग्रामे वापि पुरे वापि वासो नैकत्र दुष्यति ।
कौषीनाच्छादनं वासः कन्थां शीतापहारिणीम् ॥७॥
पादुकेचापि गृह्णीयात्कुर्यान्नान्यस्य संग्रहम् ।
संभाषणं सह स्त्रीभिरालंभप्रेक्षणे तथा ॥८॥
नृत्यं गानं सभां सेवां परिवादांश्च वर्जयेत् ।
वानप्रस्थगृहस्थाभ्यां प्रीतिंयत्नेन वर्जयेत् ॥९॥

अहिंसा, सत्य, चोरी को छोड़ना, ब्रह्मचर्य, निरर्थकपन का त्याग ॥४॥ समस्त प्राणियों पर दया करना संन्यासी इन कर्मों को नित्य प्रति अवश्य करे ग्राम के निकट किसी वृक्ष के नीचे सदा स्थान बनवा कर रहे ॥५॥ वर्षा ऋतु में एक स्थान पर रहे और कीड़े के समान पृथ्वी पर भ्रमण करे बृद्ध रोगी भीरु

का साथ न करे ॥६॥ वर्षा काल के समय ग्राम में या नगर में जो यति एक स्थान में रहता है वह दूषित नहीं होता। लंगोटी चद्दर और शरदी न लगे ऐसी दुलाई ॥७॥ और खड़ाऊँ इनको ग्रहण करे और वस्तु का संग्रह न करे, स्त्रियों का स्पर्श और उनके साथ वार्तालाप तथा देखना ॥८॥ नाच, गान, सभा नौकरी, निन्दा इनको छोड़ दे वानप्रस्थ और गृहस्थ से प्रीति न रखे ॥६॥

ततः प्रभृति पुत्रादौ स्नेहालापादिवर्जयेत्।
बंधूनामभयं दद्यात्सर्वभूताभयं तथा॥ ल० हा० ६।५

संन्यास लेने के समय से पुत्रादिकों का स्नेह और संभाषणादि को त्याग दे और अपने बंधु तथा सम्पूर्ण प्राणियों को अभय दान देवे ॥५॥

अग्न्यगारे गवांगोष्ठे देव ब्राह्मण सन्निधौ।
आचरेज्जप काले च पादुकानां विसर्जनम्॥ अंगिरा स्मृ०

अग्नि होत्रशाला गोशाला और देवता ब्राह्मण के निकट जपके समय में खड़ाउं को त्याग दे ॥६०॥

एक एव चरेन्नित्यं सिद्ध्यर्थमसहायवान्।
सिद्धिमेकस्य संपश्यन्न जहाति न हीयते॥ मनु० ६।४२
अनग्निरनिकेतः स्याद्ग्राममन्नार्थमाश्रयेत्।
उपेक्षकोऽसंकुसुको मुनिर्भावसमाहितः॥४३॥
नाभिनन्देत मरणं नाभिनन्देत जीवितम्।
कालमेव प्रतीक्षेत निर्देशं भृतको यथा॥४५॥
दृष्टिपूतं न्यसेत्पादं वस्त्रपूतं जलं पिवेत्।
सत्यपूतां वदेद्वाचं मनः पूतं समाचरेत्॥४६॥
अतिवादांस्तितिक्षेत नावमन्येत कंचन।
न चेमं देहमाश्रित्य बैरं कुर्वीत केनचित्॥४७॥
अल्पान्नाभ्यवहारेण रहः स्थानासनेन च।

ह्रियमाणानि विषयैरिन्द्रियाणि निवर्त्तयेत् ॥५६॥
संरक्षणार्थं जन्तूनां रात्रावहनि वा सदा ।
शरीरस्यात्यये चैव समीक्ष्य वसुधां चरेत् ॥६८॥
अह्ना रात्र्या च याञ्जन्तून्हिनस्त्यज्ञानतो यतिः ।
तेषां स्नात्वा विशुद्ध्यर्थं प्राणायामान्षडाचरेत् ॥६६

मनुस्मृति के छठमें अध्याय में लिखा है कि मोक्ष के लिये सहाय रहित अकेले सदा भ्रमण करे एककी सिद्धि देखता हुआ वह किसी को नहीं छोड़ता है और न वह किसी से छोड़ा जाता है ॥४२॥ लौकिक अग्नि के छूने से तथा घरसे रहित और उपेक्षक स्थिर बुद्धिवाला नारायण में एकाग्र मन करके भिक्षा के लिये ग्राम जावे ॥४३॥ जीने और मरने की इच्छा न करे किन्तु मरण काल की प्रतीक्षा करे जैसे सेवक अपने सेवन काल की प्रतीक्षा करता है ॥४५॥ आंखों से देखकर भूमि में पैर रक्खे और वस्त्र से छान कर जल पीवे तथा सत्य से पवित्र वाणी बोले और मन को पवित्र करे ॥४६॥ दूसरे की कठोर बातों को सह ले किसी का अपमान न करे और इस देह को पाकर किसी से बैर न करे ॥४७॥ थोड़े आहार के करने से और एकान्त स्थान में रहने से विषयो से खींची गयी इन्द्रियों को विषयों से हटावे ॥५६॥ जीवों की रक्षा के लिये रात्रि में अथवा दिन में सदा शरीर के दुःख होने पर भी भूमिको देख कर चले ॥६८॥ संन्यासी अज्ञान से रात दिन में जिन प्राणियों को मारता है पाप दूर करने के लिये स्नान करके छव प्राणायामो को करे ॥६६॥

चतुर्भिरपि चैवैतैर्नित्यमाश्रमिभिर्द्विजैः ।
दशलक्षणको धर्मः सेवितव्यः प्रयत्नतः ॥ मनु० ६।६१
धृतिः क्षमा दमोऽस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः ।
धीर्विद्या सत्यमक्रोधो दशकं धर्मं लक्षणम् ॥६२॥

ब्रह्मचर्यादि चारों आश्रमी द्विजों करके दश प्रकार का स्वरूपवाला धर्म यत्न से सदा करने योग्य है ॥६१॥ धीरता, क्षमा, विषयों से मन को रोकना, अन्याय से पराये धन को न लेना, मिट्टी और जल से देह को शुद्ध करना

इन्द्रियों को रोकना शास्त्र आदि के तत्व का ज्ञान और आत्मज्ञान तथा यथार्थ कहना और क्रोध न होना यह दश प्रकार का धर्म का स्वरूप है ॥९२॥

आत्मशय्या च वस्त्रं च जायापत्यं कमण्डलुः ।
आत्मनः शुचिरेतानि परेषामशुचीनि तु ॥ आपस्त० स्मृ० २।४

अपनी शय्या, अपनी स्त्री, अपना वस्त्र, अपनी सन्तति और अपना ही कमण्डलु पवित्र है दूसरे मनुष्यों का कभी शुद्ध नहीं है ॥४॥

वेदाभ्यासरतो नित्यमात्मविद्यापरायणः । संव० स्मृ० १०२।४
एकाकी चिन्तयेन्नित्यं मनोवाक्कायकर्मभिः ॥ संव० स्मृ १०४

सदा वेद के अध्यास में और आत्मविद्या में तत्पर रहे और मन, बचन, कर्म से अकेले सदा नारायण का चिन्तवन करे ॥१०४॥

शिरोवेष्ट्यन्तु यो भुंक्ते दक्षिणाभिमुखस्तु यः ।
वामपादे करं न्यस्य तद्वै रक्षांसि भुञ्जते । परा० स्मृ० १।५०

जो शिर को ढांक कर तथा बाम पैर पर हाथ धरकर और दक्षिण मुख करके भोजन करता है वह राक्षसी भोजन है ॥५०॥

शुक्ल वस्त्रं च यांनं च तांबूलं धातुमेव च ।
प्रतिगृह्य कुलं हन्यात्प्रतिगृह्णाति यस्य च ॥ परास्मृ० १।६१

जो संन्यासी श्वेत वस्त्र, वाहन, पान और धातु आदि का प्रतिग्रह लेते हैं वह अपने कुल को और देनेवाले के भी कुल को नाश करते हैं ॥६१ ।

भिक्षाटनं जपोध्यानं स्नानं शौचं सुरार्चनम् ।
कर्तव्यानि षडेतानि यतिना नृपदण्डवत् ॥ मेधातिथिः

भिक्षा मांगना तथा जप, ध्यान, स्नान पवित्रता और नारायण का पूजन ये छव कर्म राजदंड के सदृश अवश्य करना चाहिये ।

ब्रह्मचर्य्यं सदा रक्षेदष्टधामैथुनं पृथक् ।
स्मरणं कीर्तनं केलिः प्रेक्षणं गुह्यभाषणम् ॥ दक्ष० स्मृ० ७।३१

संकल्पोऽध्यवसायश्च क्रियानिष्पत्तिरेव च ।
एतन्मैथुनमष्टाङ्गं प्रवदन्ति मनीषिणः ॥३२॥
एकोभिक्षुर्यथोक्तस्तु द्वौ चैव मिथुनं स्मृतम् ।
त्रयोग्रामः समाख्यात ऊर्ध्वंतु नगरायते ॥३५॥
नगरं हि न कर्तव्यं ग्रामो वा मिथुनं तथा ।
एतत्त्रयं तु कुर्वाणः स्वधर्माच्च्यवते यतिः ॥३६॥
राजवार्त्तादि तेषां तु भिक्षावार्ता परस्परम् ।
स्नेहपैशुन्यमात्सर्यं सन्निकर्षादसंशयम् ॥३७॥
लाभपूजानिमित्तं हि व्याख्यानं शिष्यसंग्रहः ।
एते चान्ये च बहवः प्रपंचाः कुतपस्विनाम् ॥३८॥
ध्यानं शौचं तथा भिक्षा नित्यमेकांतशीलता ।
भिक्षोश्चत्वारि कर्माणि पंचमंनोपपद्यते ॥४०॥

आठ प्रकार के मैथुन से ब्रह्मचर्य की सदा रक्षा करे। स्मरण, कीर्तन, क्रीड़ा, प्रेक्षण और गुप्त बोलना ॥३१॥ संकल्प, उपाय, क्रिया की निवृत्ति यह आठ प्रकार का मैथुन बुद्धिमानों ने कहे हैं ॥३२॥ एक संन्यासी की भिक्षक संज्ञा है और दो हों तो वे मिथुन संज्ञा के है, तीन के समूह को ग्राम कहते है, इससे अधिक को नगर कहते है ॥३५॥ इस कारण संन्यासी गांव, नगर और मिथुन न करे इन तीन को करने वाला संन्यासी अपने धर्म से पतित हो जाता हैं ॥३६॥ क्योंकि उनमें राजा की अथवा भीक्षु की बात परस्पर होती है और प्रेम, चुगलपन, मत्सरता ये सब साथ से होते है इसमें सन्देह नहीं है ॥३७॥ लाभ और पूजा के लिये व्याख्यान तथा शिष्य संग्रह संन्यासी न करे और भी बहुत से प्रपंच कुतपस्थियों के हैं ॥३८॥ ध्यान, शौच, भिक्षा और सदा एकान्त में रहना संन्यासी के लिये ये चार कर्म है पांचवां नहीं ॥३९॥

क्षौमं शाणमयं वापि वासः काङ्क्षेच्च कौशिकम् ।

अजिनं चापि धर्मज्ञः साधुभ्यस्तानपीडयन् ॥ यतिध० समु०

उपानहौग्रहीतव्ये कार्पासमयमप्युत ।

ऊर्णाकारोद्भवं वापि यद्वान्यत्स्यादयाचितम् ॥

सचैलः स्यादचैलो वा कन्थाप्रावरणोऽपि वा ।

एक वस्त्रेण वा विद्वान्व्रतंभिक्षुश्चरेद्यथा ॥

नात्यर्थं दुःख सुखाभ्यां शरीरमुपतापयेत् ।

स्तूयमानो न हृष्येत निन्दितो न शपेत्परम् ॥

यतिधर्म समुच्चय में लिखा है कि शण का बना हुआ कौशिक वस्त्र संन्यासी रखे और धर्मज्ञ किसी जीव को पीड़ा न देकर अजिन भी रखे। कपास का बना हुआ या उर्णा सूत का अथवा बिना मांगे जैसे उपानह मिल जाय वैसा ग्रहण करे, वस्त्र सहित अथवा वस्त्र रहित या कन्था प्रावरण युक्त अथवा विद्वान संन्यासी एक वस्त्र से अपना व्रत करे अधिक सुख दुःख से शरीर को न सतावे और स्तुति करने से प्रसन्न तथा निन्दा करने से शाप न देवे।

अजिह्वः षण्डकः पङ्गुरन्धो वधिर एव च ।

मुग्धश्च मुच्यते भिक्षुः षड्भिरेतैर्न संशयः ॥ जावा० स्मृ०

इदमिष्टमिदं नेतियोऽश्नन्नपि न सज्जते ।

हितं सत्यं मितं वक्ति तमजिह्वं प्रचक्षते ॥

सद्योजातां तथा नारीं तथा षोडशवार्षिकीम् ।

शतवर्षां च योदृष्ट्वा निर्विकारः स षण्डकः ॥

भिक्षार्थमटनं यस्य विण्मूत्रकरणाय च ।

योजनान्नपरं याति सर्वथा पंगुरेवसः ॥

तिष्ठतो व्रजतो वापि यस्य चक्षुर्नदूरगम् ।

चतुर्युगां भुवं मुक्त्वा परिव्राट्सोन्धउच्यते ॥

हितं मितं मनोरामं वचः शोकापहं च यत् ।

श्रुत्वा च यो न शृणुते बधिरः संप्रकीर्तितः ॥
सांनिध्ये विषयाणां च समर्थोऽविकलेन्द्रियः ।
सुप्तवद्वर्तते नित्यं भिक्षुर्मुग्धः स उच्यते ॥

अजिह्व, षण्डक, पंगु, अन्ध, वधिर, मुग्ध, इन छव गुणों से युक्त संन्यासी मोक्ष पाता है इसमें संदेह नहीं है। जो भोजन समय में यह अच्छा है और यह बुरा है ऐसा नहीं कहता है और सत्य, हित और मित भाषण करता है और न आसक्त होता है उसको बिना जीभ के कहते हैं। जो आज के उत्पन्न स्त्री को और सोरह वर्ष वाली को तथा सौ वर्ष वाली को देखकर निर्विकार रहता है उसको नपुंसक कहते हैं। जो भिक्षा के लिये और विण्मूत्र करने के लिये चलता है और चार कोश से अधिक नहीं चलता है उसको लंगड़ा कहते हैं। जो संन्यासी चलते या बैठते पास की भूमि को देखता है और नेत्र को दूर नहीं ले जाता है उसको अन्धा कहते हैं। जो अच्छा या बुरा सुनकर भी नहीं सुनता है उसको बधिर कहते हैं। विषयों के पास रहने पर भी जिस संन्यासी का इन्द्रिय चलायामान नहीं होता है और सदा सोए हुए के सदृश रहता है उसको मुग्ध कहते हैं।

आचार्येण समुद्दिष्टं लिङ्गं चैव समाश्रयेत् ।
शौचमाश्रमसंबन्धिन्यासधर्मांश्चशिक्षयेत् ॥ ल० वि० स्मृ० ४।३

आचार्य से दिए हुए चिन्ह को सदा धारण करे और शौच आश्रम तथा शरणागति धर्म की शिक्षा दे।

कर्तव्याशेषशुद्धिस्तु भिक्षुकेण विशेषतः ।
ज्ञानोत्पत्ति निमित्तत्वात्स्वातंत्र्यं करणाय च ॥ या० स्मृ० ३।६२
अवेक्ष्योगर्भवासाश्च कर्मजा गतयस्तथा ।
आधयो व्याधयः क्लेशा जरारूपविपर्य्ययः ॥६३॥
भवोजातिसहस्रेषु प्रियाप्रियविपर्य्ययः ।
ध्यानयोगेन सम्पश्येत्सूक्ष्म आत्मात्मनि स्थितः ॥६४॥

याज्ञवल्क्यस्मृति के तृतीय अध्याय में लिखा है कि संन्यासी विशेष करके समस्त शुद्धि करे क्योंकि उससे ज्ञान बढ़ता है और मनुष्य की परतंत्रता छूट जाती है ॥६२। गर्भवास तथा कुकर्म से जो गति होती है और चित्त की पीड़ा शरीर का रोग, क्लेश, बुढ़ापा और स्वरूप का बदलना इन सबों पर ध्यान दे ॥६३ और सैकड़ों जातियों में जन्म लेना इच्छित न होना और अनिच्छित का होना इन सबको देख कर ध्यान योग से अपने शरीर में स्थित आत्माको देखे ॥६४॥

क्व शरीरमशेषाणां श्लेष्मादीनां महाचयः ।
क्व कान्तिशोभा सौरभ्य कमनीयादयो गुणाः ॥ वि० पु०
मांसासृक्पूयविण्मूत्रस्नायुमज्जास्थिसंहतौ ।
देहेचेत्प्रीतिमान्मूढ़ोभविता नरकेऽपि सः ॥

श्लेष्मा आदिका स्थान यह समस्त शरीर कहां और रमणीय सुन्दर गुण कहां ? मांस, रूधिर, पूय, मल, मूत्र, चाम, मज्जा और हड्डियों से बने देह में यदि प्रीति है तो वह नरक में जाता है ।

भिक्षाटनं जपो ध्यानं त्यागः कर्मफलस्य च ।
एष स्वधर्मो विख्यातो यतीनां मुक्तिमिच्छताम् ॥ अत्रि० स्मृ०
स्वधर्मस्थान्यतीन्वृद्धान्देवांश्च प्रणमेद्यतिः ।
नान्यमाश्रमिणं कंचित्प्रशस्तमपिसंनमेत् ॥

भिक्षाटन, जप, ध्यान और कर्मफल का त्याग यह मुक्ति चाहने वाले संन्यासियों का धर्म है । संन्यासी अपने से वृद्ध संन्यासी को और नारायण को नमस्कार करे अन्य आश्रम वाला प्रशस्त भी हो तो उसको नमस्कार न करे ।

प्रणतानां यतिर्ब्रूयादाशिषं व्यासशासनात् ।
नारायणेति च ब्रूयात्प्रणतायुर्विवृद्धये ॥ यतिध० समु०

संन्यासी सष्टाङ्ग करने वालों के आयु बढ़ने के लिये व्यासजी की आज्ञा से नारायण इस शब्द को कहे ।

एकरात्रं वसेद्ग्रामे पट्टने तु दिनत्रयम्।
पुरेदिनद्वयं भिक्षुः नगरे पञ्चरात्रकम्॥
वृद्धानमातुराणां च भिक्षूणां सङ्गवर्जिनाम्।
ग्रामे वाथ पुरे वापि वासो नैकत्र दुष्यति॥ ल० वि० स्मृ० ४।६

ग्राम में एक रात निवास करे और पट्टन में तीन रात, पुर में दो रात्रि और शहरों में पांच रात संन्यासी वास करे। वृद्ध और रोगी संन्यासी ग्राम या पुर में भी सर्वदा रह सकते हैं।

यस्मान्नोद्विजते लोको लोकान्नोद्विजते च यः।
हर्षामर्षभयोद्वेगैर्मुक्तो यः स च मे प्रियः॥ गी० १२।१५
अनपेक्षः शुचिर्दक्ष उदासीनो गतव्यथः।
सर्वारम्भपरित्यागी यो मद्भक्तः स मे प्रियः॥१६॥
यो न हृष्यति न द्वेष्टि न शोचति न कांक्षति।
शुभाशुभपरित्यागी भक्तिमान्यः स मे प्रियः॥१७॥
समः शत्रौ च मित्रे च तथा मानापमानयोः।
शीतोष्णसुखदुःखेषु समः संगविवर्जितः॥१८॥
तुल्यनिन्दास्तुतिर्मौनी संतुष्टो येन केनचित्।
अनिकेतः स्थिरमतिर्भक्तिमान्मे प्रियो नरः॥१९॥
ये तु धर्म्यामृतमिदं यथोक्तं पर्युपासते।
श्रद्धाना मत्परमा भक्तास्तेऽतीव मे प्रियाः॥२०॥

श्री भगवद्गीता के बारहवें अध्याय में लिखा है कि जिससे लोक उद्विग्न नहीं होता है और जो लोक से उद्विग्न नहीं होता है तथा जिसने हर्ष, अमर्ष भय, उद्वेग को त्याग दिया है वह मेरा प्रिय है॥१५॥ जो किसी की अपेक्षा नहीं करता है और शुचिदक्ष उदासीन व्यथा रहित सर्वारम्भ परित्याग करने वाला मेरा भक्त है वही प्रिय है॥१६॥ जो न प्रसन्न होता है न द्वेष करता है न

सोच करता है न कुछ चाहता है और शुभ अशुभ कर्म फल को त्यागने वाला भक्तिमान मेरा प्रिय है ॥१७॥ जो शत्रु और मित्र में तथा मान और अपमान शीत ऊष्ण सुख दुःख में सम रहता है और संगवर्जित है ॥१८॥ और निन्दा-स्तुति को बराबर जानता है तथा जिसी किसी से संतुष्ट रहता है तथा घर रहित स्थिर मतिवाला भक्तिमान पुरुष मेरा प्रिय है ॥१९॥ जो श्रद्धायुक्त होकर इस कहे हुए धर्म को करता है वह परम भक्त है और मेरा अत्यन्त प्रिय है ।२०।

आगतं स्वाश्रमेभिक्षुं प्रत्युत्थायाभिवाद्य च ।
विश्राम्य गुरुवद्भक्त्या पूजयेत्तद्दिनेयतिः ॥

अपने आश्रम पर आया हुआ भिक्षुक को साष्टाङ्ग करके भक्ति से विश्राम कराके संन्यासी उस दिन गुरु के सदृश पूजन करे ।

धर्मशास्त्रमिदं सर्वं यतीन्द्र मुखनिःसृतम् ।
अधीत्य कुरुते धर्मं स याति परमांगतिम् ॥

जो पुरुष यतीन्द्र के मुख से निकले हुए इस धर्म शास्त्र को पढ़ कर धर्म को करता है वह त्रिपादविभूति को प्राप्त करता है ।

इति श्रीमद्वेदमार्गप्रतिष्ठापनाचार्यउभयवेदान्तप्रवर्तकाचार्यश्रीमत्परमहंसपरि-
व्राजकाचार्यसत्सम्प्रदायाचार्यजगद्गुरुभगवदनन्तपादीयश्रीमद्विष्वक्सेना-
चार्यत्रिदण्डिस्वामिसम्पादितयतीन्द्रधर्ममार्तण्डका
अष्टम-उल्लास समाप्त हुआ ।

॥ नवमोल्लासः ॥

श्रीमतेरम्यजामात्रे मुनीन्द्राय महात्मने ।
श्रीरङ्गवासिने भूयान्नित्यश्रीर्नित्यमंगलम् ॥

श्रीरङ्ग निवासी मुनियों में श्रेष्ठ जो महात्मा श्रीमान् रम्यजामातृयोगी हैं उनका नित्य नित्य मङ्गल हो ।

कामक्रोध हर्षरोषलोभमोहदम्भदर्पेच्छासूयाममत्वाहंकारा-
दीनपि त्यजेत् ॥" अरुणिकोप० ४

काम, क्रोध, लोभ, मोह, दंभ दर्प असूया ममता अहंकार असत्य आदि को भी त्याग देवे।

"ऊर्ध्वगमनं विसृजेत् ॥" अरुणिकोप० २

ऊर्ध्वगमन को संन्यासी परित्याग कर दे।

संन्यस्याग्नीन्न पुनरावर्तयेन्मा मन्युजायामावाहयेत्। काठ०ब्रा०

संन्यास ग्रहण करके पुनः अग्नि न छुवे तथा क्रोध न करे और स्त्री के पास न जावे।

"दुःखे च नोद्विग्नः सुखे निःस्पृहस्त्यागो रागे सर्वत्र शुभाशुभयो-
रनभिस्नेहो न मोदते च।" परमहंसोप० खं० ४

दुःख में उद्विग्न न होवे और सुख की इच्छा न करे तथा राग को त्याग दे और शुभ अशुभ में प्रेम न करे तथा द्वेष और मित्रता न करे।

नामगोत्रादिचरणं देशंकालं श्रुतं कुलम्।
वयोवृत्तं व्रतं शीलं ख्यापयेन्नैव सद्यतिः॥ य० ध० स०

संन्यासी अपना नाम, गोत्र, जाति, देश, काल, गांव कुल आयु व्रत स्वभाव किसी से न कहे।

द्वावेतौ समवीर्यौ तु सुराताम्बूलमेव च।
तस्मात्सर्व प्रयत्नेन ताम्बूलं वर्जयेद्यतिः॥ वायुपुरा०

मदिरा और पान ये दोनों बराबर वीर्य वाले हैं संन्यासी इससे प्रयत्न से पान को परित्याग करदे।

विषयासक्तचित्तो हि यतिर्मोक्षं न विन्दति।
यत्नेन विषयासक्तिं तस्माद्योगीविवर्जयेत्॥ दक्षस्मृ० ७।१२

जिस संन्यासी का चित्त विषय में आसक्त है वह मोक्ष नहीं पाता है इससे योगी विषय की ओर से अपना मन हटाले ॥१४॥

नाध्येतव्यं न वक्तव्यं न कर्त्तव्यं कदाचन।
एतैः सर्वैः सुसंपन्नो यतिर्भवति नेतरः॥ दक्षस्मृ० ७।३३
पारिव्रज्यं गृहीत्वा तु यः स्वधर्मे न तिष्ठति।
श्वपदेनांकयित्वा तं राजा शीघ्रं प्रवासयेत्॥३४॥
तपोभिर्येवशीभूता व्याधितावसथावहाः।
वृद्धोग्रहगृहीताश्च येचान्येविकलेन्द्रियाः॥४०॥
नीरुजश्च युवा चैव भिक्षुर्नावसथार्हणः।
स दूषयति तत्स्थानं वृद्धादीन्पीडयत्यपि॥४१॥
वसन्नावसथे भिक्षुर्मैथुनं यदि सेवते।
तस्यावसथनाथस्य मूलान्यपि निकृन्तति॥४३॥

दक्षस्मृति के सातवें अध्याय में लिखा है कि न पढना, न बोलना, न किसी प्रकार सुनना, इन सब गुणों से युक्त हो वही संन्यासी है दूसरा नहीं है॥३३॥ जो संन्यास लेकर अपने धर्म में स्थिर न रहे उसको राजा अपने नगर से कुत्ते के पैर का दाग देकर निकाल दे॥३४॥ तपस्या से जिसने इन्द्रियों को वश कर लिया है वह और व्याधि के द्वारा जो दुर्बल हो गये हैं रोगी बृद्ध और जिनकी इन्द्रिय विकार युक्त है ये सब घरमें निवास कर सकते हैं॥४०॥ परंतु रोगरहित युवा भिक्षुक घरमें न रहे क्योंकि वह स्थान को दूषित करता है बृद्धों का भी पीड़ित करता है॥४१॥ भिक्षुक जिस के घर में वास करके मैथुन करता है उस घर के स्वामी को जड़ मूल से नष्ट करताहै।४३।

नसंभाषेत्स्त्रियं कांचित्पूर्वदृष्टां न च स्मरेत्।
कथां च वर्जयेत्तासां न पश्येल्लिखितामपि॥ जावा०स्मृ०
एतच्चतुष्टयं मोहात्स्त्रीणामाचरतो यतेः।
चित्तं विक्रियतेऽवश्यं तद्विकारात्प्रणश्यति॥

किसी स्त्री से संभाषण न करे और पहले की देखी हुई को भी न स्मरण करे तथा स्त्रियों की बात न करे और स्त्री के फोटो को भी न देखे। यह जो चार कहे हैं इसको मोह से जो संन्यासी करते हैं वे चित्त विकार से नष्ट हो जाते हैं।

माद्यति प्रमदां दृष्ट्वा सुरां पीत्वा च माद्यति।
तस्माद्दृष्टिमदां नारीं दूरतः परिवर्जयेत् ॥ य० ध० सं०
पदापि युवतीं भिक्षुर्न स्पृशेद्दारवीमपि।
स्पृशन् करीव बध्येत करिण्या अङ्गसङ्गतः श्रीमद्भा० ११।८।१३

मदिरा के पीने से मतवाला हो जाता है और स्त्री को देखने ही से मतवाला हो जाता है इससे देखने से नशा करने वाली स्त्री को दूर से परित्याग करे। और संन्यासी काठ की भी स्त्री को पैर से भी स्पर्श न करे क्योंकि हथिनी के अङ्ग के सङ्ग से हाथी बांधा जाता है, वैसे ही स्त्री के संग से संन्यासी बन्धन को पाता है।

ग्राम्यगीतं न शृणुयाद्यतिर्वनचरः क्वचित्।
शिक्षेत हरिणाद्बद्धान्मृगयोर्गीतमोहितात् ॥ श्रीमद्भा० ११।८।१७

बनचर संन्यासी ग्राम की गीत न सुने क्योंकि गीत से मोहित होकर मृग बांधा जाता है।

आरूढपतितापत्यं कुनखी श्यामदन्तकः।
क्षयक्षीणोऽङ्गविकलो न तु संन्यासमर्हति ॥
संप्रत्यवसितानां च महापातकिनां तथा।
व्रात्यानामभिशस्तानां संन्यासं नैव कारयेत्।
व्रतयज्ञतपोदानहोमस्वाध्यायवर्जितम्।
सत्यशौचाश्रमभ्रष्टं संन्यासं नैव कारयेत् ॥

आरूढ पतित का पुत्र और बुरा नखवाला तथा काला दांत वाला तथा क्षयीरोग से क्षीण और जिसका अङ्गभङ्ग हो इन सबों का संन्यास में अधिकार नहीं है। संप्रत्यवसित, महापातकी, व्रात्य अभिशस्त इन सबो को संन्यासी न करे। और जो व्रत, यज्ञ, तपस्या, दान, मोह, स्वाध्याय, सत्य, शौच, आश्रम से रहित है उन सबों को भी संन्यासी न बनावे।

ब्रह्मचारी गृहस्थश्च वानप्रस्थो यतिस्तथा।

उत्तमां वृत्तिमाश्रित्य पुनरावर्तयेद्यदि ॥ ल०वि०स्मृ० ४।३२
अरूढ़पतितो ज्ञेयः सर्वधर्मबहिष्कृतः ।
निन्द्यश्च सर्वदेवानां पितृणां च तथोच्यते ॥३३॥

ब्रह्मचारी गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यासी उत्तम आचरण को स्वीकार कर फिर उसका त्याग करता है ॥३३॥ उसे आरूढ़ पतित जानना वह सब धर्मों से बाह्य है और वह सब देवता और पितरों में निन्दित कहाता है ॥३३॥

द्रव्यस्त्रीमांससंपर्कान्मधुमाक्षिकलेहनात् ।
विचारस्य परित्यागाद्यतिः पतनमृच्छति ॥ कात्या स्मृ०

द्रव्य, स्त्री, मांस के संपर्क से और मधु के चाटने से तथा विचार परित्याग करने से संन्यासी पतित हो जाता है ।

ब्रह्महत्या पुरापानं स्तेयं गुर्वङ्गनागमः ।
महान्ति पातकान्याहुः संसर्गश्चापि तैः सह ॥ मनु० ११।५५

ब्रह्महत्या करना तथा मदिरापीना, चोरी करना और गुरु की स्त्री में गमन करना और इनके साथ संसर्ग करना इनको महापातक कहते है ॥५५॥

आरूढपतितोहन्ति दशपूर्वान्दशापरान् ।
निस्तारयति तानेव यदि सम्यग्व्यवस्थितः ॥ अङ्गीरा स्मृ०

अरूढपतित पहले के और पीछे के दश पुरुषों का नाश करता है और यदि अच्छी प्रकार से पालन करता है तो उन सबों को उद्धार करता है ।

शून्यागारदेवगृहतृणकुटवल्मीकवृक्षमूलकुलालशालाग्निहोत्रगृह-
नदीपुलीनगिरिकुहरकन्दरकोटरनिर्झरस्थण्डिलेष्वनिकेतनः ॥ जावा० खं० ६॥

जावाल श्रुति में लिखा है कि शून्य घर या देवमन्दिर में और तृण, कूट दिंबक, वृक्षमूल, कुम्भार का घर अग्निहोत्र का गृह, नदी का तीर, पर्वत की गुफा, घोर जंगल, कोटर, झरना, स्थण्डिल, इनमें कहीं भी स्थान न बनावे ।

न स्नानमाचरेद्भिक्षुः पुत्रादिनिधने श्रुते ।

पितृमातृक्षयं श्रुत्वा स्नात्वा शुध्यति साम्बरः ॥ यतिधर्म समु०

पुत्र आदि के मरण सुनने पर संन्यासी स्नान न करे और माता-पिता के मरण सुनने पर सचैल स्नान करने से शुद्ध होता है।

जायाभ्रातृ सुतादीनां बन्धूनां च शुभाशुभम् ।
श्रुत्वादृष्ट्वा न कम्पेत शोकहर्षौत्यजेद्यतिः ॥ दत्तात्रेय स्मृ०

स्त्री, भाई, पुत्र आदि बन्धुओं के शुभ-अशुभ को सुनकर और देख कर चलायमान न हो और शोक हर्ष को संन्यासी छोड़ दे।

न नृत्येदथवा गायेन्न वादित्राणि वादयेत् ।
नास्फोटयेन्नच क्ष्वेडेन्न च रक्तो विरावयेत् ॥ मनु० ४।६४
न पादौ धावयेत्कांस्ये कदाचिदपि भाजने ।
न भिन्नभाण्डे भुञ्जीत न भावप्रतिदूषिते ॥६५॥
उपानहौ च वासश्च धृतमन्यैर्न धारयेत् ।
उपवीतमलंकारं स्रजं करकमेव च ॥६६॥

मनुस्मृति के चौथे अध्याय में लिखा है कि नाचना, गाना, बजाना न करे और ताल ठोकना, तोतली बोली बोलना, प्रसन्नता से गदहा आदि का शब्द करना यह सब त्याज्य हैं ॥६४॥ कांसे के पात्र में पैर न धोवे और फूटे पात्र में तथा जिसमें मन न माने ऐसे पात्र में भोजन न करे ॥६५॥ जूता, वस्त्र, यज्ञोपवीत, अलंकार फूलों की माला और कमण्डलु यह सब दूसरे का धारण किया हुआ न धारण करे ॥६६॥

न चोत्पातनिमित्ताभ्यां न नक्षत्राङ्गविद्यया ।
नानुशासनवादाभ्यां भिक्षां लिप्सेत कर्हिचित् ॥ मनु ६।५०
अस्थिस्थूणं स्नायुयुतं मांसशोणितलेपनम् ।
चर्मावनद्धं दुर्गन्धि पूर्णं मूत्रपुरीषयोः ॥७६॥
जराशोकसमाविष्टं रोगायतनमातुरम् ।
रजस्वलमनित्यं च भूतावासमिमं त्यजेत् ॥७७॥

मनुस्मृति के छठवें अध्याय में लिखा है कि भूकंप आदि उत्पातों का तथा नेत्रों के फड़कने आदि निमित्तों के और अश्विनी आदि नक्षत्रोंके तथा सामुद्रिक से हाथों की रेखाओं के फल कहने से और कथा कहने से तथा शास्त्रार्थ करके कभी भिक्षा पाने की इच्छा न करे ॥५०॥ हड्डी जिसमें थून्ही के समान हैं और स्नायुरूपी रस्सियों से बन्धा हुआ है मांस तथा रुधिर से लिपा हुआ और चाम से मढ़ा हुआ तथा मल मूत्र से भरा हुआ है इससे दुर्गन्ध युक्त है ॥७६॥ और बुढ़ापा तथा शोक से युक्त और रोगों के स्थान घबड़ाने वाला तथा रजोगुण करके युक्त नाश होने वाला और पृथ्वी आदि पांच भूतों से बना हुआ इन जीवों के घर रूप देह को छोड़ दे ।

भर्तृशासनमुल्लंघ्य या च स्त्री विप्रवर्तते ।
तस्याश्चैव न भोक्तव्यं विज्ञेया कामचारिणी ॥ अङ्गिरास्मृ० ६६
अनपत्या तु या नारी नाश्नीयात्तद्गृहेऽपि वै ।
अथ भुंक्ते तु यो मोहात्पूयसं नरकं व्रजेत् ॥ ७०॥
स्त्रिया धनं तु ये मोहादुपजीवन्ति मानवाः ।
स्त्रिया यानानि वासांसि ते पापा यांत्यधोगतिम् ॥७१
राजान्नं हरते तेजः शूद्रान्नं ब्रह्मवर्चसम् ।
सूतकेषु च यो भुंक्ते स भुंक्ते पृथिवीमलम् ॥७२॥

आङ्गिरसस्मृति में लिखा है कि जो स्त्री पति की आज्ञा उल्लंघन कर के वर्ताव करती है उसके यहां का अन्न भी भोजन करना उचित नहीं और उस स्त्री को काम चारिणी जानना । ६८॥ जो स्त्री बांझ हो उसके यहां भी भोजन करना उचित नहीं है जो कोई उसके यहां मोह से भोजन कर लेता है वह पूय नरक में जाता है ॥६६॥ जो मनुष्य मोहित हो स्त्री के धन को भोगते हैं और स्त्री की सवारी या बस्त्र को ग्रहण करते हैं वे पापी अधोगति को प्राप्त होते हैं ॥७०॥ राजा का अन्न तेज को हरण करता है और शूद्र का अन्न ब्रह्मतेज को हरता है और जो सूतक में खाता है वह पृथिवी के मल को भक्षण करता है ॥७१॥

पादुकास्थो न भुंजीत पर्यङ्के संस्थितोऽपि वा ।
श्वान चण्डालदृक्चैव भोजनं परिवर्जयेत् ॥ परा० स्मृ० ६।६४

खड़ाऊँ पहनकर या पलंग पर बैठ कर भोजन न करे तथा कुत्ते और चाण्डाल को देखता हुआ भोजन न करे ।

पतत्यसौध्रुवंभिक्षुर्यस्य भिक्षोर्द्वयंभवेत् ।
धीपूर्वरेतउत्सर्गो द्रव्य संग्रह एव च ॥ बह्वृचपरिशिष्ट० ॥

काञ्चनं च तिला गावो भूमिधान्यधनंस्त्रियः ।
प्रतिगृह्ययतिश्चैतान्स्रंसते नात्र संशयः ॥
भूमिर्गावो हिरण्यं च यतेर्यस्य परिग्रहः ।
तादृशंकश्मलंदृष्ट्वा सचैलोजलमाविशेत् ॥
यस्तु प्रव्रजितो भूत्वा पुनः सेवेत मैथुनम् ।
षष्ठिवर्षसहस्राणि विष्ठायां जायते कृमिः ॥
दिवास्वप्नं च यानं च स्त्रीकथालौल्यमेव च ।
मञ्चकः शुक्ल वासश्च यतीनां पतनानिषट् ॥

बुद्धि पूर्वक रेत त्याग और द्रव्य संग्रह ये दो जिस संन्यासी में हो वह निश्चय करके पतित हो जाता है । सोना, तिल, गौ, भूमि, अन्न, धन लेने वाला संन्यासी पतित है इसमें संदेह नहीं है । जो संन्यासी पृथ्वी, गौ, सोना, दान लेता है उसको देख कर सचैल जल में प्रवेश करे । जो संन्यास लेकर पुनः मैथुन सेवन करता है वह साठ हजार वर्ष विष्ठा में कृमि उत्पन्न होता है । दिन में सोना तथा हाथी घोड़ा पर चढ़ना, स्त्री की बात लालच मंचिया पर बैठना और सफेद बस्त्र ये सब संन्यासी को पतित कर देते है ।

विधवां कंचुकोपेतां सधवांकञ्चुकं विना ।
यतिं च कञ्चुकोपेतं दृष्ट्वा चक्षुर्निमीलयेत् ॥ अङ्गिरा स्मृ०

चोली पहनी हुई विधवा स्त्री को और विना चोली के सधवा स्त्री को और कुर्ता पहने संन्यासी को देख कर नेत्र बन्द कर लेना चाहिये।

मा ददस्वेति यो ब्रूयाद्गव्यग्नौ ब्राह्मणेषु च।
श्वानयोनिशतं गत्वा चाण्डालेष्वपिजायते॥ व्या० स्मृ०

गौ, ब्राह्मण और अग्नि को देने में जो बरजता है वह सौ बार कुत्ता की योनि में जाकर चाण्डाल के घर में जन्म लेता है।

चत्वारिपतनीयानि यतीनां मनुरब्रवीत्।
औषधं संनिधानं च एकान्नं कांस्यभोजनम्॥

औषध और किसी का साथ करना तथा एक का अन्न खाना और कांस्य के पात्र में भोजन करना ये चार संन्यासी को पतित कर देता है यह मनु ने कहा है।

न रक्तमुल्वणं वासो न नीलं च प्रशस्यते।
मलाक्तं च दशाहीनं वर्जयेदम्बरं यतिः॥ जमदग्नि स्मृ०

संन्यासी लाल या सफेद या नीला या पीला अथवा मल लगा हुआ दशाहीन वस्त्र को न धारण करे।

कार्पासोद्भव काषायं वस्त्रं ग्राह्यमयाचितम्। जाबाल स्मृ०

कपास के सूत से बना हुआ काषाय वस्त्र को संन्यासी ग्रहण करे।

मूत्रोत्सर्गं तु यः कृत्वा अकृत्वाशौचमात्मनः।
मोहाद्भुक्त्वात्रिरात्रं स गव्यं पीत्वा विशुध्यति॥ मार्कण्डेयपु०

जो मूत्रोत्सर्ग करके अपना शौच बिना किये हुए मोह से भोजन करता है वह तीन रात गव्य पीने से शुद्ध होता है।

अदण्डो नैवतिष्ठेत यतिः कुत्रचिदात्मवान्।
यदितिष्ठेत्प्रतिदिनं प्राणायामशतं चरेत्॥ वायव्ये
दण्डात्मनोस्तु चाण्डालैर्व्यवधानेन भिक्षुकः।
प्राणायाम शतंकुर्यान्मात्राभेदे तथैव च॥

शूद्रेण व्यवधाने तु प्राणायामांस्तु षोडश।
द्वादशाष्टौ च चत्वारि विट्क्षत्रियद्विजोत्तमैः॥
जलान्तरादिक्षिप्तेषु न कश्चिद्दोषभाग्भवेत्।
भग्नदण्डादिकं चैव जलेऽगाधेक्षिपेद्यतिः॥
मद्य मूत्र पुरीषैश्च शुक्रकीलालशोणितैः।
स्पृष्टं दण्डंत्यजेद्भिक्षुः शेषैः संस्कारमर्हति॥
प्रातः स्नानं विना कामात्प्राणायामशतं चरेत्।
एवमेव तु सायाह्ने मध्याह्ने तु सहस्रकम्॥

ज्ञानी संन्यासी विना दण्ड के कहीं पर न ठहरे यदि कहीं पर रह जाय तो प्रति दिन सौ प्राणायाम करे। त्रिदण्ड और आत्मा का चाण्डाल से व्यवधान होने पर संन्यासी सौ प्राणायाम करे और मात्राभेद होने पर भी सौ प्राणायाम करे। शूद्र से व्यवधान होने पर सोलह प्राणायाम करे तथा वैश्य से व्यवधान होने पर बारह तथा क्षत्रिय से व्यवधान होने पर आठ और ब्राह्मण से व्यवधान होने पर चार प्राणायाम करे। जल या वस्त्र में रख देने से कुछ दोष नहीं होता है और टूटे हुए त्रिदण्ड को संन्यासी अगाध जल में फेंक दे। और मदिरा मूत्र विष्ठा शुक्र मांस रुधिर स्पृष्ट त्रिदण्ड को भी त्याग दे। प्रातः स्नान न करे तो सौ प्राणायाम करे इसी प्रकार सायं काल में भी स्नान न करे तो सौ प्राणायाम करे औ और मध्याह्न में स्नान न करे तो हजार प्राणायाम करे।

खरोष्ट्रान्तरगमने प्राणायामान्षडाचरेत्।
श्वसूकर श्वपचेहि द्विषट्कं प्राणसंयमेत्॥

सत्यकाम गदहा ऊँट के अन्तर से जाने पर छव प्राणायाम करे और कुत्ता शूकर चाण्डाल के अन्तर से जाने पर बारह प्राणायाम करे।

ताम्बूलभक्षणेऽभ्यङ्गे कांस्यपात्रे च भोजने।
एकैकातिक्रमे तेषां प्राणायामा दश स्मृताः॥ क्रतुस्मृ०

संन्यासी पान खाय या तेल लगावे अथवा कांस्य के पात्र में भोजन करे तो दश प्राणायाम करे।

सामर्थ्ये शिबिकामश्वं गजं वृषभमेव च।
शकटं वा रथं वापि समारुह्य च कामतः ॥वायु पु०
ब्रतंसांतपनं कुर्य्यात्प्राणायामशतान्वितम्।
असामर्थ्ये समारुह्य यानं पूर्वोदितं पुनः॥
कृच्छ्रैकं शोधनं तत्र प्राणायामांस्त्वकामतः।
स्वयंपक्त्वा तु यो भुङ्क्ते तस्यकृच्छ्रं विधीयते॥

समर्थ रहते हुए जो संन्यासी इच्छा से पालकी, घोड़ा, हाथी, बैल गाड़ी और रथ पर चढ़े तो सांतपन व्रत करके सौ प्राणायाम करे। असमर्थ में यदि चढ़े तो एक कृच्छ्र करके यथा शक्ति प्राणायाम करे। अपने रसोई बना कर जो भोजन करे वह भी कृच्छ्रव्रत करे।

भिक्षाटनमतः कृत्वा स्वस्थे ह्येकात्मनः श्रुतिः।
अस्नात्वा चैव यो भुंक्ते गायत्र्यष्टशतंजपेत्॥ संवर्त स्मृ० २६
शूद्रहस्तेन योऽश्नीयात्पानीयं वा पिवेत्कचित्।
अहोरात्रोषितो भूत्वा पञ्चगब्येन शुद्ध्यति॥ ३०॥
शुष्कपर्युषितोच्छिष्टं भुक्त्वान्नं केशदूषितम्।
अहोरात्रोषितो भूत्वा पंचगब्येन शुद्ध्यति॥३१॥
शूद्राणां भाजने भुक्त्वा भुक्त्वा वा भिन्नभाजने।
अहो रात्रोषितो भूत्वा पंचगब्येन शुद्ध्यति॥३२॥

संवर्तस्मृति में लिखा है कि जो भिक्षा मांग अपनी आरोग्य अवस्था में एकही का अन्न खाता है या जो बिना स्नान किये खाता है वह आठ सौ गायत्री के जपने से शुद्ध होता है॥२८॥ जो कभी भी शूद्र के हाथ से भोजन करता है या पानी पीता है वह दिन रात उपवास कर पंच गब्य पीने से शुद्ध

होता है ॥२९॥ बासी, उच्छिष्ट और जिसमें बाल पड़ा हो ऐसे अन्न को खाने वाला दिन रात उपवास करके पंचगव्य के पीने से शुद्ध होता है ॥३०॥ जो शूद्र के बरतन में अथवा टूटे हुए बरतन में भोजन करता है वह अहोरात्र उपवास करके पंच गव्य के पीने से शुद्ध होता है ॥३१॥

याचकान्नं नवश्राद्धमपि सूतकभोजनम् ।
नारीप्रथमगर्भेषु भुक्त्वा चान्द्रायणं चरेत् ॥ अङ्गिरास्मृ० ६४

भिक्षुक का अन्न, मरने पर जो श्राद्ध होता है उसका अन्न, सूतक का अन्न और स्त्री के पहले गर्भाधान में अन्न को जो खाता है वह शुद्ध होने के लिये चान्द्रायण व्रत करे ॥६४॥

आहारग्रहणे रात्रौ प्राणायामा दश स्मृताः ।
जल प्रग्रहणे रात्रौ प्राणायामस्तथैव च ॥ जमदग्निस्मृ०

रात्रि में भोजन करे या पानी पिवे तो दश प्राणायाम करे ।

ज्ञातीनां तु कुले भिक्षु र्न भिक्षेत कथंचन ।
आचरेत् यदा भिक्षां तदा चान्द्रायणं चरेत् ॥अत्रि स्मृ०

संन्यासी अपने कुल में भिक्षा कभी भी न करे यदि करे तो शुद्ध होने के लिये चान्द्रायण व्रत करे ।

पिता माता स्वसा भ्राता स्नुषा जाया सुतस्तथा ।
ज्ञाति बन्धु सुहृद्वर्गो दुहिता तत्सुतादयः ॥ अत्रि स्मृ०
यस्मिन्देशे वसन्त्येते न तत्र दिवसं वसेत् ।
द्वेषः शोको भवेत्तत्र रागहर्षादयोमलाः ॥
अश्रुपातं यदा कुर्याद्भिक्षुः शोकेन चार्दितः ।
योजनानां शतं गत्वा तदा पापात्प्रमुच्यते ॥

पिता, माता, बहिन, भाई, पतोह, स्त्री, पुत्र, जाति, कुल, मित्र, लड़की, भगिना आदि जिस देश में हों वहां एक दिन भी न ठहरे कारण कि वहां पर रहने से द्वेष, शोक, प्रीति हर्ष आदि उत्पन्न होता है शोक से पीड़ित होकर जो

संन्यासी नेत्र से अश्रुपात करे तो वहां से चार सौ कोश पर चला जाय तो पाप से छूटता है।

संन्यासं कुरुते यस्तु श्राद्धं तस्य विधीयते।
तस्यान्नं नैव भोक्तव्यं भुक्त्वा चान्द्रायणंचरेत्॥ जाबालस्मृ०

जो संन्यास समय में श्राद्ध किया जाता है उस अन्न को भोजन नहीं करना चाहिये भोजन करने पर चान्द्रायण व्रत करे।

एकैकं ह्रासयेत्पिण्डं कृष्णे शुक्ले च वर्धयेत्।
उपस्पृशंस्त्रिषवणमेतच्चान्द्रायणं स्मृतम्॥ मनु० ११।२१७

एतमेव विधिं कृत्स्नमाचरेद्यवमध्यमे।
शुक्लपक्षादिनियतश्चरंश्चान्द्रायणं व्रतम्॥२१८॥

अष्टावष्टौ समश्नीयात्पिण्डान्मध्यंदिने स्थिते।
नियतात्मा हविष्याशी यतिचान्द्रायणं चरन्॥२१९॥

चतुरः प्रातरश्नीयात्पिण्डान्विप्रः समाहितः॥
चतुरोऽस्तमिते सूर्ये शिशुचान्द्रायणं स्मृतम्॥२२०॥

मनुस्मृति के ग्यारहवें अध्ययन में लिखा है कि प्रातः काल, मध्याह्न काल और सायं काल में स्नान करता हुआ पूर्णमासी के दिन पन्द्रह ग्रासों को खाकर कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा के क्रम से एक एक ग्रास घटावे ऐसे चतुर्दशी के एक ग्रास भोजन कर के अमावस्या को व्रत करे, फिर शुक्लपक्ष की प्रतिपदा से लगा के एक एक ग्रास बढ़ाता जाय ऐसे पूर्णमासी को पुनः पन्द्रह ग्रास भोजन करे इसको पिपीलिका मध्य नाम का चान्द्रायण कहते हैं॥२१७॥ और यव मध्यनाम के चान्द्रायण में भी शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से एक एक ग्रास को बढ़ा कर पूर्णमासी को पन्दरह ग्रास करे तिसके पीछे कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा से एक एक ग्रास घटा कर के अमावस्या को उपवास करे इसको यव-मध्यनाम का चान्द्रायण कहते हैं।।२१८॥ और एक महीने तक जो मध्याह्न के समय में प्रतिदिन आठ ग्रास भोजन करके दिनरात बिताता है उसको यति

चान्द्रायण कहते हैं ॥२१९॥ और प्रातःकाल चार ग्रास भोजन करे तथा सूर्य के अस्त होने पर चार ग्रास भोजन करे तो इसको शिशुचान्द्रायण मुनियों ने कहा है ॥२२०॥

दण्डग्रहणंकृत्वा पुत्रमित्रभ्रात्रादि संभाषणं न कुर्यात् ।
अज्ञानाद्भाषणं कृत्वा प्रायश्चित्तेन युज्यते ।
उपवासमेकं कृत्वा तु प्राणायामशतंचरेत् ॥ सत्यकाम०

त्रिदण्ड ग्रहण करके पुत्र मित्र भ्रातृ आदि से संभाषण न करे अज्ञान से भाषण करके प्रायश्चित्त करे कि एक उपवास करके सौ प्राणायाम करे ।

स्वप्नस्कन्नेदुर्बलत्वात्प्राणायामास्तुषोडश ।
रेतः सेकंकचिद्भिक्षुः कुर्यान्मोहात्तु कामतः ॥देवलस्मृ०
प्राजापत्यत्रयं कृत्वा प्राणायामशतं चरेत् ।
स्वभावतो दिवास्कन्ने प्राजापत्यां समाचरेत् ।
स्त्रियं दृष्ट्वा यदा स्वप्ने रेतः क्षरति वै क्वचित् ।
सवासाप्लुत्यशुद्ध्यर्थं कुर्यात्षोडश संयमान् ॥
उपवासं यतिः कुर्यात्पुनः सुप्तः क्षरेद्यदि ।
प्राणायामैर्विशुद्धात्मा विरजो जायते पुनः ॥

दुर्बल होने से स्वप्न में यदि रेत पतन हो तो संन्यासी सोरह प्राणायाम करे और मोह या काम से वीर्य पतन हो तो तीन प्राजापत्य करके सौ प्राणायाम करे यदि स्वभाव से दिन में पतन हो तो प्राजापत्य व्रत करे और स्त्री को देखकर स्वप्न मे यदि पतन हो तो शुद्धि के लिये सचैल स्नान करके सोरह संयम करे पुनः सोने पर यदि वीर्य पतन हो तो संन्यासी उपवास करके प्राणायाम करे इससे निर्मल हो जाता है ।

अवशेनापि यन्नाम्नि कीर्तिते सर्वपातकैः ।
पुमान्विमुच्यते सद्यःसिंहत्रस्तैर्मृगैरिव ॥ वि० पु०

यन्नामकीर्तनं भक्त्या विलापनमनुत्तमम् ।
मैत्रेयाशेषपापानां धातूनामिव पावकः ॥
कमलनयन वासुदेव विष्णोधरणीधराच्युतशंखचक्रपाणे ।
भवशरणमितीरयन्तियेवैत्यजभट दूरतरेणतानपापान् ॥
मुक्तिं चेतसि यः स्थितोऽमलधियांपुंसांददात्यच्युतः ।
किंचित्रं यदघं प्रयातिविलयं तत्राच्युते कीर्तिते ॥
एवंस्तुवन्नरो राजन्सदा नारायणं विभुम् ।
यमलोकं न पश्येत्तु नरकांस्तुकुतः पुनः ॥
शृण्वन्नपि स्तुवन्नित्यं स्मरन्नपि युधिष्ठिर ।
महापातकजान्मर्त्यो मुच्यतेसर्वकिल्विषात् ॥

विष्णु पुराण में लिखा है कि अनजान में भी जो मनुष्य नारायण के नामों को स्मरण करता है वह सब पापों से निवृत हो जाता है। कमलनयन, वासुदेव, हे विष्णो ! धरणीधर, अच्युत, शंख चक्र पाणे, आप मेरे रक्षक है ऐसा शब्द जो उच्चारण करे उसको पाप रहित जान कर ऐभट दूरही से परित्याग कर देना। निर्मल बुद्धि वाले पुरुषों के चित्त में स्थित जो नारायण हैं वे मुक्ति को देते हैं तो नारायण के संकीर्तन करने से पाप नष्ट हो जाता है इसमें क्या आश्चर्य है ? ऐ राजन् ! जो सर्वव्यापक नारायण को सदा कीर्तन करता है वह पुरुष यमलोक को नहीं देखता है तो फिर नरक को कहां से देख सकता है। ऐ युधिष्ठिर ! नारायण इस शब्द को सुनने वाला या कहने वाला अथवा स्मरण करने वाला मनुष्य महापातको से उत्पन्न जो किल्बिष है उससे छूट जाता है।

कलेर्दोषनिधे राजन्नस्ति ह्येको महान् गुणः ।
कीर्तनादेव कृष्णस्य मुक्तबन्धः परं व्रजेत् ॥ श्रीमद्भा० १२।३।५१

ऐ राजन् ! दोषनिधि कलियुग में एक बड़ा भारी गुण है कि केवल कृष्ण भगवान् के कीर्तन करने से बन्धन से मुक्त होकर परमात्मा को पाता है।

चक्रायुधस्य नामानि सदा सर्वत्र कीर्तयेत् ।
नाशौचं कीर्तने तस्य सपवित्रकरो यतः ॥ वि० पु०
सर्वेषामेवपापानां संघाते समुपस्थिते ।
अभ्यसेद्दशसाहस्रं प्रणवं शोधनं तु तत् ॥

नारायण के नामों को सदा सर्वत्र संकीर्त्तन करे नाम संकीर्तन में अशौच नहीं लगता है क्योंकि वह पवित्र करने वाला है । सब पापों के संघात उपस्थित होने पर दश हजार प्रणव को जपे प्रणव जपने से पाप नष्ट हो जाता है ।

कृतेपापेऽनुतापो वै यस्य पुंसः प्रजायते ।
प्रायश्चित्तं तु तस्यैकं हरिसंस्मरणं परम् ॥ वि० पु०
तस्मादहर्निशंविष्णुं संस्मरन्पुरुषोमुने ।
न याति नरकं शुद्धः संक्षीणाखिलपातकः ॥

विष्णुपुराण में लिखा है कि पाप करने पर जिस मनुष्य को अनुताप होता है उसके लिये श्रेष्ठ नारायण को स्मरण करना यही एक प्रायश्चित है । इससे जो पुरुष दिन रात विष्णु भगवान को स्मरण करता है वह समस्त पापों से रहित शुद्ध होकर फिर नरक को नहीं जाता है ।

अभक्ष्यभक्षणात्पापमगम्यागमनादिजम् ।
नश्यते नात्रसंदेहो गोविन्दस्य च कीर्तनात् ॥ स्क०पु०
तन्नास्तिकर्मजंलोके वाग्जं मानसमेव वा ।
यत्तु न क्षीयते पापं कलौ गोविन्दकीर्तनात् ॥

अभक्ष्य भक्षण करने से और अगम्या स्त्री के साथ भोग करने से जो पाप उत्पन्न होता है वह गोविन्द के कीर्तन से नष्ट हो जाता है । लोक में कर्म से या वाणी से अथवा मन से उत्पन्न ऐसा कोई पाप नहीं है जो कलिकाल में गोविन्द के संकीर्तन से न नष्ट हो ।

नारायणो नाम नरो नराणां प्रसिद्धचौरः कथितः पृथिव्याम् ।
अनेकजन्मार्जितपापसंचयं हरत्यशेषं स्मरतां सदैव ॥ पा०गी० ४

हरेर्नामैव नामैव नामैव मम जीवनम् ।
कलौ नास्त्येव नास्त्येव नास्त्येव गतिरन्यथा ॥५३॥
हरिर्हरति पापानि दुष्टचित्तैरपि स्मृतः ।
अनिच्छयापि संस्पृष्टो दहत्येव हि पावकः ॥६५॥
सकृदुच्चरितं येन हरिरित्यक्षरद्वयम् ।
बद्धः परिकरस्तेन मोक्षायगमनं प्रति ॥६६॥
आलोड्य सर्वशास्त्राणि विचार्य्यैव पुनः पुनः ।
इदमेकं सुनिष्पन्नं ध्येयो नारायणः सदा ॥७३॥

पाण्डवगीता में लिखा है कि पृथ्वी में मनुष्यों के लिये नारायण यह नाम प्रसिद्ध चोर है कारण कि सदैव स्मरण करने वालों के अनेक जन्म के संचित पाप को मूल से नाश कर देता है ॥४॥ केवल नारायण का नाम ही निश्चय करके मेरा जीवन है क्योंकि कलियुग में विना नाम स्मरण किये हुए गति नहीं हो सकती है ॥५३॥ दुष्ट चित्त से भी नारायण को स्मरण करने से समस्त पाप नष्ट हो जाता है जैसे बिना इच्छा के भी अग्नि को स्पर्श करने से जल जाना है ॥६५॥ एक बार जो हरिः इस दो अक्षर को उच्चारण करता है वह निश्चय करके मोक्ष के लिये परिकर बान्धता है ॥६६॥ सब शास्त्रों को आलोडन करके और पुनः पुनः विचार करने से यही एक मालूम होता है कि सदा नारायण का ध्यान करना ॥७३॥

सर्वं श्रुतिरहस्यं गोप्यं तच्छृणु येन कलिसंसारं तरिष्यसि भगवत आदिपुरुषस्य नारायणस्य नामोच्चारणमात्रेण निर्धूतकलिर्भवति ॥
कलिसंतरणोप नि०

नातः परतरोपायः सर्ववेदेषु दृश्यते । कलिसंत०

कलिसंतरणोपनिषद् में लिखा है कि सब श्रुतियों का रहस्य और गोप्य को सुनो, जिससे कलि में संसार को पार करोगे वह जो आदि पुरुष भगवान्

नारायण हैं उनके केवल नाम उच्चारण करने से समस्त पाप निवृत्त हो जाता है इससे बढ़कर उपाय वेदों में नहीं है ॥

स्वधर्मेण यथा नृणां नारसिंहः प्रसीदति ।
न तुष्यति तथान्येन कर्मणा मधुसूदनः ॥ ल० हा० ७।१६

नरसिंह भगवान् जिस प्रकार से अपने धर्म में स्थित मनुष्यों पर प्रसन्न होते हैं उस प्रकार अन्य कर्म से नहीं प्रसन्न होते हैं ॥१६॥

इति श्रीमद्वेदमार्गप्रतिष्ठापनाचार्यउभयवेदान्तप्रवर्तकाचार्यश्रीमत्परमहंसपरि-
व्राजकाचार्यसत्सम्प्रदायाचार्यजगद्गुरुभगवदनन्तपादीयश्रीमद्विष्वक्सेना-
चार्यत्रिदण्डिस्वामिसम्पादितयतीन्द्रधर्ममार्तण्डका
नवम-उल्लास समाप्त हुआ ।

॥ दशमोल्लासः ॥

नाथेन मुनिनाथेन भवेयं नाथवानहम् ।
यस्य नैगमिकं तत्वं हस्तामलकतां गतम् ॥

वैदिक रहस्य, जिनको हस्तामलकवत् स्पष्ट है, उन नाथ मुनि से मैं सनाथ होऊँ, यह मेरी इच्छा है। (श्रीसम्प्रदाय के कलियुग में प्रथम श्रीनाथमुनि स्वामी ने ही त्रिदण्ड ग्रहण किया है)

अथ यतीनामन्त्यसंस्कारविधिंव्याख्यास्यामः ।

अब संन्यासियों के मरणान्त विधी की व्याख्या करूंगा ।

यतौमृते न वपनं नोदकं नैव च क्रिया ।
नाशौचं नैवशोकश्चबन्धूनांगोत्रिणामपि ॥ उशनास्मृ०
सपिण्डीकरणं तेषां न कर्तव्यं सुते न तु ।
एकोद्दिष्टं न कुर्वीतयतीनांतुकदाचन ॥

कुटीचकं तु प्रदहेत्पूरयेत्तु बहूदकम् ।
हंसोजलेतुनिक्षेप्यः परहंसं प्रपूरयेत् ॥

संन्यासी के मरने पर सगोत्रीबन्धु वपन जलांजलि क्रिया अशौच और शोक न करे। और संन्यासियों में कभी सपिण्डीकरण श्राद्ध और एकोद्दिष्ट न करे। कुटीचक को दाह दे, बहूदक को मृत्तिका में पूर्ण करे, हंस को जलमें विसर्जन करे और परमहंस का भली भाँति भूमि में पूर्ण करे।

त्रिदण्डग्रहणादेव प्रेतत्वं नैव जायते ।
अहन्येकादशे प्राप्ते पार्वणन्तु विधीयते ॥ लिखितस्मृ० २२

त्रिदण्ड के लेने से ही प्रेत नहीं होता है। मरने के ग्यारहवें दिन पार्वण श्राद्ध करना चाहिये ॥२७॥

सर्वसङ्गनिवृत्तस्य ध्यानयोगरतस्य च ।
न तस्य दहनं कार्य्यन्नाशौचं नोदकक्रिया ॥ स्मृत्यर्थसा०

सब सङ्गों से निवृत होकर ध्यान योग में तत्पर हुए संन्यासी को दाह, अशौच और जलदान न करे।

ब्रह्मनिष्ठे च संन्यस्तेपितर्युपरतेश्रु ते ।
सपिण्डीकरणं नैव नाशौचं नोदकक्रिया ॥ बौधायन
अहन्येकादशे प्राप्ते पार्वणं तु विधीयते ।
सपिण्डीकरणं नैतत्कर्तव्यं तु सुतादिभिः ॥
सद्यः संन्यसनादेव प्रेतत्वं नैव जायते ।
एकोद्दिष्टं न कर्तव्यं संन्यस्तानां कदाचन ॥

बौधायन ऋषि ने कहा है कि ब्रह्मनिष्ठ संन्यस्त पिता के मरण सुनने पर सपिण्डी श्राद्ध, अशौच, जलदान न कर ग्यारहवें दिन को पार्वण श्राद्ध करे। पुत्र आदिक सपिण्डी करण को न करें क्योंकि संन्यास लेने ही से प्रेत नहीं होता है और कभी भी संन्यासी को एकोद्दिष्ट न करे।

दशाहे तु व्यतिक्रान्ते पुत्रः कुर्य्यात्तुपार्वणम् ।
प्रत्यब्दंपार्वणं कुर्यादेषधर्मः सनातनः ॥ शौनकस्मृ०

दशदिन बीत जाने पर पुत्र पार्बण करे और प्रतिवर्ष में वह तिथि आने पर पार्वण करे यह प्राचीन धर्म है ।

निषेकादिश्मशानान्ता विधयो ब्राह्मणाश्रिताः ।
तस्माद्यतेस्तु संस्कारं मंत्रवित्कुरुतेगृही ॥ यतिधर्म सं०प०पृ० १३३
यतिदेहं गृही स्पृष्ट्वा स्नानमात्रेण शुध्यति ।
अश्वमेधफलंसर्वं संप्राप्नोति पदे पदे ॥
असंस्कृतं विशीर्येत यत्र देशे कलेवरम् ।
धर्मलोपो भवेत्तत्र दुर्भिक्षं मरणादिकम् ॥

स्नान से लेकर श्मशानान्त क्रिया ब्राह्मण के आश्रित है इससे मंत्र वेत्ता गृहस्थ संन्यासी के अन्त्य संस्कार को करे और संन्यासी के मृतक देह को छू कर केवल स्नान करने से शुद्ध होता है और पद में अश्वमेध यज्ञ के फल को पाता है । जिस देश में संन्यासी का शरीर विना संस्कार किये हुए विशरण होता है उस देश में धर्म का लोप दुर्भिक्ष और मरण आदिक होता है ।

कुटीचकस्यतुदहनादिकः क्रियाकलापः कार्य एव कुत.—
संनिकृष्टे यतौयेषां पितर्युपरते सुतैः
दहनं तस्य कर्तव्यं श्राद्धपिण्डोदक क्रियाः ॥ इतिस्मृते
अनग्नेर्दहनं कार्यं पूर्वभिक्षोर्यथाविधि ।
विदुषस्तु न तत्कार्यं नैकोद्दिष्टादिकर्हिचित् ॥

कुटीचक के तो दहनादिक क्रिया कलाप करना चाहिये क्योंकि स्मृति में है कि जिस के पिता संन्यास ग्रहण करके संनिकृष्ट में मर जाय तो पुत्र दाह श्राद्ध, पिण्ड, उदकक्रिया करे कुटीचक संन्यासी को भी जलना चाहिये और ज्ञानी हो तो दहन आदिक नहीं करना चाहिये ।

यतीन्द्रणां बौधायनोक्तान्त्यसंस्कारविधिर्निगद्यते ।

यतीन्द्रोंके अन्त्य संस्कार विधि बौधायन ऋषी ने जो कहा है उसको कहता हूँ ।

अथ गृहस्थः शुद्धात्माऽशेषतः स्नात्वा द्वादशोर्ध्वपुंड्रं तर्जन्या विधाय गन्धपुष्पादिभिरलंकृत्यशिक्ये शरीरमारोप्य घोषितं जय शब्दैर्दुन्दुभीनांरवैरपिग्रामात्प्राचीमुदीचींगत्वा शुद्धदेशं समाश्रयेत् नदीतीरेऽश्वत्थवृक्षस्य ब्रह्मवृक्षस्य वाधस्ताद् वयजनं त्रिदण्डायाम प्रमाणं व्याहृतिभिः खनित्वा लवणं प्रक्षिप्यदर्भान्संस्तीर्य विष्णुगायत्र्या शरीरं प्रक्षाल्य पुरुषसूक्तेन स्नापयित्वा षोडषोपचारैर्गन्धपुष्पैरलंकृत्य ॥ "विष्णोहव्यं रक्षस्व ॥" इतिशरीरं कुण्डेनिधाय "इदंविष्णुर्विचक्रमेत्रे-धानिदधे पदम् समूढमस्यपांसुरेस्वाहा ॥" शुक्ल यजुः सं० अ० ५ मं० १५ ॥ इतिमंत्रेणदक्षिणहस्ते त्रिदण्डं ॥ "यस्यपारे ॥" इति-सव्येशिक्यम् ॥ "येनदेवाः पवित्रेण ॥" इति मुखे जल पवित्रं सावित्रयोदरेपात्रं ॥ "भूमिः श्वभ्रे ॥" इति गुह्ये कमण्डलुं निधाय ॥ "हंसः शुचिषद्वसुरन्तरिक्षसद्धोतावेदिषदतिथिर्दुरोणसत् नृषद्वर सदृसतद् व्योमसदब्जागोजा ऋतजा अद्रिजा ऋतं बृहत् ॥" शुक्लयजुः अ०१०।२४

इति हृदय देशे जपेत् ॥ "ब्रह्मयज्ञानं प्रथमं पुरस्ताद्विसीमतः सुरुचोवे न आवः सबुध्न्याउपमाअस्यविष्ठाः सतश्चयोनिमसतश्चविवः ।" शुक्लयजुः अ० १३ मं० ३ ॥

इतिमूर्धदेशेजपेत् पुरुषसूक्तं भ्रुवोर्मध्येजपेत् ॥ " ओम् भूमि-र्भूमिमगान्माता मातरमप्यगात्भूयास्मपुत्रैः पशुभिर्योनोद्वेष्टि स भिद्यताम् ॥ इति मंत्रेण मूर्धानंभिन्द्यादश्मनापरशुनावा" ओम् भूर्भुवः स्वरोमित्यभिमंत्र्यदर्भैराच्छाद्य मध्ये लवणेनघनतरेणसप्तव्याहृतिभिः मूलमंत्रेण च देवयजनं पूरयेत् ॥ "अग्निनाग्निः समिध्यते ॥" इत्यनु-

मन्त्रयेन्नतत्रशेषसंस्कारोऽस्ति अन्यथा ग्राम्यादिभक्षणेऽनावृष्टिर्भवति तस्माद्भूमिंभृशंखात्वा मृदाच्छादयेत् । इति विश्वादर्शटीकायां स्मृत्यर्थसारे च ।

संन्यासी के मर जाने पर शुद्धात्मा गृहस्थ अच्छी प्रकार से स्नान करके मृतक को स्नान करावे और द्वादशोर्ध्वपुंड्र करके और गन्ध पुष्पों से अलंकृत करके शरीर को शिक्यं पर रख कर जय जय शब्द करता हुआ और नगारा बजवाता हुआ ग्राम से पूरब या उत्तर शुद्ध स्नान पर रखे और नदी के तट पर या पीपल अथवा बट के वृक्ष के नीचे त्रिदण्ड के बराबर देवयजनखने और उसमें व्याहृतियों से लवण छीट कर कुशा डशावे और गायत्री से देह को प्रोक्षण करके पुरुषसूक्त से स्नान और षोडशोपचार पूजन करके "विष्णोहव्यं०" इस मंत्र से शरीर को कुण्ड में रख कर "इदंविष्णुः" इस मंत्र से दक्षिण हस्त में त्रिदण्ड और "यस्यपारे" इस मंत्र से वायें हाथ में शिक्य तथा "ओम् येनदेवाः पवित्रेण आत्मानं पुनते सदा। तेन सहस्रधारेण पावमान्यः पुनन्तुमाम् ॥" इस मंत्र से मुख में जल पवित्र और सावित्री से पेट में भिक्षा पात्र और 'भूमिःश्वभ्रे" इस मंत्र से गुह्य में कमण्डलू को रख कर "हंसः शुचिषद्" इस मंत्र को हृदय में जपे और "ब्रह्मयज्ञानं" इस मंत्र को मूर्धास्थान में जपे और पुरुष सूक्त को भौंहों के मध्य में जपकर "ओंभूमिः" इस मंत्र को पढ़कर पत्थर या परशु से शिर को फोड़ दे और "ओंभूर्भुवः" इस मंत्र से अभिमन्त्रित करके और कुशों को डसाकर मध्य में घना लवण से देवयजन को व्याहृति मंत्र या मूल मंत्र से पूर्ण करे इसके बाद "अग्निाऽग्निः" इस मंत्र को पढ़े और इसमें कुछ संस्कार नहीं है यदि ऐसा न करे तो ग्राम के जीव उसको खाते हैं इससे अनावृष्टि होती है इस कारण से भूमि को पूरा खन कर मिट्टी से अच्छी प्रकार आच्छादित कर दे यह विश्वादर्श टीका और स्मृत्यर्थ सार ग्रन्थ में लिखा है।

वृहच्छौनकस्तु ॥ यतिं पुरुष सूक्तेन स्नापयित्वाऽवटं ततः ।

प्रणवेनाष्टवारं तं प्रोक्षयेदथ सर्वतः ॥
विष्णोहव्यं रक्षस्वेति यजुषाप्रणवेन च ।

गर्त्ते प्रेतं विनिक्षिप्य चेदं विष्णुर्विचक्रमे ॥
इति मंत्रेण दण्डंतु दद्याद्दक्षिण हस्तके ।
मूर्धानं भूर्भुवः स्वश्चेत्युक्त्वाशंखेन भेदयेत् ॥
गर्तं पुरुषसुक्तेन लवणेन प्रपूरयेत् ।
शृगालश्वादिरक्षार्थं सम्यग्गर्तं प्रपूरयेत् ॥

बृहत् शौनक तो यह कहते हैं कि पुरुषसूक्त से यति को स्नान कराकर प्रणव से आठ बार सब ओर से प्रोक्षण करे और "विष्णोहव्यंरक्षस्व०" इस यजुर्वेद के मंत्र और प्रणव से गर्त्त में मृतक को रख कर "इदंविष्णुर्विचक्रमे" इस मंत्र से दक्षिण हाथ में त्रिदण्ड को दे और "भूर्भुवः स्वः" ऐसा कह कर शंख से शिर को भेदन करे पुरुषसूक्त पढ़कर गर्त को लवण से पूर्ण करे और शृगाल श्वान आदि की रक्षा के लिये गर्त को भली प्रकार मृत्तिका से पूर्ण करे।

सर्वसंगनिवृत्तस्य ध्यानयोगरतस्य च ।
न तस्यदहनं कार्यं नाशौचं नोदकक्रिया ॥ बौधायन
निदध्यात्प्रणवेनैव ध्यान भिक्षोः कलेवरम् ।
प्रोक्षणं खननं चैव सर्वं तेनैव कारयेत् ॥
यतीन्वहन्स्पृशंश्चैव स्नानमात्रेण शुध्यति ।
अश्वमेधफलं सर्वे प्राप्नुवन्ति पृथक्पृथक् ॥
एकोद्दिष्टं जलं पिण्डं नाशौचं प्रेतसत्क्रियाम् ।
नकुर्यात्पार्वणादन्यद्ब्रह्मीभूताय भिक्षवे ॥

सबसंग से रहित ध्यान योग में रत संन्यासी का दाह अशौच और उदक क्रिया न करे। ध्यान भिक्षु के शरीर को प्रणव से स्नान और प्रोक्षण गृहस्थ करे। मरे हुए संन्यासी के ढोने वाला और स्पर्श करने वाला स्नान मात्र से शुद्ध हो जाता है और सब कोई अलग अलग अश्वमेध यज्ञ के फल को पाते हैं। पार्वण से अन्य एकोद्दिष्ट श्राद्ध या जल दान पिण्डादान और अशौच तथा प्रेत सत्क्रिया ये सब कर्म संन्यासी के मरने पर न करे।

नारायणबलिं चास्य कुर्वीतद्वादशेऽहनि ।
कुर्याद्विष्णोर्महापूजां पायसं च निवेदयेत् ॥ बौधायन
अग्नौहुत्वातुतच्छेषं व्याहृतिभिः समाहितः ।
यतीन्गृहस्थान्साधून्वागृहीत्वा द्वादशावरान् ॥
अभ्यर्च्य गन्धपुष्पाद्यैर्मन्त्रैर्द्वादशनामभिः ।
संभोज्यहव्येनान्नेन दक्षिणां च निवेदयेत् ॥
त्रयोदशंद्विज श्रेष्ठमात्मसंज्ञं यतेन्द्रियम् ।
विष्णुंयथातथाभ्यर्च्यपाद्याघ्यार्द्यैर्विधानतः ॥
दद्यात्पुरुषसूक्तेन पुण्यहव्यादिकं क्रमात् ।
वस्त्रालंकारकाद्यानियथाशक्ति प्रदापयेत् ॥
उच्छिष्टसंनिधौ तस्य दर्भानास्तीय भूतले ।
ओंभूः स्वधोंभुवः स्वधोंस्वः स्वधेति बलीन्हरेत् ॥

दक्षस्मृति के सातवें अध्याय में लिखा है कि ध्यान योग विचक्षण संन्यासी जिस देश में निवास करता हो वह देश पवित्र हो जाता है फिर उसके बान्धव क्यो न होंगे ॥४१॥

अभयं सर्वभूतेभ्यो दत्वा चरति यो मुनिः ।
तस्यापि सर्वभूतेभ्यो न भयं जातु विद्यते ॥ वशिस्मृ० १०।१

वशिष्ठस्मृति के दशवे अध्याय में लिखा है कि जो ब्राह्मण सब जीवों को अभय देकर विचरता है उसको किसी जीव से कभी भय नहीं होता है ॥१॥

यस्यसंन्यसनादेवस्थानाच्चलतिभास्करः ।
कुलकोटिशतैः सार्धं प्राप्नोतिपरमंपदम् ॥ व्यास
षष्टिं कुलान्यतीतानिषष्टिमागामिकानि च ।
नरकादुद्धरत्येवसंन्यस्तोऽहमितिब्रुवन् ॥

दिव्यतेजोमयः श्रीमान्सूर्यचन्द्राग्निमंडलम् ।
भित्वा प्रयाति संन्यासी स्वधर्मपरिपालनात् ॥

जिसके संन्यास लेने से सूर्य भगवान अपने स्थान से चलायमान हो जाते हैं और संन्यास लेने वाला सौ करोड़ कुल के साथ परम पद को प्राप्त करता है और मैंने संन्यास ले लिया ऐसा वाक्य को जो बोलता है वह बीते हुए साठ कुल का और आगामी साठ कुल को नरक से उद्धार करता है। स्वधर्म पालन करने से संन्यासी दिव्य तेजोमय सूर्यचन्द्र और अग्निमण्डल को भेदन करके परम पद को पाता है।

संन्यस्तमितियोब्रूयात्प्राणैः कण्ठगतैरपि ।
सोऽक्षयांल्लभते लोकान्पुनर्जन्म न विद्यते ॥ कपिलस्मृ०
गृहस्थो ब्रह्मचारी च वानप्रस्थोऽथभिक्षुकः ।
य इच्छेन्मोक्षमास्थातुमुत्तमां वृत्तिमाश्रयेत् ॥

जो कण्ठ में भी प्राण चले जाने पर मैंने संन्यासाश्रम ग्रहण किया ऐसा उच्चारण करता है वह अक्षय लोक को पाता है और फिर से जन्म नहीं लेता है। ब्रह्मचारी या गृहस्थ अथवा वानप्रस्थ जो मोक्ष चाहे वह त्रिदण्ड करे।

षष्टिंकुलान्यतीतानि षष्टिमागामिकानिच ।
कुलान्युद्धरते प्राज्ञः संन्यस्तमिति योवदेत् ॥ अङ्गिरा
येचसंतानजादोषा येऽपि स्युः कर्मसंभवाः ।
संन्यासस्तान्दहेद्दोषांस्तुषाग्निरिवकांचनम् ॥
सूर्यखद्योतयोर्यद्वन्मेरुसर्षपयोरिव ।
अन्तरंहिमहद्दष्टं तथाभिक्षुगृहस्थयोः ॥

जो ज्ञानी, मैंने संन्यास ले लिया ऐसा वाक्य कहता है वह अपने व्यतीत साठ कुल का और आगामी साठ कुल को नरक से उद्धार कर देता है। और सन्तान से उत्पन्न तथा कर्म से उत्पन्न दोषों को संन्यास जला देता है जैसे तुषाग्नि सोना को जला देता है। जिस प्रकार सूर्य्य और खद्योत में तथा मेरु

पर्वत और सरसो में बड़ा भाड़ी अन्तर देखा गया है वैसेही संन्यासी और गृहस्थ में भी बड़ा भारी अन्तर है।

एवंयः कुरुतेविद्वान्नारायणबलिं द्विजः।
विष्णुलोकमवाप्नोति पुरुषो नात्र संशयः॥

बौधायनजी ने कहा है कि संन्यासी के मरने से बारहवें दिन को नारायण-बलि करे और बिष्णु भगवान् की महापूजा करके पायसान्न निवेदन करे। समाहित हो भगवत् शेष पायस को अग्नि में हवन कर संन्यासी या गृहस्थ अथवा जो शुद्ध आचरण वाला भागवत हो उसको द्वादश नामों से षोडशोपचार पूजन करके हविष्यान्न भोजन करावे और दक्षिणा दे। जितेन्द्रिय और आत्मज्ञानी तेरह ब्राह्मणों को बिष्णु भगवान् के सदृश पाद्य आदि को देकर पुरुष सूक्त से हविष्य को और यथा शक्ति वस्त्र अलंकारादिक को दे दे। इसके बाद भोजन के स्थान को पास में पृथ्वीपर कुश बिछा कर ओंभूःस्वधोमित्यादि मंत्र से बलि दे। जो ब्राह्मण इस प्रकार नारायणबलि को करता है वह त्रिपादविभूति को प्राप्त करता है इसमें संदेह नहीं है।

इति श्रीमद्वेदमार्गप्रतिष्ठापनाचार्यउभयवेदान्तप्रवर्तकाचार्यश्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यसत्सम्प्रदायाचार्यजगद्गुरुभगवदनन्तपादीयश्रीमद्विष्वक्सेनाचार्यत्रिदण्डिस्वामिसम्पादितयतीन्द्रधर्ममार्तण्डका
दशम-उल्लास समाप्त हुआ।

॥ एकादशोल्लासः ॥

श्रीवत्सवंशकलशोदधिपूर्णचन्द्रम्
आर्यस्यसाधुशरणस्यकृपैकपात्रम्।
ज्ञानादिसद्गुणनिधिं करुणानिधानम्
श्रीरामकृष्णगुरुवर्य्यमहं प्रपद्ये॥

श्रीवत्सवंशरूप कलशोदधि के बिकसित करने के लिये पूर्ण चन्द्रमा सदृश और श्रेष्ठ साधु शरण स्वामी जी की कृपा के एक पात्र और बात्सल्य

मुख्य गुण की राशि और मनोज्ञ मूर्ति वाले जो आचार्य श्री १००८ रामकृष्णाचार्य स्वामी जी महाराज हैं उनको मैं भजन करता हूँ।

अथ श्रुतिस्मृतिभ्यामवगम्यमानं संन्यासफलं प्रदर्श्यते।

अब श्रुति स्मृति से अवगम्यमान संन्यास के फल को दिखलाता हूँ।

"एतमेव प्रव्राजिनो लोकमिच्छन्तः परिव्रजन्ति। एतद्ध स्म वै तत्पूर्वे विद्वांसः प्रजां न कामयन्ते किं प्रजया करिष्यामो येषां नोऽयमात्माऽयं लोक इति। ते ह स्म पुत्रैषणायाश्च वित्तैषणायाश्च लोकैषणायाश्च व्युत्थायाथ भिक्षाचर्य्यं चरन्ति॥" वृहदा० ४।४।२२॥

संन्यासी लोग परलोक की इच्छा से संन्यास लेते हैं इस कारण पहले के भी विद्वान लोग प्रजा की इच्छा न करके पुत्र की इच्छा तथा धन की इच्छा और लोक की इच्छा से उठ कर भिक्षा को भोजन करते हैं॥२२॥

"ब्रह्मसंस्थोऽमृतत्वमेति॥" छान्दोग्योप० अ: २ खं० २३ मं० १

ब्रह्म में संस्थित पुरुष मोक्ष को पाता है।

अथ परिव्राट् शुचिरद्रोही भैक्षाणो ब्रह्मभूयाय भवतीति।

जाबालोपनि खं० ५॥

जो संन्यासी पवित्र और द्रोहरहित भिक्षान्न भोजन करता है वह मोक्ष को पाता है।

त्याग एव हि सर्वेषां मोक्षसाधनमुत्तकम्। इति भाल्लवीयश्रुतिः

सब ब्राह्मणों के मोक्ष का उपाय संन्यास है यह भाल्लवीय श्रुति है।

न कर्मणा न प्रजया धनेन त्यागेनैकेऽमृतत्व मानशुः॥ तै० १०।५

न कर्म से न प्रजा से न धन से मोक्ष प्राप्त करता है केवल ज्ञान पूर्वक संन्यास से मोक्ष होता है।

सन्यस्तमिति यो ब्रूयात्प्राणैः कण्ठगतैरपि।
न तत्क्रतुसहस्रेण फलं प्राप्नोति मानवः॥ स्मृति

कण्ठ में प्राण के चले जाने पर भी "मयासन्यस्तं" इस वाक्य को जो

बोलता है उस फल को हजार यज्ञ करने वाला भी मनुष्य नहीं पा सकता है।

योदत्वा सर्वभूतेभ्यः प्रव्रजत्यभयं गृहात् ।
तस्य तेजोमया लोका भवन्ति ब्रह्मवादिनः ॥ मनु० ६।३६
यस्मादण्वपि भूतानां द्विजान्नोत्पद्यते भयम् ।
तस्यदेहाद्विमुक्तस्य भयं नास्ति कुतश्चन ॥ ४० ॥

मनुस्मृति के छठवें अध्याय में लिखा है कि जो सब प्राणियों को अभय देकर गृह से संन्यासाश्रम को लेता है उस पुरुष का तेजोमय लोक हो जाता है ॥३६॥ जिस ब्राह्मण से जीवों को थोड़ा भी भय नहीं होता है उसकी वर्तमान देह के नाश होने पर किसी से भी भय नहीं होता है ॥४०॥

अनेन क्रमयोगेन परिव्रजति यो द्विजः ।
स विधूयेहपाप्मानं परं ब्रह्माधिगच्छति ॥ मनु० ६।८५

पूर्वोक्त अनुष्ठान से जो ब्राह्मण संन्यास को धारण करता है वह इस लोक में पाप को छोड़ कर परब्रह्म को प्राप्त करता है ॥८५॥

त्यक्त्वा लोकांश्च वेदाश्च विषयानिन्द्रियाणि च ।
आत्मन्येव स्थितोयस्तु प्राप्नोति परमं पदम् ॥ ल० वि० स्मृ० ४।३५

जो लोक, वेद, विषय, इन्द्रिय इनको छोड़ कर आत्मा के विषय में ही स्थित रहता है वह परम पद को पाता है ॥३६॥

त्रिदण्डभृद्योहि पृथक् समाचरेच्छनैः शनैर्यस्तु बहिर्मुखाधः ।
संमुच्य संसारसमस्तबन्धनात् स याति विष्णोरमृतात्मनः पदम् ॥

ल० हारीत स्मृ० अ० ६ श्लो० २३ ॥

हारीत स्मृति के छठवें अध्याय में लिखा है कि जो त्रिदण्डी संन्यासी पृथक् २ ऐसा आचरण करता है और धीरे-धीरे जिसकी इन्द्रियां संसार से बिरक्त हो गई है वह संसार के सम्पूर्ण बन्धनों को तोड़कर अमृत रूपी विष्णु भगवान् के पदको प्राप्त करता है ॥२३॥

द्वाविमौ पुरुषौ लोके सूर्य्य मंडल भेदिनौ ।

परिव्राड् योगयुक्तश्चरणे चाभिमुखोहतः ॥ परा०स्मृ० ३।३२

संन्यस्तं ब्राह्मणं दृष्ट्वा स्थानाच्चलति भास्करः ।

एष मे मण्डलं भित्वा परं स्थानं प्रयास्यति ॥३३॥

पाराशर स्मृति के तृतीय अध्याय में लिखा है कि संसार में यह दो मनुष्य सूर्य मण्डल को भेद कर ब्रह्म लोक को जाते हैं एक तो योगी संन्यासी और दूसरा रण भूमि में सन्मुख होकर जो मरा है ॥३२॥ सूर्य भगवान भी संन्यासी ब्राह्मण को देख कर अपने स्थान से चलायमान हो जाते हैं कारण कि यह मेरे मण्डल को भेद कर परमपद को प्राप्त होगा ॥३३॥

सर्वभूतसमोमेघः समलोष्टाश्मकांचनः ।

ध्यानयोगरतो नित्यं भिक्षुर्यायात् परां गतिम् ॥ शंख०स्मृ० ७।८

शंखस्मृति के सातवें अध्याय में लिखा है कि जो संन्यासी सब जीवों को और लोहा, पत्थर, सोना को बराबर समझता है और ध्यानयोग में रत रहता है वह परम गति को प्राप्त होता है ॥८॥

यस्मिन्देशे वसेद्योगी ध्यानयोगविचक्षणः ।

सोऽपि देशो भवेत्पूतः किंपुनस्तस्य बान्धवाः ॥ दक्षस्मृ० ७।४७

ध्यानयोग परायण संन्यासी योगी जिस देश में निवास करते हैं वह देश भी पवित्र हो जाता है, फिर उनके बान्धवों के विषय में कहना ही क्या है।

चतुर्वेदस्तु यो विप्रः सोमयाजी शतक्रतुः ।

तस्मादपि यतिः श्रेष्ठस्तिलपर्वतमन्तरम् ॥ जाबालस्मृ०

जिस ब्राह्मण ने चारों वेदों को पढ़ा है और जो सोमयाजी तथा शतक्रतु है उससे भी संन्यासी श्रेष्ठ है जैसे तिल और पर्वत में अन्तर है।

शतं कुलानां पुरतो बभूव तथा वराणां त्रिशतं समग्रम् ।

एते भवन्ति सुकृतस्य लोके येषां कुले संन्यसतीह विप्रः ॥

इस लोक में जिस कुल में ब्राह्मण संन्यास लेता है उस कुल के सौ पुश्त आगे के और तीन सौ पीछे के मनुष्य पुण्य लोक को प्राप्त करते हैं।

त्रिंशत्परांस्त्रिंशदवरांस्त्रिंशच्च परतः परान् ।
सद्यः संन्यसनादेव नरकात्तारयेत्पितॄन् ॥ दक्षस्मृ०

जो संन्यास लेता है वह तीस पीछे के और तीस आगे के और तीस दूसरे के भी पर पितृओं का नरक से शीघ्र ही उद्धार कर देता है।

अकार्यकारिणां दानं वेगोनद्याश्च शुद्धिकृत् ।
शोध्यस्यमृच्चतोयं च संन्यासोऽथद्विजन्मनाम् ॥

याज्ञवल्क्य का वाक्य है कि अकार्यकारियों की शुद्धि के लिये दान है और नदी की शुद्धि करने वाला उसका वेग है और देह की बाह्य शुद्धि के लिये मिट्टी और जल है और ब्राह्मणों की शुद्धि के लिये संन्यास है।

एकरात्रोषितस्यापियतेर्यागतिरुच्यते ।
नसाशक्या गृहस्थेन प्राप्तुंक्रतुशतैरपि ॥ विष्णु०

एक रात्रि उपवास करने वाला संन्यासी की जो गति शास्त्र में कहा है उस गति को गृहस्थ सौ यज्ञ करने पर भी नहीं प्राप्त कर सकता है।

न तावन्मुच्यतेदुःखाज्जन्मसंसारबन्धनात् ।
यावन्नधारयेद्विप्रोवैष्णवंलिङ्गमुत्तमम् ॥ अत्रि० स्मृ०

जब तक ब्राह्मण त्रिदण्ड को नहीं धारण करता है तब तक जन्म-मरण रूप संसार के बन्धन से नहीं निवृत्त होता है।

अतएव कलावपिरामानुजाचार्य वरवरमुनीन्द्र प्रभृतयः ज्ञानिनस्त्रिदण्डं गृहीतवन्तः।

इससे कलियुग में भी रामानुजाचार्य वरवरमुनिस्वामी प्रभृति ज्ञानी लोगों ने त्रिदण्ड ग्रहण किया है।

इति श्रीमद्वेदमार्गप्रतिष्ठापनाचार्यउभयवेदान्तप्रवर्तकाचार्यश्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यसत्सम्प्रदायाचार्यजगद्गुरुभगवदनन्तपादीयश्रीमद्विष्वक्सेनाचार्यत्रिदण्डिस्वामिसम्पादितयतीन्द्रधर्ममार्तण्डका
एकादश-उल्लास समाप्त हुआ।

॥ द्वादशोल्लासः ॥

यतीश्वरसरस्वति सुरभिताशयानां सताम् ।

वहामि चरणाम्बुजं प्रणतिशालिना मौलिना ।

तदन्यमतदुर्मदज्वलितचेतसां वादिनाम् ।

शिरः सुनिहितं मयापदमदक्षिणं लक्ष्यताम् ।

जिनके अन्तःकरण यतिराज की वाणी से सुगन्धित है, उन सन्तों के, चरण कमल को, प्रणाम करने वाले मस्तक पर धारण करता हूँ । अन्य मतावलम्बी जिन वादियों का हृदय अहंकार के कारण जल रहा है, उनके शिर पर मेरा बांया पैर है देखो ।

चतुर्विधा भिक्षुकाः स्युः कुटीचक वहूदकौ ।

हंसः परमहंसश्च पश्चाद्यो यः स उत्तमः ॥ ल० वि० स्मृ० ४।११

संन्यासी चार प्रकार के होते हैं कुटीचक, बहूदक, हंस, परमहंस इनमें जो जो पिछले हैं, वेही २ उत्तम हैं ॥११॥

साक्षाद्विष्णवाकृतिर्विप्रो नमस्योऽयं सुरासुरैः ।

वर्णाश्रमैः समस्तैश्चपरमहंसोद्विजोत्तमः । अत्रिस्मृ०

द्वे रूपे वासुदेस्य चलं चाचलमेव च ।

चलं संन्यासिनांरूपमचलं प्रतिमादिकम्

ब्रह्मचारी सहस्रं तु वानप्रस्थशतानि च ।

ब्राह्मणानांतुकोट्यस्तुयतिरेको विशिष्यते ॥

देवताप्रतिमांदृष्ट्वा यतिंदृष्ट्वा त्रिदण्डिनम् ।

नमस्कारमकुर्वाणो नरकं रौरवं व्रजेत् ॥

विष्णुलिंगाश्रितं विप्रं दृष्ट्वा चैव नराधमाः ।

स्थिताः शय्यासने यानेनत्यजन्ति विमोहिताः ॥

कर्मणामनसा वाचा येन कुर्वन्ति सत्क्रियाम् ।

सदाचारपरिभ्रष्टास्ते पापायान्त्यधोगतिम् ॥

परमहंस संन्यासी साक्षात विष्णु भगवान की मूर्ति हैं इस से सब वर्ण और आश्रम वालों का धर्म है कि उनको नमस्कार करें। वासुदेव भगवान के चल और अचल यह दो रुप हैं, संन्यासी तो चल रूप हैं और प्रतिमा आदिक अचल रूप हैं। हजार ब्रह्मचारी और सौ वानप्रस्थ और करोड़ ब्राह्मण से एक संन्यासी श्रेष्ठ है। नारायण की प्रतिमा और त्रिदण्डी संन्यासी को देख कर जो नमस्कार नहीं करता है वह रौरव नरक में जाता है। जो अधम मनुष्य त्रिदण्ड धारणकिये हुए ब्राह्मण को देखकर शय्या, आसन, वाहन को नहीं छोड़ता है और मन वाणी देह से सत्कार नहीं करता है वह सदाचार से भ्रष्ट पापी अधोगति को प्राप्त करता है।

सर्वेषामाश्रमाणां तु संन्यासी ह्युत्तमाश्रमी।
सएवात्र नमस्यः स्याद्भक्त्या सन्मार्गवर्तिभिः॥ हारित स्मृ०
ब्रह्मिष्ठः परमोहंसः साक्षान्नारायणः स्मृतः।
यस्तं संपूजयेन्नित्यं विष्णुस्तेन प्रपूजितः॥
अष्टाक्षरेण मंत्रेण यतयस्तु नमस्कृताः।
स्मृत नारायणाघ्नन्ति प्राणिनां पापपञ्जरम्॥
अष्टाक्षरेण मंत्रेण नमो नारायणात्मना।
नमस्यो भक्ति भावेन विष्णु रूपीयतिर्यतः॥

सब आश्रमों में संन्यासी उत्तमाश्रमी है, इससे सन्मार्गवर्ति सब भक्ति से त्रिदण्डी को नमस्कार करें। जो ब्रह्मिष्ठ संन्यासी है वह साक्षात् नारायण का स्वरूप है इसलिये त्रिदण्डी को जो नित्य पूजता है वह बिष्णु भगवान् को पूजता है। अष्टाक्षर मंत्र से संन्यासी को साष्टाङ्ग करना चाहिये कारण कि नारायण के स्मरण करने से प्राणियों का पाप पञ्जर नष्ट हो जाता है। "ओंनमोनारायणाय" इस अष्टाक्षर मंत्र से भक्तियुक्त साष्टाङ्ग संन्यासी को करना चाहिये क्योंकि संन्यासी विष्णु भगवान् के रूप हैं।

उपचर्यः सदाभिक्षुराश्रमस्थो विचक्षणैः ।

व्रतलोपो यथा चास्य न भवेद्वै यथा तथा ॥ वृद्धया० व०

जिसमें संन्यासी का व्रत लोप न हो वैसा बुद्धिमान् लोग सेवा करें ।

यतिमागतं स्वागतमित्युक्त्वा ऽभ्युत्थायासनं पादशौचमभ्यञ्जनं च दत्वा कुशलमभिभाष्योपासीत कालेत्वन्नं भैक्षमुपाहरेत्सतस्योपचार इति ॥ बौधायन०

आये हुए यति को स्वागत करके उठ कर आसन पाद शौच और अभ्यञ्जन देकर कुशल संभाषण करके समय पर भिक्षा करावे यह उपचार है ।

ब्रह्मचारीयतिश्चैव विद्यार्थी गुरुपोषकः ।

अध्वगः क्षीणवृत्तिश्च षडेते भिक्षुकाः स्मृताः ॥ अत्रिस्मृ० १६२

ब्रह्मचारी, संन्यासी, विद्यार्थी, गुरुपोषक, पथिक और दरिद्र इन छवों को भिक्षुक कहते हैं ॥१६२॥

दिवा वा यदि वा रात्रावतिथिस्त्वाव्रजेद्यदि ।

तृणभूवारिवाग्भिस्तु पूजयेत्तं यथा विधि ॥ ल०वि०स्मृ० २।१०

कथाभिः प्रीतिमोहत्य विद्यादीनि विचारयेत् ।

संनिवेश्याथ विप्रं तु संविशेत्तदनुज्ञया ॥११॥

यदि योगी तु संप्राप्तो भिक्षार्थी समुपस्थितः ।

योगिनं पूजयेन्नित्यमन्यथा किल्बिषी भवेत् ॥१२॥

पुरे वा यदि वा ग्रामे योगी सन्निहितो भवेत् ।

पूज्या नित्यं भवन्त्येव सर्वे चैव निवासिनः ॥१३॥

तस्मात्संपूजयेन्नित्यं योगिनं गृहमागतम् ।

तस्मिन्प्रयुक्ता पूजा या साक्षयायोपकल्पते ॥१४॥

विष्णुस्मृति के दूसरे अध्याय में लिखा है कि यदि दिन में या रात्रि में कोई अभ्यागत आजाय तो तृण, भूमि, जल, वाणी से भलीभांति अभ्यागत का

आदर सत्कार करे ॥१०॥ और कथा से संतुष्ट करके ब्रह्म विद्या का विचार करे इसके बाद उनको शयन कराकर उनकी आज्ञा लेकर पीछे आप शयन करे ॥११॥ यदि भिक्षा के लिये योगी आवे तो उसके सामने बैठ कर योगी का नित्य पूजन करे अन्यथा पाप का भागी होता है ॥१२॥ पुर में या ग्राम में यदि योगी आ जाय तो वहां के निवासी सब पूजने योग्य हो जाते है ॥१३॥ इससे यदि योगी घर में आवे तो उसका नित्य पूजन करे उसकी की हुई पूजा अक्षय सुख देने वाली होती है ॥१४॥

भिक्षांच भिक्षवे दद्यात्परिव्राड्ब्रह्मचारिणे ।
अकल्पितान्नादुद्धृत्य सव्यंजनसमन्विताम् ॥ ल० हा० ४।६०
अकृते वैश्वदेवेऽपि भिक्षौ च गृहमागते ।
उद्धृत्य वैश्वदेवार्थं भिक्षां दत्वा विसर्जयेत् ॥६१॥
वैश्वदेवाकृतान्दोषाञ्छक्तो भिक्षुर्व्यपोहितुम् ।
नहि भिक्षुकृतान्दोषान्वैश्वदेवोव्यपोहति ॥६२॥
तस्मात्प्राप्ताय यतये भिक्षांदद्यात्समाहितः ।
विष्णुरेव यतिश्चायमितिनिश्चित्य भावयेत् ॥६३॥

अन्न के विभाग से पूर्व ही भाजी सहित भिक्षा संन्यासी को देवे ॥६०॥ वलि वैश्वदेव करने से पहले यदि ब्रह्मचारी या संन्यासी घर पर चला आवे तो बलिवैश्वदेव के लिये अन्न को निकाल कर भिक्षुक को भिक्षा दे कर बिदा करे ॥६१॥ कारण कि वैश्वदेव कृत जो पाप होता है उसके दूर करने को भिक्षुक समर्थ है और भिक्षुक के निरादर करने से जो पाप होता है उसको वैश्वदेव दूर नहीं कर सकता है ॥६२॥ इससे जो संन्यासी घर पर आवे तो सावधान होकर भिक्षा दे और निश्चय ही संन्यासी को विष्णु भगवान का रूप जाने ।

अतिथिंतत्रसंप्राप्तं पूजयेस्वागतादिना ।
तथासन प्रदानेन पाद प्रक्षालने न च ॥ परा० स्मृ० १।४३
श्रद्धयाचान्नदानेन प्रियप्रश्नोत्तरेण च ।
गच्छतश्चानुयानेन प्रीतिमुत्पादयेद्गृही ॥४४॥

अतिथिर्यस्यभग्नाशो गृहात्प्रतिनिवर्तते ।
पितरस्तस्य नाश्नंतिदशवर्षाणिपंच च ॥४५॥
नपृच्छेद्गोत्रचरणेन स्वाध्यायं श्रुतंतथा ।
हृदये कल्पयेद्देवं सर्वदेवमयोहि सः ॥४८॥
अपूर्वः सुव्रतीविप्रोह्यपूर्वश्चातिथिस्तथा ।
वेदाभ्यासरतोनित्यं त्रयोऽपूर्वे दिनेदिने ॥४६॥
वैश्वदेवेतु संप्राप्ते भिक्षुके गृहमागते ।
उद्धृत्यवैश्वदेवार्थं भिक्षांदत्वाविसर्जयेत् ॥५०॥
यतिश्चब्रह्मचारी च पक्कान्नस्वामिनावुभौ ।
तयोरन्नमदत्वा च भुक्त्वा चान्द्रायणंचरेत् ॥५१॥
दद्याच्चभिक्षात्रितयं परिव्राड्ब्रह्मचारिणाम् ।
इच्छयाच ततोदद्याद्विभवे सत्यवारितम् ॥५२॥
यतिहस्ते जलंदद्याद्भैक्षंदद्यात्पुनर्जलम् ।
तद्भैक्षंमेरुणातुल्यं तज्जलं सागरोपमम् ॥५३॥
यस्यच्छत्रं हयश्चैव कुंजरारोहमृद्धिमत् ।
ऐन्द्रस्थानमुपासीत तस्मात्तं न विचारयेत् ॥५४॥
वैश्वदेवकृतंपापं शक्तोभिक्षुर्व्यपोहितुम् ।
नहि भिक्षुकृतं दोषं वैश्वदेवोव्यपोहति ॥५५॥

पाराशरस्मृति के पहले अध्याय में लिखा है कि जो अतिथि अपने स्थान पर आवे तो उसका कुशल पूछ कर आसन दे, चरण धोकर पूजन करे ॥४३॥ और श्रद्धा से भोजन कराकर प्रेम सहित ज्ञान संम्बन्धी प्रश्नोत्तर करे और जिस समय अतिथि जाने लगे तो गृहस्थ को उचित है कि कुछ दूर तक पहुँचा कर प्रीति उत्पन्न करे ॥४४॥ जिसके यहाँ से अतिथि निराश होकर चला जाता है उसके पितर पन्द्रह वर्ष तक उसके दिये हुए अन्न जल को नहीं ग्रहण करते

हैं ॥४५॥ अतिथि से गोत्र आचरण तथा आपने किन किन शास्त्रों को पढ़ा या श्रवण किया है इत्यादि बातें न पूछे कारण कि अतिथि देव स्वरूप है उसे देवता के समान जानकर पूजन करना उचित है ॥४८॥ व्रत में रत ब्राह्मण तथा नित्य वेदाभ्यासी और अतिथि ये तीनों दिन दिन अपूर्वही हैं इससे इन तीनों का सम्मान सदा करना उचित है ॥४९॥ बलिवैश्वदेव करने के समय यदि कोई भिक्षुक आ जाय तो वलिवैश्वदेव के लिये अलग अन्न रखकर शेष अन्न में से भिक्षुक को भिक्षा देकर बिदा करे ॥५०॥ संन्यासी और ब्रह्मचारी ये दोनों पक्वान्न भिक्षा के अधिकारी हैं, इनको बिना भोजन दिये हुए जो भोजन करता है वह चान्द्रायण व्रत के करने से शुद्ध होता है ॥५१॥ तीन भिक्षा संन्यासी और ब्रह्मचारी को अवश्य देना चाहिये यदि अधिक एश्वर्यवान हो तो निरंतर इच्छानुसार भिक्षा दे ॥५२॥ भोजन समय में पहले संन्यासी के हाथ में जल दे इसके पीछे भिक्षा दे और फिर जल दे यह क्रम है वह भिक्षा अन्न सुमेरु पर्वत के तुल्य हो जाता जाता है और वह जल समुद्र के सामान हो जाता है ॥५३॥ जिस संन्यासी के पास छाता, हाथी, घोड़ा आदि वाहन हों और वह इन्द्र के स्थान का अनुभव करता हो तो भी उस संन्यासी का सम्मान करना ही चाहिये क्योंकि पूज्य हैं ॥५४॥ भिक्षुक के सम्मान करने से बैश्वदेव की विधियों में यदि कुछ पाप हुआ तो शान्त हो जाता है परन्तु भिक्षुकृतदोष को वलिवैश्वदेव नहीं दूर कर सकता है ॥५५॥

आश्रमे तु यतिर्यस्य मुहूर्तमपि विश्रमेत् ।
किंतस्यान्येन धर्मेण कृत कृत्योहिजायते ॥ दक्षस्मृ० ७।४४
संचितं यद्गृहस्थेन पापमामरणान्तिकम् ।
स निर्दहति तत्सर्वमेकरात्रोषितोयतिः ॥४५॥
ध्यानयोगपरिश्रान्तं यस्तु भोजयते यतिम् ।
अखिलं भोजितं तेन त्रैलोक्यं सचराचरम् ॥ ४६॥

दक्षस्मृति के सातवें अध्याय में लिखा है कि जिसके आश्रम में संन्यासी एक मुहुर्त भी ठहर जाय तो उसको अन्यधर्म का प्रयोजन क्या है ? वह उससे

ही कृतार्थ हो जाता है ॥४४॥ गृहस्थ अपने शरीर में जो पाप संचय किये रहता है, संन्यासी उसके घर में एक रात्रि निवास कर के उसके सम्पूर्ण पापों को नष्ट कर देता है ॥४५॥ जो मनुष्य ध्यान योग के श्रम से परिश्रान्त संन्यासी को भोजन कराता है, वह चराचर सहित त्रैलोक्य के भोजन कराने का जो फल होता है उस फल को पाता है ॥४६।

भिक्षांसत्कृत्ययोदद्याद्विष्णुरूपायभिक्षवे ।
कृत्स्नां वा पृथिवींदद्यात्तेनतुल्यंनतत्फलम् ॥ अत्रि०

जो सत्कार पूर्वक त्रिदण्डी संन्यासी को भिक्षा कराता है उसके फल के बराबर समस्त पृथिवी दान देने वाले को नहीं होता है ।

यतिभिः पूज्यमानैस्तु सर्वदेवाः सुपूजिताः ।
अपमानेकृतेतेषांदेवाः सर्वेऽपमानिताः ॥ स्कन्द पु०
योवैयतीननादृत्यभोजयेदितरान्द्विजान् ।
विजानन्वसतिग्रामेकव्यंतद्यातिराक्षसान् ॥
अलाभेध्यानभिक्षूणांभोजयेद्ब्रह्मचारिणाम् ।
तदलाभेऽप्युदासीनं गृहस्थमपिभोजयेत् ॥
सदोषं निर्गुणं वापियतिपुत्रं न कीर्तयेत् ।
अज्ञानात्कीर्तयेद्यस्तु सयाति नरकं ध्रुवम् ॥
येनापमानितोभिक्षुस्तेनाहं चापमानितः ।
हरिर्ब्रह्मादयोदेवाः पितरोमुनयस्तथा ॥
आगच्छन्तिसुराः सर्वे ऋषयोमुनि पुंगवाः ।
तीर्थानिक्रतवः सर्वे भिक्षुके गृहमागते ॥
यतिर्यस्य गृहस्थस्य सन्तुष्टोवसति गृहे ।
तुष्टोभवति दैत्यारिर्यावदाभूत संप्लवम् ॥
येनमन्तियतिंदूरादृष्ट्वाकाषायवाससम् ।

राजसूयफलावाप्तिस्तेषांभवति पुत्रक ॥
यतिरूपेणसर्वत्र विष्णुः पर्यटते महीम् ।
भक्तानामनुकम्पार्थंमहद्धर्मविवृद्धये ॥
यदाकारयतिस्नानंयतीनां योद्विजोत्तमः ॥
स्नानजंलभतेपुण्यं गङ्गायाः शतवार्षिकम् ।
कौपीनाच्छादनंदण्डं बहिर्वासश्चपादुके ।
योददाति यथा शक्त्या पुण्यं तस्य वदाम्यहम् ॥
दत्तंवाजि सहस्रं तु मातङ्गानां शतत्रयम् ।
गोयुतस्य सहस्रस्य फलं प्राप्नोति मानवः ॥
कौपीनाच्छादनं पात्रं भिक्षुकेभ्यः प्रयच्छति ।
वाजपेय समं पुण्यंविष्णुमुद्दिश्ययत्कृतम् ।
ध्यानभिक्षुमतिक्रम्यमद्यन्यं भोजयेद्गृही ।
नतत्फलमवाप्नोति सर्वं गोत्रं प्रतापयेत् ॥
संन्यास दिवसे यस्य यतिर्भैक्षं समाचरेत् ।
पुत्रं सलभते श्रेष्ठं सफलं तस्य जीवितम् ॥
द्वितीय दिवसेऽप्येवं तृतीयेप्येवमेवहि ।
अतस्त्रिदिनमध्येतु यतिर्भोज्यः प्रयत्नतः ॥

संन्यासी की पूजा करने से सब देवता पूजे जाते हैं और संन्यासी के अपमान करने से सब देवताओं का अपमान हो जाता है। जो संन्यासी का अनादर करके अन्य ब्राह्मणों को भोजन कराता है उस अज्ञानी के कव्य को राक्षस ग्रहण करते हैं। संन्यासी के अभाव में ब्रह्मचारी को भोजन करावे और ब्रह्मचारी न मिले तो गृहस्थ को भोजन करावे। दोषयुक्त और गुण से रहित भी संन्यासी को पुत्र न कहे अज्ञान से पुत्र कहता है वह निश्चय करके नरक में जाता है। जिसने संन्यासी का अपमान किया वह परमात्मा का और इन्द्र ब्रह्म आदिक देवताओं का तथा पितरों का और मुनियों का अपमान कर चुका

और जिस घर पर संन्यासी आता है वहां पर सब देवता ऋषी तीर्थ और यज्ञ सब आते हैं। जिस गृहस्थ के घर पर संतुष्ट संन्यासी निवास करता है उसके ऊपर प्रलय पर्यन्त परमात्मा प्रसन्न रहता है। जो काषाय वस्त्रवाला संन्यासी को दूर से देख कर नमस्कार करता है वह राजसूय यज्ञ के फल को पाता है। संन्यासी के रूप से विष्णु भगवान् भक्तों की रक्षा के लिये और धर्म्म को बढ़ाने के लिये सर्वत्र पृथ्वी पर भ्रमण करते हैं। जो ब्राह्मण संन्यासी को स्नान कराता है वह सौ वर्ष गङ्गा स्नान करने के फल को पाता है। जो यथा शक्ति कौपीन, कटिवस्त्र, त्रिदण्ड, चादर, खराऊं, संन्यासी को देता है उसके फल को कहता हूँ। हजार घोड़ा दान देने का तथा तीन सौ हाथी और दश हजार गौ के दान देने के फल को वह मनुष्य प्राप्त करता है। जो कौपीन का वस्त्र और कमण्डलु संन्यासी के लिये देता है वह वाजपेय यज्ञ के समान पुण्य को पाता है। यदि गृहस्थ प्राप्त त्रिदण्डी संन्यासी को छोड़कर दूसरे को भोजन करावे तो उसके फल को नहीं पाता है और समस्त गोत्र को सन्ताप देता है। जिस दिन संन्यास लिया जाता है उस दिन संन्यासी को जो भिक्षा कराता है वह उत्तम पुत्र पाता है और उसका जीवन सफल हो जाता है। दूसरे और तीसरे दिन भी वैसाही पुण्य प्राप्त होता है इससे तीन दिन संन्यासी को जरूर भोजन कराना चाहिये।

सर्वेषामपराधानां यतिनिन्दा गरीयसि।
यतिर्नारायणः साक्षात्तस्मात्तां परिवर्जयेत् ॥ हारीत०

सब अपराधो में संन्यासी की निन्दा बड़ा अपराध है। संन्यासी साक्षात् नारायण स्वरूप है इससे संन्यासी की निन्दा न करे।

यतिदर्शन मात्रेण पापराशिर्विलीयते।
भोजनाच्छादनंदत्वा स हि स्वर्गमवाप्नुयात् ॥

संन्यासी के दर्शन मात्र ही से पाप के समूह नष्ट हो जाते हैं और जो भोजन वस्त्र देता है स्वर्ग को पाता है।

यतीनां पादयोः सम्यग्विष्णुसूक्ते नसिञ्चति।
ते नरा विष्णुसायुज्यं प्राप्नुवन्ति न संशयः ॥ नारद०

जो मनुष्य संन्यासी के दोनों चरणों को विष्णु सूक्त से अभिषिञ्च न करता है वह त्रिपाद विभूति को प्राप्त करता है इसमें संशय नहीं है।

शुष्कमन्नं पृथक्पाकं यो यतिभ्यः प्रयच्छतिः ।
समूढोनरकं याति तेन पापेन कर्मणा ॥ बृद्धयाज्ञव०
यतिभ्यः श्रद्धयादद्याद्भिक्षां पात्र प्रपूरणीम् ।
न क्षीयते च तत्तस्यकल्पकोटिशतैरपि ॥
भिक्षाकालेयतिर्यस्य गृहं प्राप्तोयदाभवेत् ।
देयाः सर्वे रसास्तस्मै आत्मनः शुभमिच्छता ॥
पूरयित्वा हविष्येण यतये यः प्रयच्छति ।
पात्रं सउद्धरेत्पूर्वानपियेनरकाश्रिताः ॥
यावन्ति यति पात्राणि यावच्चान्नं प्रयच्छति ।
तावद्वर्ष सहस्राणि स्वर्गलोगे महीयते ॥

जो सूखा अन्न और पृथक् पाक बनवा कर संन्यासी के लिये देता है वह मूढ़ उस पाप कर्म से नरक में जाता है। जो श्रद्धा से संन्यासी को भिक्षा कराता है वह करोड़ कल्पान्त तक भी क्षय नहीं होता है। भिक्षा के समय यदि संन्यासी घर पर चला आवे तो अपने कल्याण की इच्छा से संन्यासी के लिये सब रस दे। जो संन्यासी को हविष्य भोजन कराता है और नया कमण्डलु देता है तो नरक में पड़े हुए अपने पूर्वजों को जितना पात्र और जितना अन्न संन्यासी के लिये देता है उतना हजार वर्ष स्वर्गलोक में निवास करता है।

आसनंशयनं यानंयतिंदृष्ट्वा नयस्त्यजेत् ।
समृतोऽपिहिदुष्टात्माश्वयोनावेवजायते ॥
दुर्वृत्तोवा सुवृत्तोवायतौनिन्दां न कारयेत् ।
यतीन्वैदूषमाणस्तु नरकंयाति दारुणम् ॥
यतिहस्तागतं द्रव्यं गृह्णीयाज्ज्ञानतोयदि ।
अधः स नयतेमूढः कुलानामेकविंशतिम् ॥

जो संन्यासी को देख कर आसन, शयन और विमान को नहीं छोड़ता है वह दुष्टात्मा मरने पर कुत्ता की योनी में जन्म लेता है। अच्छा या बुरा आचरण वाला संन्यासी हो परन्तु उसकी निन्दा न करे क्योंकि संन्यासी की

निन्दा करने से दारुण नरक में जाता है। जो संन्यासी के हाथ में गये हुए द्रव्य को अज्ञान से ले लेता है वह मूढ़ अपने इक्कीस कुल को नरक में ले जाता है।

ब्रह्मचारियतिनांच वपनं यस्तु कारयेत्।
नखकर्मादिकुर्वाणश्चक्षुष्माञ्जायते नरः॥ सवर्त०

जो मनुष्य ब्रह्मचारी और संन्यासी का चौर, नख का कर्म आदिक करवाता है वह नर चक्षुष्मान् होता है।

व्याधितानांतु भिक्षूणां कुर्यादाराम मण्डपम्।
पथ्याद्यैः परिचर्यां च भेषजैर्यउपाचरेत्॥ क्रतुस्मृ०

किंतस्यान्येन धर्मेण स्वर्गेसोऽमृतपोभवेत्।
यतिप्राप्यं प्राप्यलोकं सोऽनन्त सुखमश्नुते॥
अदुष्टापतितं विप्रं यतिर्यः परिवर्जयेत्।
सतस्मैसुकृतं दत्वादुष्कृतं प्रतिपद्यते॥
तथैव च गृहस्थस्यनिराशोभिक्षुकोव्रजेत्।
इष्टंदत्तं तपोऽधीतं सर्वमादाय गच्छति॥
यतिर्यस्य गृहेभुङ्क्ते तस्यभुङ्क्ते स्वयंहरिः।
हरिर्यस्य गृहेभुङ्क्ते तस्य भुङ्क्तेजगत्त्रयम्॥
बटौतुसमदत्तं स्याद्गृहस्थे द्विगुणं स्मृतम्।
वानप्रस्थे शतगुणं यतौदत्तमनन्तकम्॥
कुर्यादावसथं यस्तुदद्याद्वा यतयेऽण्वपि।
ज्ञानिने तु विशेषेण सयातिब्रह्मणः पदम्॥
चातुर्मास्यं यतीनांतु यः कारयतिधर्मवित्।
सयात्यैहिकमैश्वर्यमामुष्मिक सुखं महत्॥

यो मनुष्य रोगी संन्यासी के रहने के लिये मण्डप बना देता है और औषधि तथा पथ्य आदि से जो सेवा करता है। उसको अन्य धर्म से क्या

प्रयोजन है। मरने पर वह स्वर्ग को प्राप्त करता है अथवा संन्यासियों के लोक को पाकर अनन्त सुख को भोगता है। जो संन्यासी कुलीन शुद्ध आचरण वाले ब्राह्मण को छोड़ देता है वह उसके लिये अपना पुण्य देकर उसके पाप को ग्रहण करता है। और जिस गृहस्थ के घर से निराश होकर संन्यासी चला जाता है उसके यज्ञ, तप, दान, पाठ पूजा आदिक सब ले लेता है और अपना पाप उसको दे देता है। जिसके घर पर संन्यासी भोजन करते हैं उसके घर पर स्वयं नारायण भोजन करते हैं और जिसके घर पर नारायण भोजन करते हैं उसके घर पर तीनों लोक के रहने वाले भोजन करते हैं। बटु को दिया हुआ बराबर और गृहस्थ को दिया हुआ सौ गुना और संन्यासी को दिया हुआ अनन्त गुना प्राप्त होता है। जो मनुष्य विशेष करके ज्ञानी संन्यासी के लिये गृह बना देता ह और अणुमात्र भी कुछ दे देता है वह मोक्षस्थान को पाता है। जो धर्मवित संन्यासी को चतुर्मास्य कराता है वह ऐहिक ऐश्वर्य्य और आमुष्मिक महत सुख को प्राप्त करता है।

ओम् पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते पूर्णस्य पूर्णमादाय-पूर्णमेवावशिष्यते ॥ ओं शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

श्रीवत्सवंशकलशोदधिपूर्णचन्द्रम्
श्रीकृष्णसूरिपदपंकजभृङ्गराजम् ।
श्रीरङ्गवेङ्कटगुरूत्तमलब्धबोधम्
भक्त्याभजामिगुरुवर्य्यमनन्तसूरिम् ॥

इति श्रीमद्वेदमार्गप्रतिष्ठापनाचार्यउभयवेदान्तप्रवर्तकाचार्यश्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यसत्सम्प्रदायाचार्यजगद्गुरुभगवदनन्तपादीयश्रीमद्विष्वक्सेनाचार्यत्रिदण्डिस्वामिसम्पादितयतीन्द्रधर्ममार्तण्डका
द्वादश-उल्लास तथा ग्रन्थ भी समाप्त हुआ।

पुस्तक मिलने का पता :—

(१) श्रीलक्ष्मीनारायण मन्दिर, चरित्रवन, बक्सर, भोजपुर (बिहार)

(२) श्रीकोसलेशसदन, कटरा मुहल्ला, केकईघाट, अयोध्या (फैजाबाद)

(३) श्रीशिवनन्दनशर्मा, मोकाम-खड़ावखुर्द, पोस्ट अन्धारि, जि० भोजपुर (आरा)

जय प्रेस, छपरा—१९७२